
अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 78 हजार के पार - 12


अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक - 12


अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव - 13



कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं - 14

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.45
सूर्यास्त 06.39


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 08:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 50, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## बिहार के 24वें मुख्यमंत्री



पटना। सम्राट चौधरी ने बुधवार को भाजपा के पहले और बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने लोकभवन के राजेंद्र मंडपम में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा जदयू के विजय चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्राट चौधरी को बधाई दी और कहा कि उनकी ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी स्तर का अनुभव राज्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### गृह समेत 26 विभाग संभालेंगे सम्राट

सम्राट चौधरी ने अपने पास गृह, सतर्कता, राजस्व एवं भूमि सुधार और स्वास्थ्य समेत करीब 26 विभाग रखे हैं। विजय कुमार चौधरी को 10 और बिजेंद्र प्रसाद यादव को आठ विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

## सीबीएसई : 10वीं के नतीजे घोषित, बेटियां इस बार भी आगे

- कुल 93.7 प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण इनमें लड़कियों का प्रतिशत 94.99 और लड़कों का 92.69
- 55,000 से अधिक छात्रों ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत से अधिक अंक

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10 की पहली बोर्ड परीक्षा में 93.70 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 55,000 से अधिक छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल 2.20 लाख से अधिक छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 1.47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को 'कम्पार्टमेंट' श्रेणी में रखा गया है।

परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इस बार 94.99 प्रतिशत छात्राएं परीक्षा में उत्तीर्ण हुई हैं। लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.69 रहा और उभयलिंगी अभ्यर्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.50 रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुरूप, सीबीएसई ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित करना शुरू किया है। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में आयोजित की गई और दूसरी मई में निर्धारित है। छात्रों के लिए पहली परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य था। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, परंपरागत रूप से कक्षा 10वीं के परिणाम मई के मध्य में घोषित किए जाते हैं लेकिन इस वर्ष सीबीएसई ने रिकॉर्ड समय में लगभग 1.6 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया और परिणाम सामान्य से एक महीने पहले घोषित किया जा रहा है।



परिणाम घोषित होने के बाद बरेली के जीआरएम स्कूल में जश्न मनाते छात्र-छात्राएं। ● हरदीप सिंह टोनी

### केंद्रीय विद्यालय शानदार

केंद्रीय विद्यालयों का उत्तीर्ण प्रतिशत सर्वाधिक 99 .57 प्रतिशत दर्ज किया गया। नवोदय विद्यालय 99 .42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93 .77 प्रतिशत रहा, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 91 .01 प्रतिशत दर्ज किया गया। त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्रों ने 99 .79 प्रतिशत के साथ सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जबकि गुवाहाटी क्षेत्र का उत्तीर्ण प्रतिशत सबसे कम 85 .32 प्रतिशत रहा। दिल्ली का उत्तीर्ण प्रतिशत 97 .38 प्रतिशत दर्ज किया गया।

# परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष ने कसी कमर संसद के विशेष सत्र में घमासान के आसार

### इंडिया गठबंधन की बैठक में विपक्ष का महिला आरक्षण के समर्थन और परिसीमन पर विरोध का फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला आरक्षण के लिए लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को शुरू होने जा रहे संसद के विशेष सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़ा घमासान होने के मैदान तैयार हो गया है। बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के दलों ने इस मुद्दे पर संयुक्त बैठक की और आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को हथियार बनाकर सरकार परिसीमन की मंशा पूरी करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। विपक्ष ने एलान किया कि वह महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में है लेकिन परिसीमन के प्रावधानों का पुरजोर विरोध करेगा।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई विपक्षी दलों की बैठक में नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पर विस्तार से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि वे सभी परिसीमन के प्रावधानों के खिलाफ एकजुट होकर वोट करेंगे। बैठक के बाद खरगे ने कहा, हम सभी महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में हैं। हालांकि जिस तरह से इसे लाया गया है, वह संदिग्ध है और हमें इस पर गंभीर आपत्ति है। यह राजनीति से प्रेरित है। मोदी सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने और दबाने के लिए इस तरह से काम कर रही है।

उन्होंने कहा, हमने महिला आरक्षण विधेयक का लगातार समर्थन किया है और इस बात पर जोर दिया है कि इसे पहले पारित संशोधन के आधार पर लागू किया जाना चाहिए। खरगे ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर सरकार गलत मंशा के साथ कदम बढ़ा रही है। इसलिए सभी विपक्षी दल एकजुट होकर संसद में संघर्ष करने जा रहे हैं।



**भाजपा ने बनाई मानव श्रृंखला, रैली निकाली**

नई दिल्ली। भाजपा और भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधनों के समर्थन में बुधवार को कनॉट प्लेस में महिला बाइक रैली निकाली और मानव श्रृंखला बनाई। देश के कई और राज्यों में महिला आरक्षण के समर्थन में भाजपा की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### लोकसभा में चाहिए दो-तिहाई बहुमत, राजग के पास नहीं

संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए सदन में मौजूद सदस्यों की संख्या के दो तिहाई के समर्थन की जरूरत होती है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास लोकसभा में फिलहाल यह आकड़ा उपलब्ध नहीं है।

### ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं मोदी : राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला आरक्षण के नाम पर ओबीसी का हिस्सा चोरी करना चाहते हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधि है। राहुल ने बुधवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो वह वर्तमान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कर सकती है। परिसीमन भी नई जनगणना के आधार पर होना चाहिए, क्योंकि उसमें ओबीसी की आबादी का आंकड़ा होगा। राहुल ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करती है, लेकिन सरकार इसके नाम पर कुछ और करना चाहती है। यह अब तक की बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

### प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, मायावती का समर्थन

पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और बसपा की प्रमुख मायावती ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन की पहल का स्वागत किया है। पाटिल ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन कानून औपचारिक रूप से महिलाओं की अपार क्षमता को पहचान देगा। मीरा कुमार और मायावती ने कहा कि भले ही लंबा इंतजार रहा हो, लेकिन देश के विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन लंबे संघर्ष के बाद एक सुखद अंत होगा।

## चलती ट्रेन में गोलीबारी सात लाख रुपये लूटे

संवाददाता बिलासपुर/रुद्रपुर

- काठगोदाम-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बिलासपुर में हुई वारदात
- आरपीएफ व जीआरपी उत्तराखंड यूपी की टीमों ने की संयुक्त कांबिंग

अमृत विचार : हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने बुधवार दिनदहाड़े संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सात लाख रुपए लूटकर यूपी-उत्तराखंड पुलिस को बड़ी चुनौती दे डाली। बदमाशों ने दिल्ली जा रहे रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड) के ऑटो पार्ट्स कारोबारी के दो कर्मियों को बिलासपुर में निशाना बना डाला। लूटपाट कर बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी जपनीत ऑटो स्पेयर पार्ट्स के स्वामी मंजीत सिंह गगनेजा के दो कर्मचारी रितिक मंडल और साहब सिंह सुबह करीब दस बजे सात लाख रुपये लेकर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन जब बिलासपुर क्षेत्र में पहुंची तो बिलासपुर रेलवे स्टेशन से करीब एक किमी पहले तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में ही सात लाख रुपये लूट लिए। स्टेशन से पहले तीव्र मोड़ के चलते जैसे ही ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई तो बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

पीड़ित कर्मियों की सूचना पर मंजीत सिंह के साथ रुद्रपुर से व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी बिलासपुर जीआरपी चौकी पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उधर, रेलवे और सिविल पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ितों से पूछताछ के बाद बदमाशों की तलाश में संयुक्त कांबिंग अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जीआरपी चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।


घटना के बारे में बताते मंजीत सिंह।

## ब्रीफ न्यूज

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका, अंतरिम जमानत पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत देने के तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां की शिकायत से संबंधित है। खेड़ा ने रिंकी पर गंभीर आरोप लगाए थे। असम पुलिस की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि तेलंगाना हाईकोर्ट के पास इस मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल एस चांदुरकर की पीठ ने स्पष्ट किया कि खेड़ा असम की उचित अदालत से राहत मांगने के लिए स्वतंत्र हैं।

### जनगणना : आठ राज्यों केंद्रशासित क्षेत्रों में आज से मकान सूचीकरण

नई दिल्ली। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य गुरुवार को आठ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में शुरू होगा। गृह मंत्रालय के अनुसार अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एवं दिल्ली छावनी बोर्ड क्षेत्र में एचएलओ अभियान कल शुरू होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में 15 दिन स्वगणना की अवधि के बाद मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ की जा रही है जो 15 मई को पूरी होगी।

## पंतनगर-नौकुचियाताल हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



हेलीकॉप्टर को रवाना करते विधायक, डीएम और एयरपोर्ट अधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

- देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल पंतनगर रहेगा हवाई रूट

अमृत विचारः उड़ान योजना में पवन हंस कंपनी द्वारा पंतनगर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू कर दी गई। विधायक शिव अरोरा और जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को पंतनगर एयरपोर्ट से नौकुचियाताल के लिए इसका शुभारंभ किया। हेलीकाप्टर में दो कैप्टन और पांच यात्री सवार रहे।

विधायक अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में देहरादून, अल्मोड़ा, नैनीताल, पंतनगर के लिए प्रारंभ इस हेली सेवा से पर्वतीय क्षेत्र, नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यह पहल आम नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती व विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि, हेली सेवा से सुविधा मिलने के साथ समय की भी बचत होगी। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यह एयरपोर्ट जेवर और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली से जुड़ जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, अनुप गुप्ता, सीएसओ राजकुमार, पवन हंस कंपनी के मैनेजर डीपी आर्या, विनोद तिवारी, अजय कमल, स्टेशन मैनेजर आलिया हैदर, स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन मौजूद रहे।

## लखीमपुर बवाल : दो एफआईआर, 74 नामजद, 400 अज्ञात, 19 गिरफ्तार

बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)। थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज के मोतीपुर में मंगलवार को आंबेडकर प्रतिमा की स्थापना को लेकर हुए बवाल में पुलिस ने उपद्रवियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की है। इनमें से पीड़ित महिला की तरफ से ग्राम प्रधान समेत आठ नामजद, 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जबकि पुलिस की ओर से दर्ज दूसरी एफआईआर में 74 नामजद और 200 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस की सक्रियता और सख्ती के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## देश में अब नक्सल हिंसा प्रभावित कोई जिला नहींः गृह मंत्रालय

नई दिल्ली। केंद्र ने राज्य सरकारों को सूचित किया है कि भारत में वामपंथी उग्रवाद के पांच दशक से अधिक समय के बाद देश में अब कोई भी नक्सली हिंसा प्रभावित जिला नहीं है।

यह घोषणा गृह मंत्रालय ने इस महीने के शुरू में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा के बाद की जो वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए 2015 में तैयार राष्ट्रीय नीति के तहत की गई थी। गृह मंत्रालय ने आठ अप्रैल को नौ राज्यों को जारी आधिकारिक संचार में कहा कि 31 मार्च के बाद हुई सुरक्षा समीक्षा से स्थापित हुआ है कि देश का कोई जिला वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित श्रेणी में नहीं आता है।

## राज्यसभा में उपनेता बने आप सांसद मित्तल के ठिकानों पर ईडी छापे

जालंधर/नई दिल्ली, एजेंसी

- फेमा की जांच के तहत आवासीय और व्यावसायिक परिसरों की ली तलाशी

ईडी ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) की जांच के तहत पंजाब और हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यावसायिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। मित्तल को हाल ही में राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में आप का उपनेता नियुक्त किया गया है।

जालंधर और गुरुग्राम में 10 स्थानों पर फेमा के तहत तलाशी ली गई। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक इसमें फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का परिसर और गुरुग्राम में स्थित टेट्र कॉलेज ऑफ बिजनेस और मास्टर्स यूनियन कॉलेज ऑफ बिजनेस नामक दो संबद्ध शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं। ईडी इन शैक्षणिक संस्थानों के कुछ विदेशी वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।




### केजरीवाल बोले- भाजपा ने शुरू कर दी पंजाब के चुनाव की तैयारी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने छापेमारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा ने इस राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जहां अभी आम आदमी पार्टी की सरकार है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर मान के पोस्ट को टैग करते हुए उनके बयान का समर्थन किया।

### पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की जेड प्लस सुरक्षा वापस ली

चंडीगढ़। राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद जारी तनातनी के बीच पंजाब सरकार ने सांसद राघव चड्ढा की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। चड्ढा पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। पार्टी ने इससे पहले चड्ढा पर अपनी छवि चमकाने और संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज न उठाने का आरोप लगाया था।

**सम्मेलन में संबोधन** | मुख्यमंत्री ने कहा-नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण की दिशा में युगांतकारी कदम

## मातृशक्ति का साहस व समर्पण ही प्रगति का आधार : धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद द्वारा 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार व सशक्तीकरण की दिशा में युगांतकारी कदम है। इसमें महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। महिलाओं की शक्ति, साहस और समर्पण ही हमारे समाज और देश की प्रगति का आधार है।

राज्य महिला आयोग द्वारा बुधवार को राजधानी में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। प्रधानमंत्री ने दूरदर्शी सोच के साथ नारी शक्ति को लोकतंत्र के सर्वोच्च मंचों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। शास्त्रों में कहा गया है कि शिव भी तभी समर्थ हैं जब वे शक्ति से युक्त हों, शक्ति के बिना कोई सृजन या सामर्थ्य संभव नहीं है इसलिए नारीशक्ति के बिना उन्नति की कल्पना असंभव है। आज की महिला खेत में अन्न उगाने वाली किसान, स्टार्टअप खड़ा करने वाली एंटरप्रेन्योर, गांव की पंचायत में विकास योजनाएं बनाने वाली जनप्रतिनिधि से लेकर देश की संसद में नीति निर्धारण की क्षमता रखने वाली सशक्त नेतृत्वकर्ता भी है। सम्मेलन को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने भी संबोधित किया।



सराहनीय कार्य के लिए मातृशक्ति को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### अब शुभारंभ हो गया नए युग का

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तक हमारे देश की आधी आबादी को वो सम्मान नहीं मिल पाया है, जिसकी वो हक़दार है परन्तु अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को सम्मान और अधिकार दिलाने की दिशा में नए युग का शुभारंभ हो चुका है। प्रधानमंत्री ने 2014 में शपथ लेने के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मातृत्व वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन और लखपति दीदी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मातृशक्ति का सम्मान सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य की योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी।

## स्टेट ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने की चुनौती खारिज

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कुलपति की नियुक्ति को नियमों और अधिनियमों के अनुरूप माना है। नवीन प्रकाश नौटियाल की ओर से चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले को सुनने के बाद विगत 11 मार्च को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि कुलपति की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) विनियम, 2018 और केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का उल्लंघन है।

### चार जिलों में 50 स्विफ्ट स्कूल शुरू होंगे

**देहरादून :** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य के चार जिलों में 50 स्विफ्ट स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इन विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक तकनीक युक्त डिजिटल अवसंरचना विकसित होगी। एक हजार छात्र-छात्राओं को लैपटॉप भी मिलेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि चयनित विद्यालयों में पौड़ी व चम्पावत जनपद के 19-19 तथा देहरादून व हरिद्वार जनपद के 6-6 विद्यालय शामिल है। विभागीय अधिकारयों को स्विफ्ट स्कूलों के शीघ्र संचालन के निर्देश दे दिए गए हैं ताकि बच्चों को जल्द से जल्द तकनीकी आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके।

### उपनल प्रकरण में नए निर्देश किए गए जारी

**देहरादून :** अपर सचिव, कार्मिक एवं सर्तकता जीएस रावत ने उपनल के माध्यम से कार्ययोजित कर्मियों के सापेक्ष सीधी भर्ती के रिक्त पदों हेतु अधियाचन भेजने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि विभागों के अन्तर्गत सीधी भर्ती के ऐसे पद, जिनके सापेक्ष सैनिक कल्याण अनुभाग के शासनादेश 3 फरवरी 2026 में जारी दिशा-निर्देशों एवं प्रावधानों के आलोक में उपनल कर्मियों को रखा जाएगा, उन पदों के सापेक्ष सीधी भर्ती के रिक्त पदों के समस्त अधियाचन/प्रस्ताव चयन संस्था/आयोग को भेजने से पूर्व संबंधित विभाग द्वारा कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, न्याय विभाग तथा वित्त विभाग से पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की है कि उक्त व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन किया जाए तथा बिना आवश्यक पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का भर्ती प्रस्ताव अग्रसारित न किया जाए।

### मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर ने कहा- प्रत्येक मंडी में खोले जाएंगे पांच-पांच रिटेल काउंटर

# हर मंडी में रिटेल काउंटरों से दी जाएगी सस्ती सब्जी

- मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने अफसरों की बैठक ली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंडी मंडी परिषद ने सब्जी-फल के आसमान छूते दामों से निजात दिलाने के लिए राज्य की प्रत्येक मंडी में पांच-पांच रिटेल काउंटर लगाने का फैसला किया है। इन काउंटरों में आमजन को सब्जी-फल दिए जाएंगे।

बुधवार को मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सख्त निर्देश हैं कि



मंडी बोर्ड की बैठक लेते अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू। ● अमृत विचार

राज्य में जनता पर महंगाई की मार नहीं पड़नी चाहिए, विशेषकर फल सब्जियों पर तो बिल्कुल भी नहीं। सीएम ने आमजन को फल-सब्जियों में महंगाई से राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड की प्रत्येक मंडी में पांच-पांच रिटेल काउंटर खोले जाएंगे।

इन काउंटरों से जनता को सस्ता एवं उचित मूल्य पर फल-सब्जी एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं मुहैया कराई जाएंगी। डॉ. डब्बू ने सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन तीन सदस्यीय सचल दल का गठन किया जाए जो रोजाना बाजार का भ्रमण करेंगे एवं फल तथा सब्जियों की दैनिक खुदरा दरों का आकलन कर प्रतिदिन बोर्ड मुख्यालय को सूचना उपलब्ध कराएंगे।

यह भी निर्देश दिए कि समिति के अधीन आने वाले क्षेत्र के प्रत्येक खुदरा व्यापारी को लाइसेंस जारी किया जाएगा किसी भी क्षेत्र में आमजन पर मंहगाई की मार नहीं पड़े और उपभोक्ता को सस्ते दरों में माल उपलब्ध हो इसकी चिंता सचल दल करेगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि मोबाईल वैन के माध्यम से भी सस्ती दरों पर उपभोक्ताओं को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। मंडी अध्यक्ष डॉ. डब्बू ने सख्त लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से आम जनता के हित में इस प्रकार के निर्देश दिए गए हैं जिनका कड़ाई से शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

चारधाम यात्रा सीजन एवं पर्यटन सीजन में कहीं भी आम जनता एवं पर्यटकों को महंगी सामग्री बेचता हुआ कोई पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान निदेशक हेमंत वर्मा, महाप्रबंधक निर्मला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# ऋषिकेश से बांग्लादेशी महिला को किया गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

- 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस को मिली गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** ऋषिकेश में फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से रह रही एक बांग्लादेशी महिला को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत गोपनीय सूचना के आधार पर नटराज चौक क्षेत्र में आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी महिला की पहचान बांग्लादेश के ढाका की रीता उर्फ रीना (24) के रूप में की गयी है। रीता ने पूछताछ में बताया कि वह सोशल मीडिया पर रिपोन नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आयी जिसने उसे भारत में नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया। करीब एक माह पूर्व वह उसी के जरिए अवैध रूप से सीमा पार कर भारत आयी थी और अपनी असली पहचान छिपाने के लिए पश्चिम बंगाल में फर्जी कागजात तैयार कर उनके जरिए फर्जी आधार कार्ड बनवाया। 13 अप्रैल को वह बस से दिल्ली से ऋषिकेश आयी थी। पुलिस का कहना है कि महिला के पास से फर्जी आधार कार्ड के अलावा बांग्लादेश का राष्ट्रीय पहचान पत्र, बांग्लादेश नागरिकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खेलों की शारीरिक और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका: सीएम

### सीएम ने किया इंटरस्टेट जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार है। खेलों के माध्यम से अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे जीवन-मूल्य विकसित होते हैं, जो युवाओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को परेड ग्राउंड स्थित बहुद्देशीय क्रीड़ा हॉल में 87वें इंटर स्टेट जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ टेबल टेनिस खेलकर किया। उन्होंने कहा कि, उत्तराखंड के लिए यह गर्व का विषय है कि राज्य को पहली बार इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों का आह्वान किया कि, वे न केवल अपने-अपने राज्यों का बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और संकल्प ही भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



टेबल टेनिस खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### 103 पदक जीतकर बनाया कीर्तिमान

सीएम ने कहा कि, राज्य सरकार भी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के माध्यम से उत्तराखंड को देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि के रूप में स्थापित किया गया है, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में हार और जीत महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि खिलाड़ियों का जज्बा, अनुशासन और आत्मविश्वास ही उन्हें सच्चा विजेता बनाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को नई दिशा मिली है। 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसे अभियानों के माध्यम से भारत ने खेलों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और आज देश वैश्विक मंचों पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।ओलंपिक, पैरालंपिक, एशियाई खेलों एवं कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता प्रधानमंत्री के खिलाड़ियों के प्रति विश्वास, प्रोत्साहन और बेहतर संसाधनों की उपलब्धता का परिणाम है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, अध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद कुलदीप बुटोला, उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा और उत्तराखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन गुरुंग मौजूद रहे।


# 22 को खुलेंगे बाबा केदार धाम के कपाट

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** रुद्रप्रयाग में आस्था और श्रद्धा के महान पर्व के रूप में प्रतिष्ठित श्री बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को प्रातः 08:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चार, विधि-विधान और सनातन परंपराओं के अनुरूप श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

भगवान केदारनाथ की चल-विग्रह डोली अपने शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से भव्य एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। श्री ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में 18 अप्रैल को सायंकालीन आरती के पश्चात पूर्व परंपरानुसार श्री भैरवनाथ पूजा संपादित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 19 अप्रैल को भगवान श्री केदारनाथ की चल विग्रह डोली ऊखीमठ से प्रस्थान कर फाटा पहुंचेगी।

इसके उपरांत 20 अप्रैल को डोली प्रातः फाटा से प्रस्थान कर गौरीकुंड स्थित पवित्र गौरीमाई मंदिर पहुंचेगी और रात्रि विश्राम करेगी। डोली यात्रा के अगले चरण में 21 अप्रैल को प्रातः गौरीकुंड से प्रस्थान कर भगवान की डोली श्री केदारनाथ धाम स्थित मंदिर भंडार पहुंचेगी और धाम में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम प्रारंभ हो जाएगा।



- ऊखीमठ से 19 को चल-विग्रह डोली करेगी बाबा केदार धाम को प्रस्थान, तैयारियां शुरू

22 अप्रैल को प्रातः 08:00 बजे, शुभ मुहूर्त में, वैदिक मंत्रों एवं पूजा-अर्चना के मध्य भगवान केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे, जिसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन ने देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के अनुसार यात्रा की योजना बनाएं, पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस दिव्य यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित बनाएं।

### शांतिपुरी समपार 10 घंटे रहेगा बंद

**देहरादून/बरेली:** किच्छा-पंतनगर रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित शांतिपुरी समपार संख्या 46 स्पेशल पर ओवरहालिंग और पैकिंग काम कराया जा रहा है। 16 अप्रैल की रात आठ बजे से 17 अप्रैल की सुबह छह बजे तक समपार को सड़क यातायात के लिए पूरी तरह से बंद किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि समपार पर ट्रैक की मरम्मत और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए यह काम कराया जा रहा है। वाहनों को वैकल्पिक रास्ते का उपयोग करना होगा।

### वनाग्नि के लिए हो प्रिडिक्शन मॉडल

**देहरादूनः** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बुधवार को वनाग्नि की रोकथाम को लेकर सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक में कहा कि वनाग्नि से सम्बन्धित सभी समितियों एवं स्टेक होल्डर्स के साथ सभी आवश्यक बैठकें प्रतिवर्ष जनवरी तक अनिवार्य रूप से ली जाएं। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगे फायर हाइड्रेंट्स के लिए डेडिकेटेड प्रेशर पाइपलाइन व्यवस्था करने के लिए पेयजल विभाग को शीघ्र प्रस्ताव बनाने व वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के निर्देश दिए।

# न्यायिक अधिकारियों के तबादले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने जिला जज स्तर सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं। इनमें देहरादून, नैनीताल, टिहरी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जैसे प्रमुख जनपदों में अधिकारियों की अदला-बदली की गई है।

रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी स्थानांतरण आदेश के मुताबिक, मजहर सुल्तान चेयरमैन, कमर्शियल टैक्स ट्रिब्यूनल, देहरादून को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उत्तरकाशी, नीना अग्रवाल जज, फैमिली कोर्ट अल्मोड़ा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रुद्रप्रयाग, मोनिका मित्तल को अतिरिक्त प्रधान जज, फैमिली कोर्ट काशीपुर से प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून, महेश चन्द्र कौशिवा-प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून, अंबिका पंत प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रुड़की-एफटीसी/एडीजे (पॉक्सो), ऊधमसिंह नगर, रीना नेगी-एडीजे, कोटद्वार को प्रथम एडीजे, रुड़की, आशुतोष कुमार मिश्रा प्रथम एडीजे, ऊधमसिंह नगर को द्वितीय एडीजे, रुड़की, धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी- रजिस्ट्रार (न्यायिक), हाईकोर्ट को द्वितीय एडीजे, हल्द्वानी, राजू कुमार श्रीवास्तव चतुर्थ एडीजे, हरिद्वार को प्रथम एडीजे, ऊधमसिंह नगर, रजनी शुक्ला-एडीजे (पॉक्सो), देहरादून को एडीजे, कोटद्वार, अंजलि नोलियाल-एडीजे, रानीखेत को एडीजे खटीमा, विवेक श्रीवास्तव-द्वितीय एडीजे, देहरादून को तृतीय एडीजे, देहरादून,सविता चमोली-द्वितीय एडीजे हल्द्वानी को एडीजे (पॉक्सो), हल्द्वानी, मदन राम-तृतीय एडीजे देहरादून को चतुर्थ एडीजे, देहरादून,मंजू सिंह मुंडे-एडीजे खटीमा को एडीजे (पॉक्सो), देहरादून, अंजलि बेंजवाल-चतुर्थ एडीजे, देहरादून को पंचम एडीजे, देहरादून, धीरेन्द्र भट्ट-अतिरिक्त प्रधान जज-द्वितीय फैमिली कोर्ट रुड़की को रजिस्ट्रार (न्यायिक), हाईकोर्ट बनाया गया है। हाईकोर्ट ने सहदेव सिंह को जिला जज रुद्रप्रयाग से हटाकर प्रमुख सचिव (विधायी एवं संसदीय कार्य) के पद के लिए सिफारिश की है। गुरुबख्श सिंह को जिला जज उत्तरकाशी से अध्यक्ष, वाणिज्यिक कर न्यायाधिकरण, उत्तराखंड के पद के लिए और अश्विनी गौड़ अपर सचिव (विधि), उत्तराखंड शासन के लिए अनुशंसित किए गए हैं।

### नहीं रहे भीमताल के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष



**भीमताल :** भीमताल के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर सिंह नेगी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। किशोर सिंह नेगी वर्ष 1988 में नगर पंचायत भीमताल के अध्यक्ष बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपने विनम्र स्वभाव, सरल व्यक्तित्व एवं उत्कृष्ट सामाजिक छवि के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई।

उनके निधन के समाचार से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं आम जनमानस ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। स्वर्गीय किशोर सिंह नेगी अपने पीछे तीन पुत्र, पुत्रवधुएं, नातियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# डॉक्टरों के सेवा बॉन्ड पर हाईकोर्ट का अहम फैसला

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एमबीबीएस के बाद पीजी करने वाले डॉक्टरों के सेवा बॉन्ड को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी छात्र ने एमबीबीएस पूरा करने के बाद और पीजी में प्रवेश लेने से पहले दुर्गम क्षेत्रों में सेवा दी है, तो उस अवधि को उनके पीजी के बाद की अनिवार्य तीन साल की सेवा अवधि में जोड़ा जाएगा। कोर्ट ने पिछले दिनों राज्य सरकार की विशेष अपील को निस्तारित करते हुए यह आदेश दिया। यह मामला तब शुरू हुआ, जब डॉ. मेहुल सिंह गुंज्याल और अन्य ने सरकार के उस नियम को चुनौती दी थी, जिसमें पीजी के बाद फिर से पूरे समय के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में सेवा देने का दबाव बनाया जा रहा था। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि उन्होंने पीजी प्रवेश से पहले ही बॉन्ड के तहत कुछ समय की सेवा दे दी है, जिसे उनकी कुल सेवा अवधि में समायोजित किया जाना चाहिए। इस मामले में पूर्व में एकल पीठ ने भी डॉक्टरों के पक्ष में फैसला सुनाया था।

अदालत की कार्यवाही के दौरान सरकारी आदेशों का हवाला देते हुए बताया गया कि 23 जुलाई 2008 के शासनादेश के अनुसार, एमबीबीएस के बाद 5 वर्ष और पीजी के बाद 3 वर्ष की सेवा अनिवार्य है। यदि कोई डॉक्टर यह सेवा नहीं देता है तो उसे 15 लाख रुपये की बॉन्ड राशि सरकार को चुकानी होगी। याचिकाकर्ताओं में से अधिकांश ने निजी मेडिकल कॉलेजों से पीजी किया था, जबकि एक छात्र ने सरकारी कॉलेज से डिग्री प्राप्त की थी। सरकार ने अपील के दौरान यह आशंका जताई थी कि यदि इस तरह की छूट दी गई, तो बॉन्ड की राशि वसूलने में कठिनाई हो सकती है

सरकार का कहना था कि यदि डॉक्टर पीजी के बाद निर्धारित सेवा देने में विफल रहते हैं, तो सरकार को उनसे बॉन्ड का पैसा लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। इस पर कोर्ट ने स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार की चिंता को भी संबोधित किया।पीठ ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के पास बॉन्ड की राशि वसूलने का अधिकार सुरक्षित रहेगा, बशर्ते याचिकाकर्ता पीजी के बाद आवश्यक सेवा की शर्तों का उल्लंघन करें। हालांकि, राहत की बात यह है कि तीन साल की कुल सेवा अवधि की गणना करते समय, उनके द्वारा एमबीबीएस के बाद दी गई पिछली सेवा को भी गिना जाएगा। यानी अगर किसी ने पहले एक साल सेवा दी है, तो उसे पीजी के बाद केवल दो साल और सेवा देनी होगी। इस फैसले से उन दर्जनों डॉक्टरों को बड़ी राहत मिली है जो उच्च शिक्षा के बाद सरकारी बॉन्ड और पहाड़ों में सेवा की दोहरी शर्तों में फंसे हैं।

### हाईकोर्ट ने मांगी प्रगति रिपोर्ट

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के हल्दूचौड़ में वर्ष 2014 में बनकर तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से छह सप्ताह के भीतर फिर से प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि जो वहां पर कमियां हैं उन्हें भी इस बीच पूर्ण करें। मामले की अगली सुनवाई को कोर्ट ने छह सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

## व्यवस्था

### नियमित अंतराल में बजेगी घंटी, गर्मी में बच्चों का होगा डिहाइड्रेशन से बचाव

# प्रदेश में बढ़ रहा है पारा, स्कूलों में बजेगी वाटर बेल

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी विद्यालयों में नियमित अंतराल पर पानी की घंटी (वाटर बेल) बजाने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी गर्मियों के मौसम में नियमित अंतराल पर पानी पी सके और डिहाइड्रेशन से बचाव सुनिश्चित हो।

ग्रीष्मकाल में हीटवेव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव (सीएस) ने बुधवार को शासन व प्रशासन के साथ उच्चस्तरीय बैठक में विद्यालय के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने, कक्षाओं में पर्याप्त वेंटिलेशन, ओआरएस एवं आवश्यक दवाओं का भंडारण करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

कहा कि विद्यार्थियों को हीट वेव से बचाव सम्बन्धी व्यावहारिक जानकारी देना सुनिश्चित करें। राज्य में बढ़ते तापमान एवं संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। साथ ही, उन्होंने जिलाधिकारियों को गर्मियों के मौसम में जिन भी क्षेत्रों में पानी की किल्लत हो, वहां सभी निर्माण कार्यों पर अस्थायी रोक लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बसों, स्टेशन, बाजार में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।

### तैयार करें हीट वेव एक्शन प्लान

सीएस ने निर्देश दिए कि हीट वेव की चुनौती से निपटने के लिए राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक सभी विभाग समन्वित एवं सक्रिय रूप से कार्य करें। प्रत्येक जिले में हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करते हुए संवेदनशील (हॉटस्पॉट) क्षेत्रों की पहचान करें तथा वहां विशेष निगरानी एवं राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही 24 घंटे-सातों दिन कंट्रोल रूम संचालित कर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। सीएस ने पेयजल की उपलब्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, बस स्टैंड, पंचायत भवनों आदि पर स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### बिजली की रहे निर्बाध आपूर्ति

सीएस ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर निर्देश दिए कि बढ़ती मांग को देखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ट्रांसफार्मर एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक रखें। वर्तमान में गैस आपूर्ति प्रभावित होने के चलते किचन में विद्युत उपकरणों के प्रयोग में वृद्धि हुई है। सामान्य तौर पर गर्मियों में एसी, पंखे, कूलर के कारण विद्युत मांग में वृद्धि रहती है इसलिए बिजली की मांग इस सीजन बढ़ सकती है, लिहाजा उच्च मांग के समय वैकल्पिक योजना तैयार रखते हुए आवश्यक सेवाओं पर प्रभाव न पड़ने दिया जाए।

# शिक्षा मंत्री के आवास का किया घेराव

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** प्रदेश में लगातार बढ़ती स्कूल फीस और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के आवास का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाकर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आरोप लगाया कि कई स्कूल अभिभावकों को निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जिससे कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। कहा कि इस स्थिति से प्रदेश का हर अभिभावक परेशान और असहाय महसूस कर रहा है, जबकि सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। महिला कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करते हुए सरकार से मांग की कि फीस नियंत्रण और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं। ज्योति रौतेला ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस मुद्दे पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो महिला कांग्रेस प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में आशा मनोरमा शर्मा, उर्मिला दढ़ियाल, अंशुल त्यागी, अनीता सकलानी, प्रिया थापा, पायल बहल रहे।



निजी स्कूलों में फीस वृद्धि के खिलाफ धरना प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

## सिटी इंवेट्स

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विभाग की कार्यशाला 10 बजे
- रिफ्यूजी कॉलोनी में इन्कलाब मजदूर केंद्र की प्रेस वार्ता 12 बजे

## सिटी ब्रीफ

### सरकारी शिक्षकों के बच्चों ने मारी बाजी

**हल्द्वानी :** सीबीएसई बोर्ड के 10वीं के परीक्षा परिणाम में कई शिक्षकों के बच्चों ने बाजी मारी है। बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करने वाले किसी बच्चे के माता-पिता सरकारी व निजी स्कूल में शिक्षक हैं तो किसी के माता-पिता कॉलेज में प्रोफेसर हैं। खासकर सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के बच्चों ने निजी स्कूल में अपने शानदार प्रदर्शन से धाक जमाई है। इंस्पिरेशन स्कूल के देवांश जोशी ने बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। आदर्श कॉलोनी मुखानी में रहने वाले देवांश के पिता हरेंद्र जोशी एमबीपीजी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, जबकि माता हेमा जोशी सेंट थेरेसा में टीचर हैं। देवांश ने बताया कि वह सालभर पढ़ाई में कंसिस्टेंसी बनाए रखते हैं। मैथ्स और साइंस उनके फेवरिट सब्जेक्ट हैं। उन्होंने मैथ्स में प्रैक्टिस पर ध्यान दिया। देवांश ने बताया कि परीक्षा से कुछ समय पहले उन्होंने अपना फोकस पढ़ाई पर बढ़ा दिया था, जिससे रिजल्ट अच्छा रहा। इंस्पिरेशन की ही रमनिका जोशी और स्मृति सिंह ने भी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।

# नैनीताल में सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट शानदार

## पार्वती प्रेमा जगाती स्कूल के आर्यमान अग्रवाल बने नगर टॉपर, अन्य स्कूलों का प्रदर्शन भी रहा बेहतर

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित होने के बाद खुशी मनाते बिरला विद्या मंदिर के छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी नैनीताल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्र आर्यमान अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में पहला स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय के निष्कर्ष अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर बिरला विद्या मंदिर के शीर्ष सचान रहे, जिन्होंने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 143 छात्रों में से 52 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में वर्णिता पांडे ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोजम बी ने 96.4 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा भव्या बिष्ट ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। कविता भट्ट ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की 82 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं और सभी उत्तीर्ण रहीं। सेंट जेवियर स्कूल में लक्ष्य पांडे ने 85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अब्दुल एहमद ने 80 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के 14 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण रहे।

विद्यालयों के प्रधानाचार्यों अनिल शर्मा, अनुपमा साह, भुवन चन्द्र त्रिपाठी, ए. इमैन्युअल, डॉ. सूर्य प्रकाश तथा नईम खान ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही नैनीताल जिले में खुशी का माहौल छा गया।

छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। परिणाम जारी होते ही विद्यार्थी स्कूलों और ऑनलाइन माध्यम से रिज़ल्ट देखने में जुटे रहे। कुल मिलाकर इस वर्ष नैनीताल जिले का सीबीएसई 10वीं का परिणाम शानदार रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

**बिरला विद्या मंदिर के शीर्ष ने हासिल किए 97.6% अंक:** बिरला विद्या मंदिर के छात्र शीर्ष ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि स्कूल का परिणाम लगातार शत-प्रतिशत रहा है और विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

**लॉन्गव्यू पब्लिक स्कूल का भी उत्कृष्ट परिणाम:** लॉन्गव्यू पब्लिक स्कूल में केशव शर्मा ने 94.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवांश भट्ट (94%) दूसरे और गर्व रस्तोगी (91.4%) तीसरे स्थान पर रहे। काव्यांश, अर्जुन बिष्ट और देवोजीत सिंह नेगी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया।

**सनवाल स्कूल का 100% परिणाम:** सनवाल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। राशि बाराकोटी ने 97.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदर्श चौधरी (93.2%) दूसरे, कार्तिक बिष्ट और पंकज गुरुरानी (89%) संयुक्त रूप से तीसरे-चौथे स्थान पर रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य ए. इमैनुएल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्कूलों के टॉप थ्री होनहार

### बीएलएम एकेडमी



शिवांश अग्रवाल 99.2 प्रतिशत | दिपांशी गुप्ता 98.8 प्रतिशत | रिशित खोलिया 98.8 प्रतिशत

### इंस्पिरेशन स्कूल



प्रकृति पांडे 99 प्रतिशत | दिग्विजय सिंह अधिकारी 98.6 प्रतिशत | देवांश जोशी 98.4 प्रतिशत

### बीयरशिबा स्कूल



संस्कृति अधिकारी 98.4 प्रतिशत | आशीष तिवारी 97.6 प्रतिशत | गायत्री तिवारी 96.8 प्रतिशत

### ऑर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल



सौरभ जोशी 97.2 प्रतिशत | शशांक कुमार 97.2 प्रतिशत | नमन परिहार 96.2 प्रतिशत

### सिंथिया स्कूल



मानवी शर्मा 97.8 प्रतिशत | निहारिका तिवारी 95.2 प्रतिशत | विशेष पांडे 93.8 प्रतिशत



बिड़ला स्कूल में शिक्षकों के साथ विद्यालय के टॉपर्स। ● अमृत विचार

# बिड़ला स्कूल में शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 225 विद्यार्थियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की।

इस वर्ष विद्यालय की टॉपर अरुणिमा पंत रहीं, जिन्होंने 98.8% अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। अरुणिमा के पिता विवेक कुमार पंत बैंक मैनेजर हैं तथा माता सरिका पंत शिक्षण कार्य से जुड़ी हैं। विद्यालय के परिणामों में उत्कृष्टता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 92 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त जबकि 30 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक हासिल किए हैं। विषयवार उपलब्धियां में 16 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में 100 अंक प्राप्त किए, 2 विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए जबकि 39 विद्यार्थियों ने एआई/आईटी में 100 अंक हासिल किए। प्राचार्य प्रवेश मेहरा, उप-प्राचार्य प्रकाश कुमार, प्रधानाध्यापिका वंदना टम्टा, इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजर सुरेश बाजपेयी, सीनियर सेक्शन हेड मीना नेगी ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### अन्य प्रमुख टॉपर्स

| | |
|---|---|
| नैतिक भट्ट – | 98.2% |
| प्रशस्त तोमर – | 98.2% |
| रिद्ध्यान बिष्ट – | 98.2% |
| मयंक ओझा – | 98% |
| चंचल पढलिया – | 98% |
| ख्याति पंत – | 98% |

### अटल उत्कृष्ट विद्यालय मटियाली का दबदबा

**भीमताल :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय इंटर कॉलेज ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष दीपक चंद्र ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कमल सिंह ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रामनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 2026 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने अपने परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा देगी। परीक्षा में तनय पांचोली ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। श्रेया अगारी ने 97.6 प्रतिशत, कोमल वर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सना और आंशिका ने 95.6 प्रतिशत, अनामिका ने 95.2 प्रतिशत तथा कार्तिक रावत ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



## अभिराज व हर्षिता बने लेक्स इन्टरनेशनल के टॉपर

**भीमताल, अमृत विचार :** लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल का दसवीं कक्षा के 23वें बैच का परीक्षाफल विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र अभिराज सिंह ढैला और हर्षिता जोशी ने 97.60%, दिव्याशी ढैला ने 97.20%, मयंक फुलारा ने 96.80%, स्नेहा वर्मा ने 96.60%, और यथार्थ मेहरा ने 95.80%, अंक प्राप्त कर क्रमश : प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। अभिराज सिंह ढैला ने विज्ञान में, हर्षिता जोशी ने अंग्रेजी और इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी में तथा यथार्थ मेहरा ने भी इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष विद्यालय से 87 विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। जिसमें से 17 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक, 13 विद्यार्थियों ने 80 से 90% के बीच, 19 विद्यार्थियों ने 70 से 80% एवं अन्य विद्यार्थियों ने 60% से ऊपर अंक प्राप्त किए। विषयवार अंग्रेजी में सर्वाधिक 100 हिन्दी में 98, गणित में 95, विज्ञान में 100, समाजिक विज्ञान में 99 एवं आई0टी0 में 100 अंक रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य निदेशक एसएस नेगी एवं प्रबंधक वर्ग ने प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके शिक्षक, अभिभावकों कोबधाई दी।



## शाइनिंग स्टार स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन

**रामनगर।** शाइनिंग स्टार स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कक्षा के लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में विराट शाह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कृष्ण रेखाड़ी ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा पीयूष ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा अनिकेत बिष्ट ने 90 प्रतिशत, आदित्य और स्वरीत ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### सिंथिया की मानवी ने पाए 97.8 फीसदी अंक

**हल्द्वानी :** सिंथिया स्कूल की छात्रा मानवी शर्मा ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। मानवी ने अपनी सफलता का श्रेय टाइम मैनेजमेंट और नियमित रिवीजन को दिया। उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष पढ़ाई की योजना बनाकर तैयारी की और परीक्षा से पहले रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया, जिससे परीक्षा के दौरान दबाव महसूस नहीं हुआ। मानवी ने अंग्रेजी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने पढ़ाई में डिजिटल प्लेटफॉर्म की भी मदद ली। उनकी माता तुलसी शर्मा स्कूल में शिक्षिका हैं, जबकि पिता भूपेंद्र शर्मा नौकरीपेशा हैं। मानवी आगे कंप्यूटर साइंस में करियर बनाना चाहती हैं। वहीं विद्यालय की छात्रा निहारिका ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# परिणाम जारी होते ही छात्र छात्राओं ने मनाया जश्न

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीबीएसई का 10वीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी हुआ। दोपहर परीक्षा परिणाम जारी किए जाने के बाद विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुबह से ही परिणाम का इंतजार कर रहे परीक्षार्थियों को जैसे ही रिजल्ट जारी होने की सूचना मिली, वे स्कूल पहुंचे और वहां जश्न का माहौल बन गया।

हल्द्वानी के 39 परीक्षा केंद्रों में इस साल 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। शहर के अधिकांश स्कूलों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90 से 99 प्रतिशत तक अंक हासिल कर अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया।

छात्र-छात्राएं अपने-अपने स्कूलों में एकत्र हुए, जहां शिक्षकों और अभिभावकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। सिंथिया स्कूल और इंस्पिरेशन स्कूल में विशेष रूप से जश्न का माहौल रहा। यहां विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अपनी सफलता का जश्न मनाया। अभिभावक और शिक्षक भी छात्रों की उपलब्धि पर खुश नजर आए।

### टीचर्स के नोट्स पढ़कर टॉपर बनी प्रकृति

**हल्द्वानी :** एनसीईआरटी व टीचर्स के नोट्स पढ़कर प्रकृति ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़े हैं। इंस्पिरेशन स्कूल की प्रकृति पांडे ने बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

प्रकृति ने बताया कि उन्होंने अच्छे अंक हासिल करने के लिए केवल नोट्स और एनसीईआरटी की किताबों पर ही फोकस किया। यही उनकी सफलता का मुख्य कारण है। बताया कि वह एक दिन में एनसीईआरटी से एक चैप्टर पर फोकस कर उसे कंसाइज करती थी। जिसके बाद ही आगे बढ़ती थी। वह 11वीं में पीसीबी विषय चुनकर स्कूलिंग पूरी करने के बाद मेडिकल के क्षेत्र में जाकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# गर्मी शुरू होने के साथ ही गहरा गया पेयजल संकट

## ओखलकांडा के साल गांव में गुस्साए ग्रामीणों ने दिया धरना



पेयजल संकट के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्राम सभा साल के ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** गर्मी अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। ओखलकांडा की ग्राम सभा साल में ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं प्रमुख राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ग्राम सभा साल की मुख्य सड़क पर धरना दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी नैनीताल और अधिशासी अभियंता जल निगम को समस्या से अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा साल के तोक खालगड़ा में पिछले तीन-चार वर्षों से पेयजल संकट बना हुआ है और वर्तमान में हर घर जल योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पीने के पानी और पशुओं के लिए दूर-दराज से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक से समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया तो वे जिलाधिकारी कार्यालय में उग्र धरना-प्रदर्शन करेंगे। धरना-प्रदर्शन में हेमा देवी, आनंदी देवी, मोती देवी, पुष्पा देवी, केशवी देवी, गोविंद राम, भुवन चंद्र, चंदन राम, दिवान राम, राजेंद्र कुमार आदि रहे।

### मुख्य पेयजल लाइन टूटने से पानी संकट

**भीमताल :** भीमताल के मल्लीताल क्षेत्र में सिडकुल के अंतर्गत जल संस्थान की मुख्य पेयजल लाइन टूट जाने से क्षेत्र में पानी का संकट पैदा हो गया है। सुबह पानी नहीं आने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग ने बाद में वेल्डिंग कर मुख्य लाइन को जोड़ दिया, लेकिन रोस्टर के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। इससे क्षेत्रवासियों को दिनभर पानी के संकट से जूझना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि पेयजल लाइन को जोड़ दिया गया है और गुरुवार से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी। इधर, नगर की पुरानी हो चुकी पेयजल लाइन को बदलने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जल्द ही जल संस्थान और जल निगम के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर पुरानी लाइन को बदलने तथा इसके लिए विशेष बजट की मांग की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या न हो।

## भीमताल में गायों से भरा ट्रक पकड़ा

**भीमताल:** भीमताल के समीप सूर्या गांव जाने वाले मार्ग पर उस समय आक्रोश फैल गया, जब स्थानीय युवकों और ग्रामीणों ने गायों से भरे एक ट्रक को पकड़ लिया।

मनोज भट्ट प्रकाश ने बताया कि ट्रक में 14 गायों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। युवकों ने सभी गायों को ट्रक से मुक्त कराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। भीमताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि ट्रक में क्षेत्र का एक मटन-चिकन कारोबारी भी पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंचायतों को मजबूत बनाने पर जोर

संवाददाता, भीमताल



भीमताल ब्लॉक में आयोजित बैठक में मौजूद नैनीताल जनपद के ब्लॉक प्रमुख।

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले के आठों ब्लॉक प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक भीमताल विकासखंड में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की एकता मजबूत करने, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा पंचायतों को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों में पारदर्शिता, समन्वय और प्रभावशीलता बढ़ाना रहा। ब्लॉक प्रमुखों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि ब्लॉकों में अनावश्यक हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में एकजुट होकर संघर्ष किया जाएगा। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठकों में जिलाधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने पर भी चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुखों ने कहा कि उच्च अधिकारियों की सहभागिता से विकास योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी गठन पर भी चर्चा हुई। तय गया कि अगली बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, मंजू गौड़, डी. रूवाली, मंजू नेगी, मनीषा जंतवाल, भावना आर्य, अंकित साह, दीपक कुमार, संजय नेगी तथा उमेश पलड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे।

# नैनीताल में 215 रसोई गैस सिलेंडर बांटे

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** नगर में गैस संकट के बीच बुधवार को इंडेन गैस एजेंसी द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर कुल 215 घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। हालांकि वितरण के दौरान उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कुछ लोगों ने बैक डोर से सिलेंडर दिए जाने के आरोप भी लगाए।

सुबह से ही डीएसए मैदान समेत अन्य वितरण केंद्रों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। बारिश के बावजूद लोग घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। डीएसए मैदान में सप्लाई वाहन पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग गैस लेने के लिए जमा हो गए थे।गैस लेने पहुंचीं सावित्री देवी ने बताया कि उन्होंने 4 अप्रैल को गैस बुक कराई थी, लेकिन लंबे इंतजार के बाद बुधवार को सिलेंडर लेने आना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में केवल वह और उनके पति रहते हैं, जबकि बच्चे बाहर रहते हैं। इस दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि कतार में लगे लोगों को पर्याप्त सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि कुछ लोगों को पीछे के रास्ते से सिलेंडर दिए जा रहे हैं। अंकिता पांडे ने बताया कि फिलहाल मार्च माह में बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डीएसए मैदान में 60, तल्लीताल धर्मशाला में 50, हंस निवास में 40, पॉलीटेक्निक क्षेत्र में 40 और अमतुल्स क्षेत्र में 25 सिलेंडर वितरित किए गए।

### गैस बुकिंग में गड़बड़ी पर सभासद ने सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल :** नगर पालिका के वार्ड-आठ अयारपाटा के सभासद मनोज साह जगाती ने गैस बुकिंग में आ रही समस्याओं को लेकर पर्वत गैस सर्विस को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के बाद भी डीएसी नंबर प्राप्त नहीं हो रहे हैं। एक से नौ अप्रैल के बीच बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को नंबर नहीं मिला, जबकि नौ अप्रैल के बाद बुकिंग करने वालों को डीएसी नंबर जारी हो गए। उन्होंने कहा कि समस्या विशेष रूप से इंडियन ऑयल ऐप के माध्यम से बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं के साथ सामने आ रही है। सभासद ने जल्द समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्या दूर न होने पर गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty
ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| | **ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL** | | |
| 01 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS | 3 Year |
| 02 | M.Sc. Medical Biochemistry | MBBS | 3 Year |
| 03 | M.Sc. Medical Microbiology | MBBS | 3 Year |
| 04 | M.Sc. Pharmacology | MBBS | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Physiology | MBBS | 3 Year |
| 06 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 07 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 08 | Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| | **INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES** | | |
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY** | | |
| 11 | B. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 12 | D. Pharm | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 13 | M. Pharm (Pharmaceutical Chem) | B. Pharm | 2 Year |
| 14 | M. Pharm (Pharmaceutics) | B. Pharm | 2 Year |
| 15 | M. Pharm (Pharmacology) | B. Pharm | 2 Year |
| 16 | M. Pharm (Pharmacognosy) | B. Pharm | 2 Year |
| 17 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 18 | Bachelor of Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCM/PCB) | 2 Year |
| | **FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)** | | |
| 20 | Bachelor of Physiotherapy | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 21 | Bachelor Operation Theater Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 22 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 23 | B.Sc. in Optometry | 10+2 (PCB) | 5 Year |
| 24 | B.Sc. in Radiological Imaging Techniques | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 25 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 26 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 27 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 28 | Diploma in Medical Lab Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 29 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 30 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 31 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 32 | Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 33 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 34 | Certification in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| | **ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING** | | |
| 35 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 36 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 37 | Nurse Practitoner in Critical Care Post Graduate Residency Program (NPCC) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursinng* | 2 Year |
| 40 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 41 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 42 | M.Sc. Nursing in Community health Nursing | B.Sc. Nursing | 2 Year |
| 43 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 44 | ANM | 10+2 | 2 Year |
| | **BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM** | | |
| 45 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 46 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 47 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 50 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 54 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 55 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 56 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 58 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 61 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 65 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 66 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 67 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |
| | **FACULTY OF FORENSIC SCIENCES** | | |
| 68 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 69 | M.Sc Forensic Science | Graduation in Sci. | 2 Year |
| | **FACULTY OF FINE ARTS** | | |
| 70 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 71 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 2 Year |
| 72 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 73 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 74 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 75 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 76 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153
Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# आपसी संघर्ष में घायल बाघ को ढेला सेंटर भेजा

संवाददाता, रामनगर



बैलपड़ाव रेंज में मिला घायल बाघ।

**अमृत विचार:** आपसी संघर्ष में घायल हुए एक बाघ को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उपचार के लिए ढेला रेस्क्यू सेंटर भेजा है। बाघ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि विशेषज्ञों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है।

जानकारी के अनुसार कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे तराई पश्चिमी वन प्रभाग की बेलपड़ाव रेंज में गश्त के दौरान वनकर्मियों को एक बाघ घायल अवस्था में मिला। बाघ की स्थिति गंभीर देख वन विभाग ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। डॉ. दुष्यंत शर्मा और उनकी टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाघ को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू किया और ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। वन विभाग के अनुसार बाघ आपसी संघर्ष में घायल हुआ है। उसके शरीर पर कई स्थानों पर गहरे घाव मिले हैं, खासकर अगले पैर और गर्दन के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें पाई गई हैं। चिकित्सकों के मुताबिक चोटें दो से तीन दिन पुरानी हैं और उनमें संक्रमण भी फैल चुका है। डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि बाघ की उम्र लगभग सात से आठ वर्ष के बीच है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ के स्वस्थ होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा।

# कुमाऊं आदर्श मोटर समिति के चुनाव संपन्न, डेलिगेट चुने




विजयी प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कुमाऊं आदर्श मोटर यातायात सहकारी समिति लिमिटेड मौलेखाल के चुनाव रामनगर कार्यालय में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। वर्ष 1965 के बाद पहली बार इस सहकारी संस्था के चुनाव मतदान के जरिए कराए गए। इससे पहले चुनाव आपसी सहमति से होते रहे थे।

डेलीगेट चुनने के लिए सुबह 9 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस दौरान अंशधारकों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यालय परिसर में मेले जैसा माहौल रहा। अपर जिला सहकारी अधिकारी पुष्कर सिंह पोखरिया भी मौजूद रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी विजय सिंह, सहायक चुनाव अधिकारी रविंद्र सागर और नीरज कुमार की देखरेख में मतदान और मतगणना संपन्न हुई।

घोषित परिणाम के अनुसार रामनगर क्षेत्र से कमल सिंह, कैलाश रावत, कुबेर दत्त धौलाखंडी, हीरा सिंह, हीरा सिंह घुगत्याल, महिला सीट से अनुपम और राधा देवी विजयी रहे। मानिला क्षेत्र से महिला सीट पर भगवती देवी, मनोज कुमार भट्ट, त्रिभुवन चंद्र और उमेद सिंह डेलीगेट चुने गए। उम्मेद सिंह और बहादुर सिंह को बराबर मत मिलने पर टॉस के जरिए उम्मेद सिंह विजयी घोषित हुए। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ओवरलोडिंग में दो ट्रक सीज

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान ओवरलोडिंग करते दो ट्रकों को सीज कर दिया। देर रात अभियान के दौरान हल्द्वानी की ओर से आ रहे ट्रकों को रोककर जांच की गई, जिसमें चालक दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिखा सके। उप निरीक्षक बबीता ने बताया कि वाहन संख्या यूके 04 सीए 7864 के चालक निर्मल सिंह बिष्ट और यूके 04 सीए 8430 के चालक राजीव सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने आगे भी सख्ती जारी रखने की बात कही।

**सिटी ब्रीफ**

### अग्नि सुरक्षा और बचाव के बताए उपाय

**नैनीताल :** अग्निशमन विभाग ने बुधवार को औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। अभियान का नेतृत्व देवेंद्र सिंह नेगी ने किया। इस दौरान कर्मचारियों को आग से बचाव के उपाय, अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण का उद्देश्य दुर्घटनाओं के नुकसान कम करना और लोगों में सतर्कता बढ़ाना है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**हल्द्वानी :** पुलिस के अनुसार धारी मुक्तेश्वर निवासी 36 वर्षीय सुरेंद्र सिंह बिष्ट को चार अप्रैल को गांव में ही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन जब शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी ले गए तो कर्मचारियों ने रात का हवाला देते हुए मना कर दिया। मामला काबीना मंत्री राम सिंह कैड़ा तक पहुंचा, जिन्होंने तत्काल अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। इसके बाद रात करीब 11 बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# स्मैक तस्कर ऑटो चालक गिरफ्तार

## आरोपी से 221 ग्राम स्मैक बरामद, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 66.30 लाख

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** पुलिस ने नशे पर प्रहार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नशीले पदार्थ सहित पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 221 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया तस्कर ऑटो ड्राइवर है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सभी मामलों का खुलासा बहुद्देश्यीय भवन में किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विजय सिंह नेगी (35) निवासी ग्राम बैड़ा, थाना द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा (हाल निवासी गंगा कॉलोनी, हल्द्वानी) के रूप में हुई है। उसके खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ मुखानी व हल्द्वानी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

बरामद की गई स्मैक का कुल वजन 221 ग्राम और बाजार मूल्य करीब 66 लाख है। आरोपी के पास से 14,520 रुपये नगद भी मिले हैं। आरोपी हल्द्वानी में ऑटो चलाता है। किसी को शक न हो इसलिए वह यह काम करता है। आरोपी आदतन अपराधी है, जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद फिर से अवैध कारोबार में जुट जाता है।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते एसएसपी मंजूनाथ टीसी व पुलिस टीम के साथ आरोपी। ● अमृत विचार

### 11.72 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी :** थाना बनभूलपुरा पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 11.72 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरगलिया रोड से मेराज अली (45) पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी वार्ड नंबर 24, वनभूलपुरा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड में मेराज अली का आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट और चोरी के मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

> 221 ग्राम स्मैक का एक बार में मिलना पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। यह समझें कि हमने एक हजार से ज्यादा युवाओं को नशे की चपेट में जाने से बचाया है। सभी आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में पता किया जा रहा है और जहां से स्मैक लाई जा रही है वहां भी कार्रवाई की जाएगी। मुखानी, बनभूलपुरा पुलिस को खास अलर्ट पर किया गया है। नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, नैनीताल

### राजपुरा में स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** राजपुरा क्षेत्र में गोला गेट के अंदर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी पर उसके पास से 4 .18 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलशन (28) पुत्र स्वर्गीय छुट्टन निवासी राजपुरा, वार्ड नंबर 13, हल्द्वानी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा जा रही है।

### प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने किया कार्यकारिणी विस्तार

**हल्द्वानी :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा और केंद्रीय संयोजक डॉ धर्म यादव की संस्तुति पर प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और रणनीति सलाहकार दीपक माहेश्वरी ने संरक्षक, सलाहकार और विशेष आमंत्रित सदस्यों का गठन किया है। संरक्षकों लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, लक्ष्मी चंद्र आसवानी, भगवान सहाय, भुवन तिवारी, प्रकाश हर्बोला को शामिल किया है।

सलाहकार मंडल में ओम प्रकाश बिंद्रा, राजेश अग्रवाल, सीएम नीरज शारदा, गिरीश गुप्ता, रमेश चंद बिष्ट, संजय अग्रवाल टीटू, मनोज डांगा और स्वर्णकार एसोसियन के अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में केमिस्ट एसोसियन के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भुवन पांडे, पूर्व सहायक नगर आयुक्त विजेंद्र चौहान,अजय सिंह, जितेंद्र रौतेला, नवीन चंद्र पांडे, धर्मानंद तिवारी को शामिल किया है। प्रदेश महामंत्री फर्स्वाण ने कहा कि संगठन व्यापारी हितों के साथ-साथ सामाजिक और देवभूमि की संस्कृति मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# अनियमितताएं मिलीं तो 12 दुकानों का चालान



अंग्रेजी शराब की दुकान पर जांच करती आबकारी विभाग की टीम ● अमृत विचार

**संवाददता, हल्द्वानी**

- डीएम के निर्देशानुसार हुई देसी व अंग्रेजी मंदिरा की दुकानों की चेकिंग

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देशानुसार आबकारी विभाग ने देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की चेकिंग की। इसमें कई अनियमितताएं सामने आईं जिसके बाद कई दुकानों के चालान किए गए।

आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को हल्द्वानी में देसी मदिरा दुकान काठगोदाम, नैनीताल रोड, तिकोनिया, लोहरियासाल के साथ ही विदेशी मदिरा दुकान काठगोदाम, नैनीताल रोड, तिकोनिया, कुसुमखेड़ा व अन्य कुल 12 दुकानों में औचक चेकिंग की। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर नहीं भरा जाना, सीसीटीवी कैमरा ऑफ मिलना, मदिरा के नए रेटों का अंकन रेट लिस्ट में नहीं होना आदि कमियां मिलीं। इस पर दुकानों के चालानी कार्यवाही की गई और प्रशमन के लिए कार्यवाही की संस्तुति जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष पेश की गई है। सभी विक्रेताओं और अनुज्ञापियों को सख्त निर्देश दिए गए कि निर्धारित मूल्य पर ही शराब बेची जाए एवं अन्य अनियमितताओं को तत्काल ठीक करें। टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश चंद जोशी एवं प्रधान आबकारी सिपाही चंद्रशेखर कांडपाल रहे।

# बकाए पर फार्मासिस्टों का प्रदर्शन

- कुमाऊं भर के फार्मासिस्टों ने काला फीता बांधकर किया विरोध
- मांगें पूरी न होने पर 4 मई से कार्यबहिष्कार की चेतावनी

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा ड्यूटी के बकाया भत्तों और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर कुमाऊं मंडल के फार्मासिस्टों ने बुधवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले चरण में फार्मासिस्टों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड की कुमाऊं शाखा ने यह कदम 20 दिनों तक ज्ञापन पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के बाद उठाया है।

प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष पवन पांडेय के अनुसार फार्मासिस्टों का करीब 20 लाख रुपये का यात्रा भत्ता लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर भोजन और आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति भी बेहद खराब है। उन्होंने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं किया गया, जिसके चलते आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 से 25 अप्रैल तक फार्मासिस्ट काला फीता बांधकर विरोध जताएंगे। इसके बाद 26 अप्रैल से कार्यालयों के बाहर सांकेतिक धरना दिया जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो 4 मई से दो घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। वहीं, 15 मई से चारधाम यात्रा ड्यूटी का पूर्ण बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई है।



बेस अस्पताल में हाथ में काला फीता बांधकर आक्रोश जताते फार्मासिस्ट।

# कार की टक्कर से सात वर्षीय मासूम की मौत

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार:** बाजपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने देर रात हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार फौजी कॉलोनी, बाजपुर निवासी सात वर्षीय जैरूल पुत्र हबीब मंगलवार शाम अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान सड़क से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल बच्चे को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता एक फार्म में काम करते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है और फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# पंचायती राज एक्ट लागू कराने को ग्राम प्रधानों ने भरी हुंकार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- मनरेगा पोर्टल बंद होने की बात सामने आई
- विकास कार्यों में लगाया देरी होने का आरोप

**अमृत विचार :** प्रधान संगठन की बैठक में पंचायतों के अधिकारों और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को लेकर तीखी नाराजगी देखने को मिली। प्रधानों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पंचायती राज एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग उठाई।

वक्ताओं ने कहा कि पंचायतों को एक्ट के अनुरूप अधिकार न मिलना लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि ग्राम पंचायतों के कार्यों में अधिकारियों का अनावश्यक हस्तक्षेप तुरंत बंद किया जाए।

पिछले ढाई वर्षों से लंबित भुगतानों को लेकर भी प्रधानों में भारी रोष देखा गया। मनरेगा पोर्टल के बंद रहने और मस्टर रोल न बनने के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप होने की बात सामने आई। प्रधानों ने राज्य सरकार से मांग की कि अन्य मदों से बजट की व्यवस्था कर बकाया भुगतान शीघ्र किया जाए।

बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी जताई गई और उनकी जवाबदेही तय करने की मांग उठी। समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही सीडीओ से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। सड़क, पेयजल और जल जीवन मिशन जैसे बुनियादी कार्यों में हो रही देरी पर भी चर्चा हुई। प्रधानों ने खनन न्याय फंड से प्रत्येक गांव को बजट आवंटित करने की मांग की।

बैठक में भीम सिंह बिष्ट, हेमू पडालिया, महेश चंद्र भट्ट, किशन सिंह दर्मवाल, अर्चना बिष्ट, सुनीता बिष्ट, गीता बुधानी, ज्योति चौसाली, गजेंद्र प्रसाद, तुलसी बिष्ट, राजू आर्य, दीपा आर्या, यशवंत सिंह बिष्ट, नरेश सिंह, पूजा बिष्ट, दिनेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र, प्रदीप कुमार, हिमांशु आर्य, सोनिया प्रीत, सुनीता बर्गली, रुक्मणी नेगी, गीता डोगरा, यशोदा मनवाल आदि प्रधान रहे।



आनदंपुर में जन समस्याएं सुनते विकास भगत। ● अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने आनंदपुर में सुनी समस्याएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने बुधवार को आंनदपुर ग्राम सभा में पूर्व प्रधान कुंदन बोरा के आवास पर जनता मिलन किया। इस अवसर पर उन्होंने जन समस्याओं को सुना तथा मौके से ही शीघ्र समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रवक्ता विकास मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में हो बन रहे रकसिया नाले के आउटफॉल के निर्माण पर विधायक बंशीधर भगत का आभार जताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दीपू नेगी, त्रिलोक निगलटिया, कुसुम बोरा, मनोहर बेलवाल, प्रधान कमल बेलवाल, शंकर बोरा, लक्ष्मण बिष्ट, किशन बिष्ट, भुवन बिष्ट, बंटी बोरा, खीम बोरा, नारायण सिंह रहे।

### मानदेय समेत विभिन्न मांगों को लेकर धरना

**हल्द्वानी :** मानदेय वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना बुधवार को नौवें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब तक उनका मानदेय नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यकर्ता पुष्पा नेगी ने कहा कि एक मजदूर को भी सम्मानजनक वेतन दिया जाता है, ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। आंगनबाड़ी सहायिका मीना पांडे ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मात्र 5200 रुपये मानदेय मिलता है, जो परिवार का गुजारा चलाने के लिए बेहद कम है। चेतावनी दी कि जबतक मांगें पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।

# सिंथिया स्कूल में हुआ ओरिएंटेशन

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** सिंथिया सीनियर सेकेंड्री स्कूल में नव प्रवेशित छात्रों के लिए स्कूल में एक स्वागत समारोह किया गया। उन्हें संपूर्ण शिक्षण सत्र में स्कूल की ओर से किए जाने वाले पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी।

स्वागत समारोह का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र रौतेला ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्कूल का प्रयास सिर्फ शैक्षिक विषयों को पढ़ाने तक सीमित नहीं है वरन विभिन्न सहगामी क्रियाकलापों का नियमित आयोजन कर छात्रों के व्यक्तित्व को बदलते समय के अनुरूप ढालने का काम भी किया जा रहा है। त्रिभुवन बिष्ट ने स्कूल सिनेमा के माध्यम से किसी लघु चल चित्र को देख कर कहानी कहने की कला के माध्यम से मस्तिष्क के विकास को लेकर ने अभिभावकों के समक्ष अपनी बात रखी। वंडर ब्रेन की कृतिका त्रिपाठी ने व्यक्तित्व विकास के पहलूओं पर चर्चा की। जस्ट फ्रेंच चैट के महेंद्र विक्रम साह ने फ्रेंच भाषा के महत्व बताते हुए स्कूल द्वारा छात्रों को दी जा रही इस भाषा की शिक्षा को सराहनीय कदम बताया। चैयमा मैक, चार्ली पोमरय, श्रेष्ठ पांडेय ने बच्चों की शुरुआती शिक्षा के दौरान ही किसी न किसी खेल से जुड़ने की जरुरत बताते हुए कहा कि एक छात्र के सम्पूर्ण विकास में खेल अहम भूमिका निभाता है। इस दौरान सुरेश चन्द्र मिश्रा, महेश जोशी, प्रदीप मित्रा, सीमा परिहार, नीमा पांडेय, बीसी सती, तनुजा भट्ट, मंजू जोशी, कोमल बिष्ट, आईडी जोशी, केसी पन्त, रुचिता पांडेय, सुनीता तिवारी आदि रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रवींद्र रौतेला। ● अमृत विचार

# टोल व पार्किंग का 15 करोड़ का टेंडर जारी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद नैनीताल ने शहर में टोल (चुंगी) और पार्किंग व्यवस्था के संचालन के लिए नई निविदाएं जारी कर दी हैं। इस बार टोल और पार्किंग के लिए करोड़ों रुपये की बेस प्राइस तय की गई है, जिससे पालिका की आय में तीन गुना तक वृद्धि की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार, लेक ब्रिज, बारापत्थर और फांसी गधेरा चुंगियों के संचालन के लिए 10 करोड़ 50 लाख रुपये की निविदा राशि निर्धारित की गई है। इन चुंगियों के टेंडर 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। वहीं पार्किंग के लिए डीएसए पार्किंग का बेस प्राइस 4 करोड़ 25 लाख रुपये रखा गया है, जबकि बीडी पांडे पार्किंग, बारापत्थर और अंडा मार्केट पार्किंग के लिए 55 लाख रुपये की निविदा तय की गई है। इन टेंडरों को 24 अप्रैल को खोला जाएगा।

रोहिताश शर्मा ने बताया कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। चयनित ठेकेदारों को 1 मई 2026 से 31 मार्च 2027 तक संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

उन्होंने बताया कि पहले टोल से करीब 1.90 करोड़ और पार्किंग से 1.40 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जबकि इस बार बेस प्राइस लगभग 15 करोड़ रुपये तय होने से आय में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

**तैयारी** डीएम ललित मोहन रयाल ने विभिन्न विभागों की साथ हुई बैठक में दिए निर्देश

# जिला योजना में जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव शामिल करें

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल ने बुधवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में प्रस्तावित जिला योजना वर्ष 2026- 27 की पूर्व तैयारी बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला योजना के प्रस्ताव बनाते समय जनता की मूलभूत आवश्यकताओं, क्षेत्र के प्राथमिक कार्यों, स्वरोजगार परख योजनाओं, वर्तमान में चालू कार्यों को पूर्ण करने सहित क्षेत्रीय जरूरत को देखते हुए व जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता से योजना में लिया जाए।

डीएम ने कहा कि जो भी प्रस्ताव तैयार किए जाएं वे ऐसे हों जिनसे सीधे आमजन को फायदा पहुंचे। प्रस्तावों में स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता बढ़ावा देने के लिए उद्यान, कृषि, मत्स्य, दुग्ध विकास, पशुपालन आदि विभागों और आजीविका संबंधित प्रस्ताव शामिल किए जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों को सृजन करने की जरूरत है जिससे भूमिही नए छोटे किसान, ग्रामीण उद्यमियों को बेहतर लाभ मिल सके। गर्मी में ट्यूबवेल खराब होने की समस्या आती है इसके लिए रिपेयरिंग एवं स्टैबलाइजर क्रय के लिए धनराशि को प्राथमिकता से रखी जाए। डीएम ने पर्यटन स्थलो के विकास, वन्यजीवों से फसलों की सुरक्षा, सरकारी कार्मिकों के आवास मरम्मत प्रस्ताव भी देने को कहा। स्पष्ट किया कि प्रस्तावित योजनाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करते हुए उन्हीं के अनुसार प्रस्ताव शामिल किए जाए। डीएम ने बताया कि आगामी सप्ताह में जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना 2026-27 की बैठक प्रस्तावित है। इस दौरान सीडीओ अरविंद पांडे, एसपी जगदीश चंद्र, डीडीओ गोपाल गिरी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मुकेश नेगी रहे।



कैंप कार्यालय में बैठक करते हुए डीएम ललित मोहन रयाल व अन्य। ● अमृत विचार

# पेंशनर्स का ईपीएफओ दफ्तर के बाहर धरना

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले हुआ प्रदर्शन

**अमृत विचार :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति उत्तराखंड के बैनर तले बुधवार पूर्व कर्मियों ने नैनीताल रोड स्थित ईपीएफओ कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। बाद में सहायक आयुक्त को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन में राम अवध यादव, इन्दर बिष्ट, मोहन मेहरा, अरुण मिश्रा, कमल तिवारी, मनमोहन भंडारी, मधुसूदन लोहनी, लीलाधर शर्मा, मोहन कार्की, बृजमोहन सिजवाली, आनंद जीना, सत्यप्रकाश गोस्वामी, पान नेगी, कार्यवाहक अध्यक्ष जगत सिंह डोबाल, प्रांतीय समन्वयक भूपेंद्र अधिकारी, प्रांतीय अध्यक्ष आदि ने संबोधित किया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि पेंशन संशोधन प्रकरण सरकार की ओर से 16 से 18 अप्रैल तक चलने वाले विशेष सत्र में रखा जाएगा।

इस बाबत राष्ट्रीय कार्यकारिणी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो केंद्रीय समिति की तय रणनीति के अनुसार काम होगा। बैठक का संचालन जगत डोबाल व अध्यक्षता राजेन्द्र वालिया ने की।

### विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की गई

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभावशाली करियर काउंसलिंग कार्यशाला हुई। इसमें विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. नवल किशोर लोहानी, सह-संयोजक, करियर काउंसलिंग सेल ने किया। मोटिवेशनल स्पीकर कविंद्र बिजवाल ने इनर एवं आउटर पर्सनालिटी ग्रोथ के साथ-साथ एटीट्यूड एवं एप्टीट्यूड, भाषा दक्षता तथा प्रभावी वक्तृत्व कला के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा लक्ष्यों की प्राप्ति को प्रयासरत रहने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

# कोलम्बस के दिव्यांशु, होली चाइल्ड की मेघा ने किया टॉप

## सीबीएसई हाईस्कूल में छात्रों की उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में खुशी का माहौल, परिणाम आने के बाद स्कूल में छात्रों ने मनाई खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर


परिणाम आने के बाद स्कूल में खुशी मनाते कोलम्बस स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें होली चाइल्ड स्कूल और कोलम्बस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में भी खुशी का माहौल है। वहीं छात्रों ने परिणाम निकलने पर अपने-अपने स्कूल में खुशी का इजहार किया।

बुधवार को दोपहर बाद जारी परीक्षा परिणाम में कोलम्बस पब्लिक स्कूल की दिव्यांशु मेहरा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। जबकि पलक सैनी ने 96.6 अंक प्राप्त कर दूसरा और तपस्या सिरोही ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के एमडी मोहन खेड़ा और प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी तरह होली चाइल्ड स्कूल में मेघा गंगवार ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। इसके अलावा निकिता विश्वास ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और पुष्कर वशिष्ठ व सात्विक द्विवेदी ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी, उप प्रधानाचार्य (अकादमिक) मंजू अधिकारी, एचओडी फिजिकल एजुकेशन सुधाकर सिंह ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।


मेघा गंगवार।


निकिता विश्वास।


पुष्कर वशिष्ठ।



सात्विक द्विवेदी।


दिव्यांशु मेहरा।


पलक सैनी।


तपस्या सिरोही।

### सीबीएसई हाईस्कूल में डायनेस्टी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खटीमा** : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में सर्वाधिक अंक हार्दिक सिंह ने 97 .8 प्रतिशत हासिल किया है। वहीं श्रेया चुफाल-97, शुभम सिंह महर 96 .6, दीपांशु गहतोड़ी 96 .4, निखिल जोशी96 .4, गौरव नाथ96 .2, हिमानी सिरोला95 .8, अनुज गिहार 95 .8, खुशी बिष्ट 95 .4, मेघा बोहरा 95 .2, खुशी मथेला 95 .2, दीक्षा चंद 94 .8, लकी रौतेला 94, गुरजोत सिंह 93 .6, रिया भट्ट 93 .6, गौरव बोहरा 93 .4, हर्षित चौसाली 93 .4, वसुंधरा बिष्ट 93 .2, शांभवी पांडे 93, लवी चंद 92 .8, सौम्या चंद 92 .6, मयंक थलाल 91 .5, लक्ष्य भट्ट 91 .4, प्रभजाप सिंह 91 .2, केतन दिगारी 91 .2, हार्दिक नेगी 91, कार्तिक महर 90 .8, आरुष कापड़ी 90 .8, प्रतीक थ्वाल 90 .6, भावेश भट्ट 90 .6, पल्लवी जोशी 90 .6, नैतिक चंद-90 .6, चेतन इगराल-90 .2 और महक चंद 90 .2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, मनीष चंद, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली आदि ने बधाई दी है।

### हिंद के छात्रों का हाई स्कूल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन

**खटीमा** : हिंद पब्लिक स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। मंगलवार को घोषित हुए परिणामों में यशवर्धन ने 95 .6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। वहीं मोनिका यादव 94 .8, लविश तिवारी 94, आदित्य जोशी 91 .2 और हर्षिता दानू ने 90 .6 प्रतिशत अंक हासिल किया है। एमडी नीरज खन्ना, प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल ने बधाई दी है।

### नालंदा स्कूल के बच्चों ने किया नाम रोशन



**किच्छा** : सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में नालंदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हाई स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नालंदा स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा गुंजन शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। वहीं होनहार छात्रा सहजनीत कौर एवं मेधावी छात्र मुजीब अहमद खान ने 93 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा योगेश दत्त ने 92 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ एवं मनप्रीत कौर ने 92 .20 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ मृदुला किशोर एवं डॉ राहुल किशोर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नालंदा परिवार द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उन्हें संस्कारवान बनाने की दिशा में भी हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कहा कि इसी उद्देश्य से बच्चों को शिक्षा के अलावा अन्य खेलकूद एवं वैज्ञानिक गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### नोजगे के 32 विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्लस अंक



**खटीमा** : नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) ने एक बार फिर सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षाफल में शौर्य सक्सेना ने 97 .8, उत्कर्ष ओली 97 .2, श्रेयांश सिंह कोहली 97, अर्चित गोयल 96 .4, श्रवण कुमार मिश्रा 95 .8, भावना डांगी, 95 .2, आयरा अल्वी 95 और अनुशा दिगारी ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। प्रधानाचार्य एचसी पंत ने बताया कि 141 विद्यार्थियो में से 127 बच्चों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। प्रबन्ध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य एचसी पंत सहित शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गैस रिसाव या रिफिलिंग: धमाके के साथ फटा सिलेंडर, चार झुलसे

संवाददाता, रुद्रपुर


झुलसी बच्ची को संभालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप का इलाका उस वक्त धमाकों से गूंज उठा जब सिलेंडर फटने से आग के गुब्बारे आसमान में उड़ने लगे और परिवार आग से झुलसने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन की टीम घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ी तो भयावह मंजर देखकर हैरान हो गई। आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जिसमें तीन महिलाएं और एक तीन वर्ष की बच्ची भी झुलस गई। डॉक्टरों ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। जहां दो महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है। जिनको आईसीयू में भर्ती किया गया है।

थाना ट्रांजिट कैंप स्थित चामुंडा मंदिर का इलाका बुधवार की सुबह पौने नौ बजे तक सामान्य था, लेकिन अचानक धमाकों के साथ इलाका गूंजने लगा और चीख पुकार की आवाज आने लगी। आग के गोले आसमान छूने लगे और बस्ती में भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही सीएफओ महेश चंद्र व थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय भी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल की ओर पड़े। देखा कि कमरों के बाहर तीन महिलाएं और एक तीन साल का बच्ची बुरी तरह से झुलसी पड़ी है।

कमरों से आग की लपटें उठ रही है। आनन फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां 50 वर्षीय देवकी, 30 साल की अनीता, 21 साल की संगीता और तीन वर्षीय बच्ची पारुल का उपचार शुरू करते हुए भर्ती किया गया। जिसमें देवकी व अनीता की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस अग्निकांड को गैस रिसाव बता रही है।

### हो सकता था बड़ा अग्निकांड

**रुद्रपुर** : बुधवार की सुबह अग्निकांड की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। दमकल कर्मियों ने सबसे पहले घटनास्थल से भरे हुए सिलेंडर निकाले और एक कमरे में लगी को आग को बुझाना शुरू किया। यही नही अगल-बगल कमरों से भी सिलेंडर को निकालकर बाहर फेंक दिया गया। संभावना यह थी कि यदि आग की लपटें रखे सिलेंडर तक पहुंचती है तो सिलेंडर फटने के बाद एक बड़ा अग्निकांड हादसा हो सकता था।

### गैस रिफिलिंग या रिसाव की होगी जांच

**रुद्रपुर** : जिस प्रकार चामुंडा मंदिर इलाके में अग्निकांड का हादसा हुआ। उसको लेकर अग्निशमन विभाग भी गैस रिसाव नहीं मान रहा है। सीएफओ महेश चंद्र का कहना था कि अग्निकांड के कई कारण हो सकते हैं। बुधवार को हुआ हादसा गैस रिसाव भी हो सकता है और रिफिलिंग भी कारण हो सकता है। कारण जिस प्रकार सिलेंडर से आग लगी है। वह गैस रिसाव नहीं कहा जा सकता है। बावजूद कारणों की विभाग और पुलिस भी जांच करेगी। जिस प्रकार वर्तमान में गैस की किल्लत है। यही आशंका है कि महिलाएं बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भर रही होगी। कारण कमरे से छोटा सिलेंडर भी बरामद हुआ है। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में गैस रिसाव या फिर रिफिलिंग के कारण तीसरी अग्निकांड की घटना घटित हो गई है। 26 मार्च को गैस सिलेंडर फटने से चामुंडा मंदिर शिव नगर निवासी कुमार सेन, अंकित कुमार, सत्यवीर सिंह और सुमित कुमार बुरी तरह से झुलस गए थे।

### गाजे-बाजे के साथ निकला मां का डोला

**रुद्रपुर** : अटरिया मां का डोला प्राचीन जगतपुरा मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकला और देर सायं रम्पुरा स्थित मंदिर पहुंचा। यहां विधि विधान से श्रद्धालुओं से पूजा अर्चना की। बुधवार को अटरिया देवी वैष्णो धर्म सभा की अध्यक्ष व महंत पुष्पा देवी ने बताया कि 26 मार्च को मां अटरिया का डोला पूरे विधि विधान से रम्पुरा से जगतपुरा स्थित मंदिर लाया गया था। साथ ही भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। जिससे दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने माता के दरबार में प्रसाद चढ़कर अपनी मन्नतें मांगी व मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आज मां अटरिया का डोला पूरे विधि विधान व पूजा अर्चना के बाद गाजे बाजे के साथ जगतपुरा से रम्पुरा स्थित मंदिर पहुंचा है। महंत पुष्पा देवी, पंडित पंकज गौड़, अमित शर्मा, सुनीता शर्मा, सौरभ गुप्ता, दीप शर्मा, अमन सिंह मौजूद रहे।

# तीन तमंचे, 2.664 किलो गांजे के साथ दो धरे

- बाजपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अभियुक्तों पर दर्ज हैं एनडीपीएस के मुकदमे

संवाददाता, रुद्रपुर/बाजपुर


पकड़े गए आरोपियों के साथ मामले का खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति।

**अमृत विचारः** ऑपरेशन प्रहार के तहत बाजपुर पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता मिली, जब पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को भारी मात्रा में गांजा, तीन तमंचे सहित कई कारतूस बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

बुधवार को खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि 14 अप्रैल को कोतवाली बाजपुर पुलिस इलाके में सघन चेकिंग अभियान संचालित कर रही थी। जब पुलिस ने लेबड़ा नदी तिराहे के समीप वाहनों की चेकिंग शुरू की तो उसी वक्त दो युवक पुलिस को देखकर सकपकाकर भागने की कोशिश करने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया और घेराबंदी की युवकों को दबोच लिया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम खताड़ी ब्लॉक रोड थाना राम नगर निवासी सैरान अंसारी और मीट मार्केट खताड़ी रामनगर निवासी मोहम्मद अबूजर बताया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर के तीन तमंचे, दो कारतूस और 2.664 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह गांजा सप्लाई करते हैं और पिछले लंबे समय से इस धंधे में लगे हैं। हथियार इसलिए रखते हैं ताकि मौका पाकर हथियार भी सप्लाई कर मोटी रकम वसूली जाए। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच में पता चला कि सैरान व अबूजर के खिलाफ एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट का मुकदमा वर्ष 2025 में भी दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# क्या बदमाशों को थी कर्मियों के लाखों रुपये ले जाने की सूचना

संवाददाता, रुद्रपुर


रेलवे स्टेशन पर पुलिस कर्मियों से वार्ता करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए बदमाशों ने यह सिद्ध कर दिया है कि पुलिस का सूचना तंत्र फेल हो चुका है। कारण जिस प्रकार बदमाशों को यह सटीक जानकारी थी कि बुधवार को कर्मचारी लाखों रुपये लेकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। यह सूचना इतेफाकन बदमाशों को नहीं मिल सकती है।

बुधवार सुबह हुई घटना के बाद बिलासपुर और कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से यह जानने की कोशिश कर रही है कि बदमाशों को मिली सटीक सूचना दुकान स्तर से लीक हुई है या फिर बदमाशों को यह पहले पता था कि कर्मी हर बुधवार को दिल्ली रवाना होते हैं। फोन पर हुई बातचीत में जिस प्रकार भयभीत कर्मी वारदात को बयां कर रहे थे। उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वास्तव में लूटकांड का मंजर बेहद ही खौफनाक होगा। अब सवाल यह उठ रहा है कि मंगलवार की शाम को कारोबारी मंजीत सिंह गगनेजा ने दुकान के कर्मी रितिक मंडल और साहब सिंह को दिल्ली रवाना होने के लिए कहा होगा।

आदेशानुसार कर्मी सुबह 10 बजे संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में बैठे। महज चंद मिनट ही बीते होंगे कि अचानक नकाबपोश हथियारबंद बदमाश सात लाख रुपये लूट और गोलीबारी की घटना को अंजाम दे डाला। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या बदमाशों को मंगलवार की रात्रि को ही सूचना मिल चुकी थी कि बुधवार को कर्मी नगदी लेकर दिल्ली जा रहे हैं या फिर बदमाश रुद्रपुर से ही कर्मियों का पीछा कर रहे थे। मौका पाते ही लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। जिसको लेकर बिलासपुर पुलिस ने कोतवाली पुलिस से संपर्क साधना शुरू कर दिया। रेलवे स्टेशन रुद्रपुर आकर घटनास्थल का मौका मुआयना भी किया।

पुलिस यह जानना चाहती है कि बदमाशों को मिली रवानगी की सूचना इत्तेफाक थी या फिर साजिश का एक हिस्सा। फोन पर हुई बातचीत में रितिक व साहब का कहना है कि यदि वह नगदी देने में थोड़ी भी अनकानी करते तो शायद बदमाश गोली मारकर हत्या भी कर सकते थे।

### रिजर्व सीट की भी थी जानकारी

**रुद्रपुर** : कर्मी रितिक व साहब का कहना था कि दिल्ली जाने के लिए उनके द्वारा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के बोगी नंबर बी-1 की सीट संख्या 37 और 38 बुक कराई हुई थी। बोगी में काफी यात्री बैठे हुए थे। रिजर्व सीट बिल्कुल निकासी द्वार के करीब थी। तभी चुपचाप नकाबपोश बदमाश सीधे उनके पास आये और बेल्ट बनाकर कमीज के नीचे ढके सात लाख रुपये लूटने का प्रयास किया। जब बदमाश का हाथ पकड़ा तो एक बदमाश ने तमंचा सिर पर सटा दिया। इतना ही नहीं धमकाया कि होशियारी दिखाई तो खोपड़ी खोल दूंगा। कर्मियों का कहना था कि बदमाशों को उनके रिजर्व सीट की सटीक जानकारी थी। कारण बदमाशों ने किसी भी यात्री को हथियार नहीं दिखाए और सीधे आते ही उनके साथ लूटपाट की।

### बदमाश बोले: नकली नहीं, असली है हथियार

**रुद्रपुर** : खौफजदा कर्मियों का यह भी कहना था कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन आने से पहले ही बदमाश आये और पोनिया तमंचा व पिस्टल निकाली। तीनों बदमाश गिरेबान पकड़ कर प्रवेश द्वार की तरफ ले गये और धमकाते हैं कि हथियारों को नकली समझने की भूल मत करना। कारण यह असली हथियार है। जब उनके द्वारा संघर्ष करने की कोशिश की तो दो बदमाशों ने गेट से बाहर हाथ निकालकर दो राउंड फायर कर डाला। गोली की आवाज इतनी तेज थी कि यात्री सीट के नीचे छिप गए और बदमाश बार-बार धमकी देते रहे।

### निकला कोई भी लिंक तो होगी कड़ी कार्रवाई: एसएसपी

**रुद्रपुर** : एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि कारोबारी के दो कर्मियों से सीमावर्ती बिलासपुर रेलवे ट्रैक पर लूटपाट की घटना संज्ञान में है। कारण घटना जीआरपी थाना इलाके की है तो जीआरपी ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करेगी। यदि जीआरपी पुलिस ने कोतवाली पुलिस से संपर्क कर सहयोग मांगा तो पुलिस सामंजस्य बनाकर संयुक्त कार्रवाई भी करेगी। इलाके अलावा लूटपाट के अभियुक्तों का कोई भी लिंक रुद्रपुर कोतवाली या जिले से निकलता है तो पुलिस अभियुक्तों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा पिथौरागढ़**

पृ०प०सं० : 948/विज्ञप्ति/9 | दिनांक : 13-04-2026

**-: निविदा सूचना :-**

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा पिथौरागढ़ के अन्तर्गत निम्न कार्यों हेतु इस विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से मुहरबन्द निविदायें भारतीय डाक विभाग के माध्यम से पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 24-04-2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-04-2026 तक शाखा कार्यालय से अपराह्न 03:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड गंगोलीहाट की गंगोलीहाट पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत सुषाण गधेरे में श्रोत संवर्धन एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 1770.00 | 42000.00 | 90 दिवस | डी एवं उच्च श्रेणी |
| 2 | पिथौरागढ़ नगरीय सीवर योजना के अन्तर्गत के.एम.ओ.यू. स्टेशन से हाईडिल गेट तक मैन होल चैम्बर निर्माण कार्य। | 590.00 | 13500.00 | 60 दिवस | -"- |
| 3 | शाखा पिथौरागढ़ अन्तर्गत 3.50 KVA Petrol Welding Generator Set की आपूर्ति का कार्य। | 590.00 | 12000.00 | 30 दिवस | फर्म |

शर्ते व प्रतिबन्ध :-
1- निविदा प्रपत्र के साथ रू० 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प मय हस्ताक्षरयुक्त रसीदी टिकट सहित संलग्न करना होगा।
2- शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार होगीं।

अधिशासी अभियन्ता


# यूपी-बिहार में दी दबिश सितारगंज से पकड़ा किशोर

- लापता नाबालिग को भी किया बरामद
- अभियुक्त को न्यायालय में किया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में नाबालिग को लेकर लापता हुए एक अभियुक्त को पुलिस ने सितारगंज से गिरफ्तार कर लिया, जबकि नाबालिग को भी बरामद कर लिया है। अभियुक्त की तलाश में पुलिस ने कई प्रदेशों की खाक छान डाली। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 10 अप्रैल को एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया कि 8 अप्रैल की दोपहर को उसकी नाबालिग बेटी लापता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि नाबालिग को 20 वर्षीय युवक बहला फुसलाकर ले गया है। जिसकी तलाश में पुलिस ने यूपी, बिहार के अलावा कई प्रदेशों में दबिश दी।

14 अप्रैल को सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पता चला कि अभियुक्त सितारगंज रोड गौला नदी थाना पुलभट्टा इलाके में देखा गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, जबकि नाबालिग को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अभियुक्त द्वारा मार्कशीट देखने पर पता चला कि वह बीएनएसएस की धारा के तहत अपचारी किशोर की श्रेणी में आता है। इसके बाद पुलिस ने किशोर को पुलिस संरक्षण में लेते हुए किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की और किशोर सुधार गृह भेज दिया है।

## सिटी ब्रीफ

### निजी स्कूलों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**काशीपुर :** निजी स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक लेकर सरकार द्वारा तय मानकों की जानकारी दी गई। साथ ही मानकों का पालन करने के निर्देश दिये गये। बुधवार को निजी स्कूल और सीबीएसई स्कूल के समस्त प्रबंधक/ प्रधानाचार्य की एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। जिसमें सरकार द्वारा तय मानकों की विस्तृत जानकारी देते हुए उपरोक्त पत्रों में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने के आदेश दिए गए। बैठक में कहा गया कि कोई भी विद्यालय किसी भी अभिभावक को पाठ्य पुस्तकों एवं यूनिफार्म के लिए किसी पूर्व निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। साथ ही एनसीईआरटी की पुस्तकों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### कचरा सेग्रीगेशन के महत्व के बारे में दी जानकारी

**काशीपुर :** नगर निगम काशीपुर द्वारा संचालित स्कूल जागरूकता अभियान के तहत आज जीपीएस बांसखेड़ा खुर्द एवं जीपीएस बांसखेड़ा कला काशीपुर में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने छात्र-छात्राओं को 6 बिन कचरा सेग्रीगेशन के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं खेल के माध्यम से उन्हें कचरे को सही तरीके से अलग-अलग डिब्बों में डालने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता वॉरियर स्टिकर एवं 6-बिन से संबंधित स्टिकर्स वितरित किए गए, जिससे वे अपने घरों में भी इस संदेश को आगे बढ़ाकर अपने परिवार के सदस्यों को जागरूक कर सकें। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और उन्हें जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना है।

### ब्राह्मण महासम्मेलन में जाने की रूपरेखा तैयार की

**काशीपुर :** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। महानगर संरक्षक डॉ. रजनीश शर्मा के निवास पर हुई बैठक में 18 अप्रैल को हल्द्वानी में होने वाले ब्राह्मण महासम्मेलन में जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके लिए सभी से नवचेतना भवन के पास एकत्र होने को कहा गया। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष हेमचंद्र भट्ट ने ब्राह्मणों से भारी संख्या में महा सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। इसके बाद प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा एडवोकेट, महानगर अध्यक्षा लता शर्मा, संरक्षक मनोज जोशी एडवोकेट, चंद्र भूषण डोभाल, पंकज पंत, युवा विंग के जिला अध्यक्ष शिवम शर्मा, भास्कर त्यागी, गिरीश अधिकारी, निशा शर्मा, मोहन चंद्र पपनै ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान शुभम उपाध्याय, निशा शर्मा, ममता कांडपाल, तरुण लोहनी मौजूद रहे।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**काशीपुर :** लेनदेन के विवाद में हुई हत्या के एक मामले में द्वितीय एडीजे की अदालत ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी डाला है।

बाजपुर के ग्राम संतोषपुर निवासी अमृतपाल और हर्षदीप के बीच स्वयं सहायता समूह के लेनदेन को लेकर विवाद बना हुआ था। जिसके निपटारे के लिए अमृतपाल ने 02 फरवरी 2018 को हर्षदीप व उसके परिजनों को अपने घर बुलाया था। इस दौरान उनके बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि अमृतपाल व उसके पिता जसवीर ने अपनी दुनाली बंदूक से फायर कर हर्षदीप की हत्या कर दी। घटना में सिमरदीप सिंह ऊर्फ सिमी व सुखविंदर कौर घायल हो गए। इस मामले में मृतक के फूफा विजय सिंह ने बाजपुर कोतवाली में आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# मंडी समिति में किसानों ने क्रय केंद्रों पर हंगामा कर की तोड़फोड़

## गेहूं खरीद क्रय केंद्र में खरीद की लिमिट तय नहीं होने से किसान आक्रोशित, क्रय केंद्रों पर लटके बैनर फाड़े, गेहूं की फसल में लगाई आग

आक्रोश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद क्रय केंद्र में खरीद की लिमिट तय नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने जमकर हंगामा काटते हुए क्रय केंद्र में रखे टेबल पलट दिये और लटके बैनर फाड़ दिये। इस दौरान केंद्र पर मौजूद गेहूं को भी आग में डाल दिया। वहां मौजूद अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू के नेतृत्व में किसान मंडी समिति पहुंचे। मंडी समिति में किसानों ने क्रय केंद्रों पर हंगामा किया। कहा कि जब गेहूं खरीद ही नहीं हो रही है, ऐसे में क्रय केंद्र क्यों खोल रखे हैं। ऐसे में आक्रोशित किसानों ने क्रय में रखी टेबल को पलट दिया, बैनर फाड़ते हुए आग लगा दी। इस दौरान क्रय केंद्र पर मौजूद गेहूं को भी आग में डाल दिया। किसानों के आक्रोश को देखते हुए क्रय केंद्र पर मौजूद कर्मचारी इधर-उधर जाते हुए दिखाई दिये। क्रय केंद्र पर मौजूद


काशीपुर में मंडी समिति में क्रय केंद्रों के बैनरों में आग लगाते किसान। ● अमृत विचार

सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर अतुल चतुर्वेदी का किसानों ने घेराव किया और उन्हें खरीखोटी सुनाई। सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर ने बताया कि 800 क्विंटल क्रय का लक्ष्य था, जो पूरा हो चुका है। इस मौके पर दर्शन सिंह, मनप्रीत सिंह, उदित शर्मा, तरुण, कल्याण सिंह, अवनीश बेदी, हरप्रीत हैप्पी आदि मौजूद रहे।

**कैबिनेट मंत्री के आने की सूचना पर खड़े रहे किसान:** नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा के मंडी समिति स्थित गेस्ट हाउस में आने की सूचना जैसे ही किसानों को लगी तो वह गेस्ट हाउस पर डेरा डालकर बैठ गए। घंटों इंतजार करने के बाद भी जब कैबिनेट मंत्री नहीं आए तो किसान वहां से लौट गए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत युवा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि वह गांवों में आने वाले भाजपा नेताओं का विरोध करेंगे।

### गेहूं खरीद में देरी पर बिफरे विधायक भुवन कापड़ी



खटीमा : स्थानीय विधायक भुवन कापड़ी ने गेहूं खरीद केंद्रों के सुचारू न होने पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया है। मंडी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक ने पाया कि फसल कटे आधा महीना बीतने के बाद भी खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। विधायक कापड़ी ने इसे किसानों के साथ ''खुला अन्याय'' करार देते हुए कहा कि सरकार केवल किसान हितैषी होने का ढोंग कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सभी क्रय केंद्र सक्रिय नहीं किए गए और किसानों की मेहनत का दाना-दाना नहीं खरीदा गया, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र जन आंदोलन करेंगे।


खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते गेहूं खरीद न होने से भड़के किसान। ● अमृत विचार

### क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद न होने से खटीमा में किसानों का धरना प्रदर्शन

**खटीमा :** गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद न होने से आक्रोशित किसानों ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गेहूं की खरीद तत्काल शुरू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि गेहूं खरीद शुरू नहीं हुई तो वह क्रय केंद्रों को बंद करा देंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट जिलाध्यक्ष गुरुसेवक सिंह और चढूनी गुट के जिलाध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने तहसील में पहुंचकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किसान का गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है। जिसके चलते किसानों को अपनी फसल औने-पौने दम पर बेचनी पद रही है। सरकार बिचौलियों से गेहूं खरीद कर अपना कोटा पूरा करेगी। बाद में किसानों ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर खरीद तत्काल शुरू करने की मांग की। किसानों ने यूरिया, एनपीके और डीएपी खाद न मिलने पर भी आक्रोश जताया। धरना प्रदर्शन में जसविंदर सिंह पप्पू, अवतार सिंह, हरगोविंद सिंह, अशोक राणा, अनिल सिंह, निशांत सिंह, हरबंस सिंह, हीरा सिंह संधू, सुरेंद्र सिंह सोनू, सुखविंदर सिंह, सुभाष राणा, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाजपुर मंडी में तालाबंदी कर ठप की तौल

- गेहूं खरीद की कम लिमिट पर भड़के किसान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद केंद्रों पर निर्धारित लिमिट बढ़ाने की मांग को लेकर बुधवार को किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने अनाज मंडी पहुंचकर क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक केंद्र पर तौल कार्य ठप करा दिया। इस दौरान उत्तेजित किसानों ने केंद्र के बैनर फाड़ दिए और वरिष्ठ विपणन अधिकारी के कार्यालय पर तालाबंदी कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

किसानों का कहना है कि प्रति केंद्र मात्र 300 क्विंटल की लिमिट तय करना उनके साथ अन्याय है,


बाजपुर में आक्रोशित किसानों को समझाते मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा।

जिससे हजारों किसानों की फसल बिकने से रह जाएगी। हालांकि अधिकारियों ने पहले लिमिट बढ़ाने का आश्वासन दिया था, लेकिन पोर्टल पर अपडेट न होने से किसानों का धैर्य जवाब दे गया।

दूसरी ओर, एसएमआई नलिनी कांत ने बताया कि निर्धारित कोटा पूरा होने के कारण फिलहाल तौल रोकी गई है। उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया है और नई लिमिट मिलते ही खरीद पुनः शुरू कर दी जाएगी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# सितारगंज के एसएमओ कार्यालय में जड़ा ताला

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज के सरकारी कांटों में तौल नहीं होने से नाराज किसानों ने वरिष्ठ विपणन अधिकारी (एमएमओ) कार्यालय में तालाबंदी कर दी। किसान गेट पर ही धरने पर बैठ गये। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अफसरों पर झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाया।

भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक सिंह मोहार के नेतृत्व में बुधवार को किसान एसएमओ कार्यालय पहुंचे। यहां एसएमओ विनय चौधरी से गेहूं खरीद नहीं होने पर रोष जताया। एसएमओ ने किसानों को बताया कि सितारगंज में आठ क्रय केंद्र हैं। जिनमें दो क्रय केंद्र एसएमओ के हैं। पोर्टल में 500 कुंतल खरीदने का लक्ष्य दिया था।


सितारगंज में एसएमओ कार्यालय के बाहर धरना देते किसान। ● अमृत विचार

पोर्टल में लिमिट बढ़ते ही तौल करायी जायेगी। उन्होंने किसानों की दिक्कतों से उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया है। इधर अन्य छह क्रय केंद्र प्रभारियों ने किसानों को बताया कि उनके पोर्टल में खरीद के लिए लक्ष्य नहीं मिला है। लक्ष्य मिलने पर खरीद शुरू हो पाएंगी। गेहूं खरीद में आनाकानी से नाराज किसानों ने एसएमओ कार्यालय में तालाबंदी कर दी। वहीं दरी बिछाकर धरने में बैठ गये। प्रदेश अध्यक्ष गुरसेवक मोहार ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों का शोषण कर रही है। जानबूझकर किसानों को उपज की एमएसपी नहीं दे रही है। बाजार में किसान 2300 रुपये प्रति कुंतल तक में गेहूं बेच रहा है। उसे प्रति कुंतल 300 रुपये का घाटा सहना पड़ रहा है। उन्होंने इसे मिलीभगत बताया। मोहार ने आरोप लगाया कि अधिकारी भी किसानों को गुमराह कर रहे हैं। अधिकारियों ने एक अप्रैल से तोल करने का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को जिलास्तरीय अधिकारियों व किसानों की बैठक में सोमवार से सभी तौल केंद्रों में तौल शुरू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन बुधवार तक सभी क्रय केंद्रों के पोर्टल बंद बताये जा रहे हैं। इस मौके पर नवतेज पाल सिंह, दिलबाग सिंह, सुखवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह देओल, परविंदर सिंह, हरपाल सिंह, बलविंदर सिंह, बख्शीश सिंह, सुरजीत सिंह, सुखवीर सिंह, बलविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, मनविंदर सिंह, नारायण सिंह राणा, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे।

# अधिकांश पंपों पर नहीं मिला लोगों को पेट्रोल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पेट्रोल और डीजल की किल्लत से बुधवार को शहर की आम जनता को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी देखी जा रही है, जिससे वाहन चालकों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालांकि पंप मालिकों ने देर शाम तक डिपो से सप्लाई आने की बात कही है।

पंप संचालकों के अनुसार, जहां पहले जरूरत के अनुसार भरपूर सप्लाई मिल जाती थी, वहीं अब डिपो की ओर से सीमित मात्रा में ही तेल भेजा जा रहा है। एक पंप संचालक ने बताया कि उनकी प्रतिदिन लगभग 6000 लीटर खपत है, लेकिन सप्लाई भी लगभग उतनी ही या उससे कम मिल रही है। कई बार एक दिन का तेल नहीं मिलने पर अगले दिन भी दिक्कत बनी रहती है। स्थानीय निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने सुबह कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल लेने की कोशिश की, लेकिन कहीं भी उपलब्ध नहीं था, जिससे उन्हें काफी परेशानी हुई। पंप संचालकों के मुताबिक, यह समस्या सप्लाई चेन में आई कमी के कारण उत्पन्न हुई है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई है कि शाम तक सप्लाई आने से स्थिति कुछ हद तक सामान्य हो सकती है। वहीं पंप संचालकों का कहना था कि वैश्विक स्तर पर चल रहे तनाव के चलते स्थानीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है।

### पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री का निधन

**काशीपुर:** चैती मेले से जुड़े वरिष्ठ एवं माता बाल सुंदरी देवी मंदिर के पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री का बुधवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक है। बताया जा रहा है कि लगभग 75 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद मो. पक्काकोट स्थित उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। पंडा वंशगोपाल अग्निहोत्री माता बाल सुन्दरी देवी के अनन्य भक्त थे और लंबे समय से मंदिर से जुड़े धार्मिक कार्यों का संचालन कर रहे थे।


वंश गोपाल (फाइल)।

# इलाज में लापरवाही से गर्भवती की मौत, हॉस्पिटल किया सील

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** निजी अस्पताल की कथित लापरवाही से एक गर्भवती महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर बुधवार को टीम ने ''उजाला नेशनल हॉस्पिटल'' को सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम धनसारा निवासी गुलफ्सा को 13 अप्रैल की रात प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि महिला का पिछला प्रसव ऑपरेशन से होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने सामान्य प्रसव का भरोसा देकर उसे भर्ती किया। देर रात हालत बिगड़ने पर प्रबंधन


सीएमएस डॉ .पीडी गुप्ता की मौजूदगी में हास्पिटल सील करती टीम। ● अमृत विचार

ने उसे रेफर कर दिया, जिसके बाद महिला की मृत्यु हो गई।

सीएमओ के आदेश पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीडी गुप्ता के नेतृत्व में पहुंची टीम ने अस्पताल में तालाबंदी कर सीलिंग की कार्रवाई की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, मामले की गहन जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से क्षेत्र के निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

### गेहूं खरीद ठप होने पर भड़के किसान

**जसपुर:** गेहूं खरीद की लिमिट न बढ़ने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मंडी में जमकर हंगामा किया।

आक्रोशित किसानों ने सरकारी केंद्रों पर लगे बैनर-पोस्टर फाड़कर जला दिए और एसएमओ कार्यालय में तालाबंदी कर दी। जसपुर के पांच केंद्रों पर 5600 क्विंटल लक्ष्य के सापेक्ष अब तक मात्र 1772 क्विंटल ही खरीद हो पाई है। भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार विदेशी समझौतों के चलते देसी किसानों की अनदेखी कर रही है, जिससे किसान औने-पौने दाम पर फसल बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द खरीद शुरू नहीं हुई, तो भाजपा नेताओं का बहिष्कार कर उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

विवाद

ठाकुर मंदिर के सामने महारानी लक्ष्मीबाई और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने के लिए दोनों पक्षों ने दे रखे हैं प्रार्थना पत्र

# जसपुर में वीरांगना लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को लेकर समर्थक भिड़े

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** नगर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक एवं पूर्व विधायक के समर्थक आमने-सामने आ गए। मूर्ति की स्थापना को लेकर दोनों पक्षों में जमकर बोलचाल हुई और धक्का मुक्की की नौबत आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर बमुश्किल हालात संभाले और दोनों पक्षों को शांत कराया। मौके पर पुलिस तैनात है। विधायक पक्ष रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व विधायक पक्ष महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने पर अड़े रहे। पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिमा लगाने के मामले में एक सप्ताह में निर्णय देने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।

ठाकुर मंदिर के पास मुख्य चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों की शिकायत पर पालिका प्रशासन ने दो साल पहले अतिक्रमण हटवाया था। इस स्थान पर स्थानीय लोगों एवं ब्राह्मण समाज की मांग पर विधायक आदेश चौहान, क्षत्रिय समाज ने कार्यक्रम कर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने का पालिका प्रशासन को पत्र दिया था। इसके बाद अग्रवाल सभा ने भी यह कहते हुए एक पत्र दिया कि इस स्थान के आसपास अग्रवाल समाज के काफी लोग निवासरत है। इसलिए महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को लगाया जाए। दोनों पत्रों पर नगर पालिका ने अपनी रिपोर्ट देते हुए डीएम को स्थिति से अवगत कराया। डीएम ने चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी। लेकिन कमेटी ने क्या रिपोर्ट दी इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई।



बहस करते विधायक और पूर्व विधायक के समर्थक। ● अमृत विचार

बुधवार को विधायक आदेश चौहान समर्थकों समेत मौके पर पहुंचे और खुदाई शुरू करा दी। इस बीच पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल अपने अग्रवाल समाज के लोगों और भाजपाइयों समेत मौके पर पहुंच गए और महारानी लक्ष्मीबाई मूर्ति की स्थापना का विरोध करने लगे। विरोध करते ही दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई। इसी दौरान कुछ लोग विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गए। उधर जगह की खुदाई को लेकर विधायक एवं पूर्व विधायक और उनके समर्थक आपस में भिड़ गए। आरोप है कि इस बीच धक्का मुक्की भी की गई। दोनों पक्षों में मामला बढ़ने से पहले ही पुलिस ने उन्हें समझाया। ईओ उदयवीर सिंह ने मामले में एक सप्ताह में निर्णय देने की बात पर दोनों पक्ष शांत हो गए। विधायक ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने देश के लिए बलिदान दिया है, उनकी प्रतिमा लगने से मातृ शक्ति को प्रेरणा मिलेगी। लिहाजा प्रतिमा लगाने को उन्होंने सबसे पहले पत्र दिया था। मंगलवार को पीएम मोदी महिलाओं को बढ़ावा देने की बात कह गए हैं। जबकि स्थानीय भाजपाई रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा नहीं लगना देना चाहते हैं। इससे उनके चाल चरित्र सामने आ गए है। पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने बताया कि इस स्थान के आसपास अग्रवाल समाज के काफी लोग रहते हैं। उन्होंने भी महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने को शासन प्रशासन को पत्र दे रखा है। लोग अनुमति के इंतजार में है।

> हालात बिगड़ने से पहले ही मौके पर दोनों पक्षों को शांत कराकर मामले को निपटा दिया गया है। -**राजेंद्र सिंह डांगी**, प्रभारी निरीक्षक, जसपुर

# भाजपा ने पत्र भेजकर गगन कांबोज से मंशा पूछी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** युवा नेता व समाजसेवी गगन कांबोज के भाजपा की सदस्यता लेने पर लगातार अड़ंगे लग रहे हैं। कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी के स्वागत का फोटो वायरल होने के बाद अब एक बार फिर युवा नेता के प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

कुछ समय पहले युवा नेता व बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके गगन कांबोज ने भाजपा की सदस्यता लेने की मंशा जताई थी। उसके बाद सोशल मीडिया में उनके द्वारा कांग्रेस के एक नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करने का फोटो वायरल हुआ। अब प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि भाजपा जिलाध्यक्ष ने पत्र भेजकर गगन कांबोज से उनकी मंशा पूछी है।

> कुछ समय पहले गगन कांबोज ने भाजपा की सदस्यता लेने की मंशा जाहिर की थी। जिससे प्रदेश अध्यक्ष को अवगत करा दिया गया था। मीडिया व कार्यकर्ताओं के जरिये फेसबुक अकाउंट पर कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत का विषय आया है। इसलिये पत्र भेजकर मंशा स्पष्ट करने को कहा गया है। -**मनोज पाल**, भाजपा जिलाध्यक्ष, काशीपुर।

अमृत विचार



## ब्रीफ न्यूज

### जिला अस्पताल को मिला विशेषज्ञ चिकित्सक

**बागेश्वर :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने जिला अस्पताल बागेश्वर में विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती की है। यह नियुक्ति विधायक पार्वती दास के अनुरोध पर की गई है। विधायक पार्वती दास ने बताया कि शासन ने डॉ. गौरव सिंह कैड़ा को जिला चिकित्सालय बागेश्वर में नियुक्त किया है। डॉ. कैड़ा इससे पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालाखेत में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति को राज्यपाल की स्वीकृति भी मिल चुकी है। विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती से जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर बेहतर और विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श मिल सकेगा। इससे मरीजों को बाहर रेफर होने की संख्या में कमी आएगी और उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार होने की उम्मीद है।

### बागेश्वर में धधक रहे कई जंगल, वन संपदा खाक

**बागेश्वर :** वन विभाग की लापरवाही के चलते जंगल आग की चपेट में हैं। गत तीन दिनों से गर्मी बढ़ते ही जंगलों में आग लगने की घटना सामने आ रही हैं। बुधवार की शाम जोशीगांव व पंत क्वेराली के समीप के जंगल आग से धधक रहे हैं। परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। जिससे जंगली जानवरों के आबादी के बीच आने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही लाखों रुपये की वन संपदा जलकर राख हो रही है। इधर प्रभागीय वनाधिकारी कुमार आदित्य ने बताया कि आग पर काबू पाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# सालभर की मेहनत का फल पाकर खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं

## सीबीएसई हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित होते ही छात्र-छात्राओं की बढ़ी उत्सुकता, उम्मीद के मुताबिक नंबर पाकर ली राहत की सांस

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सीबीएसई हाईस्कूल का बुधवार को परीक्षाफल घोषित हो गया। इस बार हाईस्कूल में अल्मोड़ा के बच्चों ने जिले में अपना परचम लहराया है। रिजल्ट से विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। जिले के सभी पब्लिक स्कूलों का रिजल्ट शानदार रहा। होनहारों ने इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक हासिल किए हैं।

अचानक हाईस्कूल परीक्षाफल घोषित होने की सूचना मिलते ही सभी परीक्षार्थी अपने-अपने रिजल्ट जानने के लिए बेचैन हो गए। वहीं, अभिभावकों की भी धड़कने तेज हो गई। हर कोई अपने-अपने पाल्यों का परीक्षा परिणाम जानने को उत्सुक रहा। इस दौरान कई छात्रों ने स्कूल में तो कई ने मोबाइल में ही परीक्षाफल देखा। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ तो छात्र-छात्राएं अपनी सालभर की मेहनत का फल पाकर खुशी से झूम उठे। परीक्षाफल अच्छा रहने से शिक्षकों के साथ ही स्कूल प्रबंधनों ने भी खुशी व्यक्त की। शिक्षकों ने जहां छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए छात्रों को बधाई दी वहीं अभिभावकों को भी बच्चों की सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।



अल्मोड़ा के स्प्रीग डेल्स स्कूल में परीक्षाफल घोषित होने के बाद जश्न मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

### केंद्रीय विद्यालय

केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्राचार्य ने बताया कि दसवीं 43 बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। सभी उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में देवेश पालीवाल 96.5 फीसदी, सोमन सिंह 95.67 फीसद और जनीन बिष्ट 94.16 फीसदी के साथ विद्यालय में क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।



देवेश पालीवाल।



सोमन सिंह।

### बीयरशिवा स्कूल

बीयरशिवा स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में इस बार शिवेश साह ने 95 फीसदी अंक हासिल किए, दिव्याशु ने 94 फीसद अंकों के साथ दूसर और निकिता कनवाल ने 94 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका विल्सन ने बताया कि हाइस्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



शिवेश साह।



दिव्याशु।

### होली एंजिल

नगर स्थित होली एंजिल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत फीसद रहा। हाईस्कूल में रूद्राक्ष कनवाल ने 94.8 फीसदी अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनिमेष फर्त्याल, प्रखर जोशी ने 94.6 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि दिव्यांशी शर्मा ने 92.4 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



रूद्राक्ष कनवाल।



अनिमेष फर्त्याल।

### ग्रीन फील्ड

ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल की वरूनिका गुरुरानी 97.2 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया। रिधिमा वर्मा 96.8 फीसद अंकों के साथ दूसरे गीतिका पांडे 95.8 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य सुरिना चौधरी, प्रबंधक हर्षवर्धन चौधरी ने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणामों शानदार अंकों पर बधाई दी।



वरूनिका गुरुरानी।



रिधिमा वर्मा।

### स्प्रिंग डेल्स

नगर के स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल का हाईस्कूल का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में निहारिका 96 फीसदी, देवांग 93 फीसदी और गायत्री 91 फीसदी ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योत्सना सोहन लाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



निहारिका।



देवांग।

### न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल



लक्ष्य नयाल।



मयंक बिष्ट।

लोअर मालरोड स्थित न्यू मार्डन पब्लिक स्कूल का का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। हाईस्कूल में लक्ष्य नयाल ने सर्वाधिक 91 फीसद अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया। वहीं, मयंक बिष्ट ने 90 फीसदी अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि शिवांश नगरकोटी 88 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डॉ. संजय जोशी ने सभी अव्वल छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### पार्वती कॉन्वेंट





पार्वती कॉन्वेंट धौलछीना का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सौरभ नेगी सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, हितेश महरा ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और 93 प्रतिशत अंकों के साथ कोमल महरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# कार खाई में गिरने से चालक की मौत, दो अन्य हुए घायल

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** धारचूला में कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है।धारचूला से सिनियाखोला जा रही कार संख्या यूके 05-9992 दोपहर करीब एक बजे अनियंत्रित होकर 30 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन स्वामी और चालक कमल राम जौहरी (64) पुत्र हरी राम निवासी नौगांव की मौके पर ही मौत हो गई।

सीनियाखोला निवासी नर सिंह (50) और निवासी नौगांव निवासी विजेंद्र थापा (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मृतक पूर्व सैनिक हैं। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ कर गए हैं। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। बता दें कि सिनियाखोला सड़क अभी निर्माणाधीन है। इसमें पिछले लंबे समय से कार्य चल रहा है। हादसे से गांव में शोक की लहर है।

# महिला उत्पीड़न मामलों में तुरंत कार्रवाई के निर्देश

- विकास भवन सभागार में विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में कानून-व्यवस्था, राजस्व वसूली तथा विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, नियमित पुलिस, राजस्व पुलिस, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। विभागीय प्रगति, लंबित मामलों तथा राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए विशेष रूप से महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां कड़ी निगरानी रखने और अपराध होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज़ किए गए वाहनों के समयबद्ध निस्तारण तथा प्रवर्तन कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए, वहीं राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर भी बल दिया गया। मुख्यमंत्री कोष से आर्थिक सहायता के मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, नगर आयुक्त सीमा विश्वकर्मा, संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात, एसडीएम संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# पत्नी की हत्या के मामले में पति को आजीवन कारावास

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** तीन वर्ष पूर्व सितारगंज में हुई महिला हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजू सिंह मुंडे की अदालत ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार मनोज दत्त निवासी न्यूरिया थाना क्षेत्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसने वर्ष 2015 में अपनी साली अंजू का विवाह कमल बनिक निवासी गोबिंदपुर पंडा गांव से कराया था। शादी के बाद आरोपी द्वारा पत्नी के साथ मारपीट और विवाद किया जाता था।

29 मई 2023 को अंजू ने फोन कर अपनी जान को खतरा बताया था। अगले दिन सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां अंजू मृत अवस्था में मिली और उसके गले पर निशान पाए गए। पुलिस ने आरोपी कमल बनिक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर 29 अगस्त 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ ओझा ने 9 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# ढौरा के जंगल में आग लगने से हड़कंप

- लमगड़ा के ढौरा में मंगलवार रात लगी भीषण आग
- फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही वनाग्नि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लग गई है। बीते मंगलवार रात ढौरा गांव के जंगल में आग धधक उठी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया।

अल्मोड़ा के जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत ढौरा के जंगलों में मंगलवार रात अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। आग को बढ़ता देख ग्रामीणों में भी हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर सर्विस को दी। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एक होज रील फैलाकर आग पर काबू पाना शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

टीम में किशन सिंह, हरि सिंह, दीपक मार्छाल, प्रियांशु कुमार आदि मौजूद रहे।



ढौरा के जंगल में धधकी आग को बुझाने की कोशिश करते फायर कर्मी। ● अमृत विचार

# स्व-गणना कर जनगणना को सफल बनाएं: डीएम

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई तक उत्तराखंड में डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा।

इस संबंध में मनीष कुमार ने जनपद के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। प्रगणकों द्वारा डेटा संकलन के लिए विशेष "एचएलओ एप्लीकेशन" का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य की गति और सटीकता में वृद्धि होगी। आम नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है, जो 24 अप्रैल तक खुला रहेगा। इस अवधि में नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेकर अधिक से अधिक लोगों को इस डिजिटल पहल से जोड़ें। स्व-गणना की 15 दिवसीय अवधि के बाद अगले 30 दिनों तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़ों का संकलन करेंगे। कहा कि जनगणना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# आर्थिक आधार पर लागू हो आरक्षण

- क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था की बैठक में समस्याओं पर चर्चा
- नगर क्षेत्र में बिजली के झूलते तारों को ठीक करने की भी उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था की बुधवार को बैठक हुई। बैठक में नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही कई प्रस्ताव पारित कर शासन से जल्द समाधान की मांग उठाई।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में बिजली के झूलते तारों को ठीक करने, नगर निगम क्षेत्र में बनाये गये नालियों का समुचित पानी की निकासी करने, ग्रामीण क्षेत्र में गैस वितरण की व्यवस्था पुराने तौर पर किये जाने, क्वारब से पेटशाल मोटर मार्ग को तुरंत बनाने, नगर निगम की ओर से नगर के क्षेत्र की सभी आधारभूत सुविधाओं को दुरस्त करने, सदस्यों ने लावारिस जानवर और कुत्तों से निजात दिलाने, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने समेत आदि की मांग उठाई। यहां बैठक में अध्यक्ष जमन सिंह देवडी, महासचिव लक्ष्मण सिंह बोरा, हयात सिंह बिष्ट, राम सिंह बिष्ट, आनन्द सिंह सतवाल, डॉ. एसएस पाटनी, जसोद सिंह बिष्ट, रूप सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, चन्द्रशेखर सिराड़ी, लाल सिंह मेहता समेत अन्य मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

## कारोबार

### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा रोजगार, काश्तकारों को मिलेगा बाजार

# कौसानी चाय की पैकेजिंग का डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** आकांक्षा कोंडे की पहल रंग लाई है। अब कौसानी की चाय की स्थानीय स्तर पर पैकेजिंग व्यवस्था शुरू हो गई है, जिससे उत्पाद को आकर्षक रूप में बाजार में पहचान मिल सकेगी। जिलाधिकारी ने चाय पैकेजिंग कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

इस पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कौसानी चाय की पैकेजिंग का कार्य करेंगी, जिससे स्थानीय उत्पाद को बेहतर बाजार और उचित मूल्य मिल सकेगा। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि कौसानी चाय में अपार संभावनाएं हैं और इसकी प्रभावी ब्रांडिंग व पैकेजिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से मजबूत विपणन रणनीति तैयार कर इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। आरसी तिवारी ने बताया कि कौसानी चाय के प्रचार-प्रसार के लिए प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक पर्यटकों तक यह उत्पाद पहुंच सके।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि यह पहल रीप एवं मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत स्थानीय उत्पादों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं की आजीविका मजबूत होगी और उत्पाद को उचित पहचान मिलेगी।

शिल्पी पंत ने बताया कि क्लस्टर स्तरीय संकल्प के माध्यम से मार्केटिंग के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बैठक में मोहम्मद आरिफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।



चाय पैकेजिंग का शुभारंभ करतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

# यूनो एप के नाम पर 7.70 लाख रुपये ठगे

**पिथौरागढ़:** यूनो एप के नाम पर बंगाल के युवक ने जिले के एक व्यक्ति से 7.70 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपी तक पहुंच उसे नोटिस तामील कराया है।

पुलिस के मुताबिक, नाचनी के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। उसने बताया कि वर्ष 2025 में यूनो एप को फिर से सक्रिय करने के नाम पर अज्ञात ने उससे संपर्क किया। वह उसके झांसे में आ गया और निजी जानकारी साझा कर दी। नतीजतन उसके बैंक खाते से एक झटके में 7.70 लाख रुपये की निकासी कर दी गई। ठगी का अहसास होने पर उसने पुलिस को तहरीर दी। सीओ केएस रावत ने बताया कि विवेचना के दौरान इस ठगी में शामिल 24 परगना, पश्चिम बंगाल निवासी तरुण नस्कर का नाम सामने आया।

# जूजित्सु में रानीखेत के दीपांशु रौतेला का जलवा

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** दक्षिण एशियाई जूजित्सु चैंपियनशिप 2026 में रानीखेत के होनहार खिलाड़ी दीपांशु रौतेला ने शानदार प्रदर्शन कर भारत को कांस्य पदक दिलाया। यह प्रतियोगिता 9 से 12 अप्रैल तक डिगाना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में साउथ एशियन जूजित्सु फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित की गई।

सात देशों की इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दक्षिण एशिया में पहला स्थान हासिल किया और चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। भारतीय टीम का हिस्सा रहे दीपांशु रौतेला ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। जानकारी देते हुए सतीश जोशी ने बताया कि दीपांशु पिछले छह वर्षों से जूजित्सु का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष थाईलैंड में आयोजित विश्व जूजित्सु चैंपियनशिप में भी दीपांशु ने शानदार प्रदर्शन किया था।



दीपांशु रौतेला। ● अमृत विचार



नारी को शिक्षित करो, वो पूरे समाज को संवार देगी।

-डॉ. भीमराव अंबेडकर

## बिहार में नई धुरी

बिहार की सत्ता में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनना महज कुर्सी पर चेहरे का नहीं, बल्कि राजनीतिक शैली और सामाजिक समीकरणों में संभावित बदलाव का संकेत है। सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने 'स्थिरता के साथ परिवर्तन' का संदेश दिया है। यानी कुछ राज्यों में प्रयोगधर्मी चौंकाऊ चेहरा देने के बजाय एक परिचित, संगठन-सिद्ध नेता पर भरोसा। मध्य प्रदेश, हरियाणा या राजस्थान की तरह 'सरप्राइज फैक्टर' से परहेज़ के पीछे स्पष्ट कारण हैं। बिहार की राजनीति अत्यंत जटिल जातीय-सामाजिक संतुलनों पर टिकी है, जहां अचानक चेहरा बदलना जोखिम भरा हो सकता था। भाजपा ने यहां क्रमिक उभार और स्वीकार्यता को प्राथमिकता दी। सम्राट पहले से प्रदेश संगठन, सत्ता और प्रशासन- तीनों का अनुभव रखते हैं; इसलिए वे भरोसेमंद विकल्प बने।

सम्राट चौधरी की नियुक्ति के पीछे सियासी गणित साफ है, वे ओबीसी-विशेषकर कुशवाहा, कोइरी समुदाय से आते हैं, वहां उनका प्रभाव बिहार के सामाजिक समीकरणों में निर्णायक भूमिका निभाता है। इससे भाजपा का न केवल पारंपरिक मतदाता आधार मजबूत होता है, बल्कि जदयू और राजद के बीच 'मंडल बनाम कमंडल' की पुरानी बहस में एक नया संतुलन भी सधता है। उनको पहले डिप्टी सीएम और फिर मुख्यमंत्री बनाकर संगठन को संदेश दिया है कि निरंतरता और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष पद शीघ्र हासिल किया जा सकता है। सम्राट चौधरी का रिकॉर्ड बताता है कि वे विभिन्न दलों में रहते हुए भी शासन-तंत्र से परिचित रहे हैं। यही उनकी ताकत और चुनौती दोनों है। ताकत इसलिए कि उन्हें सिस्टम की समझ है; चुनौती इसलिए कि उन्हें 'स्थायी प्रतिबद्धता' और 'नीतिगत स्पष्टता' साबित करनी होगी, जो नीतीश कुमार की पहचान रही है। बेहतर शासन का दावा तभी टिकेगा, जब वे कानून-व्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर ठोस परिणाम दें। सम्राट की राजनीतिक यात्रा विभिन्न दलों में मंत्री रहने से लेकर भाजपा में नौ वर्षों में मुख्यमंत्री बनने तक यह दिखाती है कि वे अवसर और संगठन दोनों को साधने में दक्ष हैं। उनकी पारिवारिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि ने शुरुआती पहचान जरूर दी, परंतु मौजूदा मुकाम तक पहुंचने में संगठनात्मक सक्रियता और आक्रामक राजनीति की भूमिका भी कम नहीं रही, हालांकि नए मुख्यमंत्री के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। बेरोजगारी, प्रवासन, शिक्षा-स्वास्थ्य का ढांचा और कानून-व्यवस्था- ये सभी मुद्दे बिहार के मतदाता की प्राथमिकता में हैं। साथ ही, केंद्र-राज्य तालमेल का लाभ उठाकर निवेश आकर्षित करना भी एक बड़ी परीक्षा होगी।

इस बदलाव के बाद जदयू स्वाभाविक रूप से सीमित होती दिखेगी, जबकि राजद आक्रामक विपक्ष की भूमिका में लौटेगी। सामाजिक न्याय और आर्थिक असमानता के मुद्दों को तेज करेगी। आने वाले समय में त्रिकोणीय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और तीखी हो सकती है। राष्ट्रीय स्तर पर यह फैसला भाजपा के 'क्षेत्रीय अनुकूलन' की रणनीति को रेखांकित करता है, जहां पार्टी स्थानीय नेतृत्व को आगे कर राज्य की जटिलताओं के अनुरूप अपने को ढाल रही है। बिहार में यह परिवर्तन एक नई धुरी का निर्माण है, जहां अनुभव और सामाजिक संतुलन के सहारे भाजपा ने सत्ता का केंद्र अपने हाथ में लिया है।

### प्रसंगवश

## जैव विविधता और पर्यावरण का अनमोल हिस्सा हैं हाथी

पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान, विशालकाय और सामाजिक जीवों में से एक हाथी को 'पारिस्थितिकी तंत्र का इंजीनियर' कहा जाता है। इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और इनके घटते अस्तित्व को बचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को 'हाथी बचाओ दिवस' मनाया जाता है। वर्तमान समय में हाथी गंभीर खतरों का सामना कर रहे हैं, जिनमें अवैध शिकार (विशेषकर हाथीदांत के लिए), वनों की कटाई, प्राकृतिक आवास का विनाश, मानव-हाथी संघर्ष तथा जलवायु परिवर्तन प्रमुख हैं। हाथी जंगलों, घास भूमियों और जल स्रोतों के संतुलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अनिवार्य है।

हाथी पारिस्थितिकी तंत्र को कई तरीकों से समृद्ध करते हैं। मसलन, वे फलों और पौधों को खाकर लंबी दूरी तय करते हैं और अपने मल (लीद) के माध्यम से बीजों का प्रसार करते हैं, जिससे नए पौधों का विकास होता है और वनों का विस्तार बना रहता है। घने जंगलों में चलते समय वे टहनियां और झाड़ियां तोड़ते हैं, जिससे वन का घनत्व कम होता है और सूर्य का प्रकाश जमीन तक पहुंचता है, जिससे छोटे पौधों और घास को बढ़ने का अवसर मिलता है और जैव विविधता बनी रहती है। सूखे के समय हाथी अपनी सूंड और पैरों से जमीन खोदकर पानी निकालते हैं, जिससे बने गड्ढे अन्य जानवरों के लिए भी जल स्रोत बन जाते हैं। हाथियों के चलने से प्राकृतिक मार्ग बनते हैं, जो अन्य जीवों की आवाजाही को सरल बनाते हैं। उनका मल मिट्टी को पोषक तत्व प्रदान कर उसे उर्वर बनाता है।




सुनील महला

लेखक


भारत में हाथी मुख्य रूप से कर्नाटक, असम, केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में पाए जाते हैं। प्रोजेक्ट एलिफेंट (2017) के अनुसार भारत में लगभग 29,000–30,000 जंगली हाथियों का अनुमान था, जबकि 2025 की नवीनतम डीएनए आधारित गणना के अनुसार इनकी संख्या लगभग 22,446 आंकी गई है। डीएनए आधारित गणना का अर्थ है जानवरों की संख्या का अनुमान उनके आनुवंशिक पदार्थ (जेनेटिक मैटेरियल) के आधार पर लगाना। विश्व में हाथियों की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं- अफ्रीकी हाथी, जिनकी संख्या लगभग 4–5 लाख है तथा एशियाई हाथी, जिनकी संख्या लगभग 50,000–60,000 के बीच है। भारत विश्व के कुल एशियाई हाथियों का 60% से अधिक हिस्सा रखता है।

मानव-हाथी संघर्ष गंभीर समस्या बन चुका है। इसका मुख्य कारण वनों का सिकुड़ना, कृषि विस्तार, मानव बस्तियों का बढ़ना और हाथियों के प्राकृतिक मार्गों का टूटना है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष औसतन 500 से अधिक लोगों की मृत्यु हाथियों के हमलों में होती है। 2023-24 में यह संख्या बढ़कर 628 तक पहुंच गई, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। पिछले पांच वर्षों में 2,800 से अधिक मानव मौतें दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2009-2024 के बीच लगभग 8,000 मानव मौतें हुई हैं। सबसे अधिक प्रभावित राज्य ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और छत्तीसगढ़ हैं।

हाथियों की मृत्यु भी मानव गतिविधियों के कारण बड़ी संख्या में हो रही है। पिछले 16 वर्षों में 1,653 हाथियों की मौत मानवजनित कारणों से हुई है, जिनमें लगभग 69% मौतें बिजली करंट से और लगभग 16% रेल दुर्घटनाओं से हुई हैं। पिछले पांच वर्षों में 528 हाथियों की मौत दर्ज की गई है, जबकि प्रतिवर्ष औसतन 100 से अधिक हाथी मानव-हाथी संघर्ष में मारे जाते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'जनसांख्यिकीय लाभ' की थ्योरी और बेरोजगारी






कुमार सिद्धार्थ

वरिष्ठ पत्रकार


भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। यह तथ्य अक्सर गर्व के साथ दोहराया जाता है कि देश की बड़ी आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है और यही भारत के विकास की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन जब यही युवा, खासकर शिक्षित युवा, रोजगार के लिए भटकते नजर आते हैं, तब यह 'जनसांख्यिकीय लाभ' एक कठिन प्रश्न बनकर सामने खड़ा हो जाता है। हाल ही में जारी 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' रिपोर्ट ने इस जटिल वास्तविकता को ठोस तथ्यों के साथ सामने रखा है और देश के युवाओं की शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रिपोर्ट केवल तथ्यों का संकलन नहीं, बल्कि उस संकट का दस्तावेजीकरण है, जिसमें आज का शिक्षित युवा जूझ रहा है। उसके पास उपाधियां हैं, आकांक्षाएं हैं, सपने हैं, लेकिन अवसर सीमित हैं।

पिछले चार दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का दायरा तेजी से बढ़ा है। विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन दर अब 28 फीसदी तक पहुंच चुकी है और इसमें लड़कियों की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है, हालांकि पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह वर्ष 2017 के 38 फीसदी से घटकर वर्ष 2024 के अंत तक 34 फीसदी रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि युवा वयस्क अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं।

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक युवाओं में उच्च शिक्षा का प्रतिशत बढ़ तो रहा है, लेकिन रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं।

यह बदलाव सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह संकेत देता है कि शिक्षा अब समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंच रही है, लेकिन इस प्रगति के साथ एक गहरी विडंबना भी जुड़ी है- शिक्षा बढ़ तो रही है, लेकिन रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि 20 से 29 वर्ष के 6.3 करोड़ स्नातकों में से लगभग 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं। यह युवा रोजगार की वास्तविकता है, जो वर्षों की पढ़ाई के बाद भी रोजगार से वंचित हैं। रिपोर्ट बताती है कि युवाओं को जो नौकरियां मिलती भी हैं, वह अक्सर अस्थायी, कम वेतन वाली या कौशल के अनुरूप नहीं होतीं। स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल सात फीसदी युवाओं को ही स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है।

यह धारणा लंबे समय तक बनी रही कि शिक्षा ही बेरोजगारी से मुक्ति का रास्ता है, लेकिन आज स्थिति उलट दिखती है। रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 25 वर्ष के स्नातकों में बेरोजगारी दर लगभग 40 फीसदी है, जबकि 25 से 29 वर्ष के युवाओं में यह करीब 20 फीसदी है। यह स्थिति एक संकेत है कि शिक्षा और रोजगार के बीच का संबंध कमजोर हो गया है। डिग्री/उपाधि होने के बावजूद नौकरी नहीं मिलना युवाओं में निराशा और असंतोष को जन्म देता है। आज के युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि 'अधूरा रोजगार' भी है। बड़ी संख्या में युवा ऐसे काम कर रहे हैं, जो उनकी शिक्षा और कौशल के अनुरूप नहीं हैं। कई इंजीनियर डिलीवरी का काम कर रहे हैं, स्नातक डाटा एंट्री या अस्थायी अनुबंधों पर निर्भर हैं। यह केवल व्यक्तिगत हानि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संसाधनों की भी बर्बादी है। जिस शिक्षा पर इतना निवेश किया गया, वह अपेक्षित उत्पादकता में परिवर्तित नहीं हो पा रही है।

रिपोर्ट इस ओर भी इंगित करती है कि केवल शिक्षा का विस्तार पर्याप्त नहीं है, उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सन् 2010 से 2021 के बीच प्रति लाख युवाओं पर कॉलेजों की संख्या 29 से बढ़कर 45 हो गई है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में भी लगभग 300 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है, लेकिन इन संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के पास वह कौशल नहीं है, जिसकी मांग उद्योगों में है। यह स्थिति बताती है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था अभी भी 'डिग्री केंद्रित' है, न कि 'कौशल केंद्रित'। रिपोर्ट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जो वर्ष 2007 के आठ फीसदी से बढ़कर 2017 में 15 फीसदी हो गई है, हालांकि यह एक सकारात्मक परिवर्तन दिखता है, लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी उठता है कि क्या इन युवाओं को शिक्षा के बाद समान अवसर मिल रहे हैं?

महंगे पेशेवर पाठ्यक्रम अब भी संपन्न वर्ग के लिए अधिक सुलभ हैं। परिणामस्वरूप, बेहतर वेतन और स्थायी रोजगार के अवसर भी उसी वर्ग तक सीमित रह जाते हैं। इस प्रकार शिक्षा में समानता बढ़ने के बावजूद रोजगार में असमानता बनी रहती है। भारत की अर्थव्यवस्था में भी बदलाव हो रहा है। युवा कृषि से हटकर सेवा और विनिर्माण क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), मोटर वाहन और व्यावसायिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जबकि पेशेवर क्षेत्र में जाति एवं स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव कम हुआ है, लेकिन इन क्षेत्रों में भी रोजगार सृजन की गति अपेक्षित नहीं है।

एक ओर उच्च कौशल वाली नौकरियां सीमित हैं, दूसरी ओर कम कौशल वाले कार्यों में अस्थिरता और कम वेतन की समस्या है। यह असंतुलन युवाओं के सामने एक कठिन स्थिति पैदा करता है। वे न तो पूरी तरह रोजगार पा रहे हैं, और न ही अपने कौशल का सही उपयोग कर पा रहे हैं। देश के पास सीमित वक्त है, जिसमें वह अपने जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक विकास में बदल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 के बाद कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का अनुपात घटने लगेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



जिस तरह की गुंडागर्दी और अराजकता आज बंगाल में दिख रही है, वैसी ही स्थिति कभी यूपी में हुआ करती थी। 2017 के बाद यूपी में माफियाओं का अंत बुल्डोजर से किया गया। बंगाल में भी गुंडों का इलाज यूपी का बुल्डोजर ही करेगा। बंगाल में उर्दू नहीं, बल्कि बांग्ला भाषा ही बोली जाएगी।

-योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है। योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। बंगाल में बुलडोजर नहीं चलते, बंगाली सलाम करते हैं, प्रणाम कहते हैं, जय हिंद कहते हैं, वंदे मातरम् कहते हैं।

-ममता बनर्जी

मुख्यमंत्री

पश्चिम बंगाल



# नोएडा श्रमिक आंदोलन से उठते सवाल




जयदेव राठी

अधिवक्ता


नोएडा के औद्योगिक क्षेत्र में हाल में सामने आया श्रमिक आंदोलन एक बार फिर यह सोचने पर विवश करता है कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का सही तरीका क्या होना चाहिए। श्रमिकों की समस्याएं नई नहीं हैं। वेतन, कार्य परिस्थितियां, सुरक्षा और सम्मान जैसे मुद्दे वर्षों से उठते रहे हैं, लेकिन जब इन मांगों की अभिव्यक्ति आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ के रूप में सामने आती है, तो यह न केवल आंदोलन की मूल भावना को कमजोर करती है, बल्कि पूरे सामाजिक और आर्थिक तंत्र को भी गहरी चोट पहुंचाती है।

शुरुआत में यह आंदोलन श्रमिकों के असंतोष की सामान्य अभिव्यक्ति था। महंगाई के बढ़ते दबाव, सीमित वेतन और कार्यस्थल पर सुविधाओं की कमी ने उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ी, स्थिति नियंत्रण से बाहर होती चली गई। कुछ स्थानों पर वाहनों को आग के हवाले किया गया, पथराव हुआ और पुलिस के साथ झड़पें भी देखने को मिलीं। यह वह मोड़ था, जहां एक जायज मांगों वाला आंदोलन अपनी नैतिक वैधता खोने लगता है और अराजकता का रूप ले लेता है।

नोएडा का श्रमिक आंदोलन एक बार फिर यह सोचने पर विवश करता है कि लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का सही तरीका क्या होना चाहिए।

यह समझना जरूरी है कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र में स्थिरता सबसे बड़ी पूंजी होती है। नोएडा जैसे औद्योगिक हब में सैकड़ों कंपनियां और हजारों श्रमिक अपनी आजीविका के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं। जब इस तरह का आंदोलन हिंसक हो जाता है, तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ता है। कई फैक्ट्रियां अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ीं, जिससे उत्पादन ठप हो गया। इसका आर्थिक असर केवल कंपनियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि श्रमिकों की आय पर भी पड़ता है। दैनिक वेतन पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए एक दिन की मजदूरी भी बहुत मायने रखती है। ऐसे माहौल का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निवेशकों का भरोसा डगमगाने लगता है। कोई भी निवेशक उस क्षेत्र में निवेश करने से हिचकेगा, जहां बार-बार अस्थिरता और हिंसा की खबरें सामने आती हों। इसका दीर्घकालिक प्रभाव यह हो सकता है कि नए उद्योग स्थापित न हों और मौजूदा उद्योग भी दूसरे स्थानों की ओर रुख कर लें। परिणामस्वरूप, रोजगार के अवसर घट सकते हैं, जो अंततः श्रमिक वर्ग के लिए ही नुकसानदेह साबित होगा।

क्षेत्रीय स्तर पर भी इस आंदोलन ने आम जनजीवन को प्रभावित किया। सड़कों पर जाम लगने से लोग घंटों फंसे रहे। स्कूल जाने वाले बच्चे, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और रोजमर्रा के कामकाज के लिए निकलने वाले लोग- सभी इस अव्यवस्था का शिकार बने। छोटे दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि ग्राहक बाजार तक पहुंच ही नहीं पाए। इस प्रकार, एक वर्ग की समस्या ने पूरे समाज को प्रभावित किया।

अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आखिर ऐसे आंदोलन होते क्यों हैं और इनके लिए जिम्मेदार कौन है? इसका उत्तर सीधा नहीं है। एक ओर श्रमिकों की वास्तविक समस्याएं हैं। कम वेतन, असुरक्षित कार्य परिस्थितियां और असंतोषजनक श्रम नीतियां। यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता, तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर, प्रशासन और उद्योग प्रबंधन की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। यदि संवाद की प्रक्रिया कमजोर हो या शिकायतों को गंभीरता से न लिया जाए, तो स्थिति विस्फोटक बन सकती है।

यह भी उतना ही सच है कि हर आंदोलन में कुछ अराजक तत्व सक्रिय हो जाते हैं, जो स्थिति को बिगाड़ने का काम करते हैं। ये तत्व आंदोलन की आड़ में हिंसा फैलाते हैं और पूरे आंदोलन को बदनाम कर देते हैं। कई बार सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहें भी आग में घी का काम करती हैं। बिना सत्यापन के फैलने वाली खबरें लोगों को भड़काती हैं और स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर देती हैं।

यहां यह सवाल भी उठता है कि क्या आंदोलन का स्वरूप बदल रहा है? पहले जहां आंदोलनों में अहिंसा और संयम को प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब कई बार तुरंत परिणाम पाने की जल्दबाजी में हिंसा का सहारा लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरनाक है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से आंदोलन की जो परंपरा स्थापित की थी, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

आंदोलन का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि विनाश। जब किसी आंदोलन में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो अंततः उसका बोझ आम जनता पर ही पड़ता है। सरकार को नुकसान की भरपाई करनी पड़ती है, जो करदाताओं के पैसे से होती है। यानी अप्रत्यक्ष रूप से आम नागरिक ही इसकी कीमत चुकाता है।

भविष्य के दृष्टिकोण से भी ऐसे आंदोलन नुकसानदेह साबित होते हैं। यदि उद्योगों का माहौल अस्थिर रहेगा, तो रोजगार के अवसर कम होंगे। नई पीढ़ी के लिए सुरक्षित और स्थायी रोजगार की संभावनाएं घटेंगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## ये जो है जिंदगी

आख़िर वह कौन सी अवस्था है, जिसे कोई मनुष्य जीवन में यदि हासिल कर ले, तो उसे इस बात की गारंटी दी जा सकती है कि उसका जीवन खुशहाली और सुकून से ही गुज़रेगा। इसके लिए मैंने किताबों, इतिहास की थोड़ी-बहुत अधकचरी जानकारियों, इंटरनेट, तकनीकी और अपनी अबतक की कच्ची उम्र की कच्ची समझ का उपयोग किया। मैंने इंटरनेट पर लगभग सभी पेशों, क्षेत्रों और व्यवसाय (जैसेः- डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, साइंटिस्ट्स, प्रोफ़ेसर्स, जजेज, अधिवक्ताओं, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, व्यवसायी, पूंजीपतियों, राजनेताओं, एमपी, एमएलए, मिनिस्टर्स, कृषक, शिक्षक, दुकानदार, रेहड़ी वाले, मोची, ऐक्टर्स, ऐक्ट्रेसेस, खिलाड़ियों...) मुझे सभी क्षेत्रों और सभी पेशों से जुड़े अनगिनत उदाहरण मिले, जो सुसाइड कर चुके थे।




अजय एसएन सिंह

ब्लॉगर


सभी स्तर के और सभी पेशों के लोगों के जीवन में अवसाद, घरेलू कलह, तनाव इत्यादि की ख़बरें इंटरनेट मीडिया पर भरी पड़ी हैं। सभी स्तर के और सभी पेशों के लोग जेल भी जा चुके हैं।यानी, कोई भी पद-प्रतिष्ठा अथवा भौतिक उपलब्धि जीवन में सुकून अथवा खुशहाली की गारंटी नहीं दे सकता! मैंने इतिहास के पन्नों को मन में पलटा। पाया कि इतिहास में तो बड़े-बड़े राजकुमारों, राजकुमारियों और शासकों द्वारा हत्या, आत्महत्या, सार्वजनिक नरसंहार की घटनाएं इतिहास में चीख रही हैं।

आधुनिक इतिहास की बात करें तो पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान व बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों की हत्याओं व कारावास की घटनाएं तो आम हैं। भारत की दो-दो महान हस्तियों (प्रधानमंत्रियों), जिनकी दूरदर्शिता और हिम्मत को दुनिया सलाम करती थी, की हत्या कर दी गई। जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने तो अंततः स्वयं ही दयनीय दशा में आत्महत्या कर लिया था। वो हिटलर, जिससे दुनिया परेशान थी।

अब्राहम लिंकन और महात्मा गांधी जैसी हस्तियों की तो उनके ही देश के लोगों ने हत्या कर दी। मर्लिन मुनरो जैसी विश्व सुंदरी, जिसकी शोहरत ऐसी कि कहा जाता था, उसके थूके च्यूइंगम और फेंकें गए अंडरगारमेंट्स तक नीलाम होते थे, जिसके प्रेम में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति कैनेडी पागल थे, उसने तक दौलत-शोहरत की बुलंदी पर पहुंचकर भरी जवानी में आत्महत्या कर ली। अर्थात सत्ता के शिखर भी सुकून अथवा खुशहाली की गारंटी नहीं दे सकते! तो, मेरा मानना है कि जीवन खुली आंखों से देखा जाने वाला एक स्वप्न मात्र है।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## मासूमों को बचाने के लिए सख्त हो सजा

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएं समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना, इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है।




कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार


बाल तस्करी केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध घोर अन्याय है। इसमें मासूम बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाकर उन्हें शिक्षा, रोजगार या बेहतर जीवन के नाम पर धोखे से फंसाया जाता है और फिर उन्हें शोषण, बंधुआ मजदूरी, यौन उत्पीड़न या अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है। यह समस्या विशेष रूप से गरीब और पिछड़े क्षेत्रों में अधिक देखने को मिलती है, जहां आर्थिक तंगी और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर तस्कर आसानी से अपने जाल में बच्चों को फंसा लेते हैं।

पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति बेहद चिंताजनक दिखाई देती है। वर्ष 2021 में देशभर में बाल तस्करी के लगभग 2200 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर करीब 2500 के आसपास पहुंच गई। वर्ष 2023 में भी यह आंकड़ा लगभग 2400 मामलों के आसपास रहा, जबकि वर्ष 2024 में इसमें फिर वृद्धि दर्ज की गई और लगभग 2600 मामले सामने आए। वर्ष 2025 में यह संख्या 2800 के करीब पहुंच गई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि तमाम प्रयासों के बावजूद बाल तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है।

इन वर्षों में कई बड़े मामले भी सामने आए हैं, जिन्होंने पूरे देश को झकझोर दिया। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में बच्चों को पड़ोसी देशों में तस्करी कर ले जाने के कई मामले सामने आए। बिहार और झारखंड से बच्चों को दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों में घरेलू काम या फैक्टरियों में काम दिलाने के नाम पर ले जाकर शोषण किया गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में बच्चों को भीख मंगवाने और अवैध कार्यों में लगाने के मामले उजागर हुए। तमिलनाडु और कर्नाटक में ईंट भट्टों और उद्योगों में बाल मजदूरी के लिए बच्चों को दूर-दराज के राज्यों से लाए जाने की घटनाएं सामने आईं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी कई बार ऐसे गिरोह पकड़े गए, जो बच्चों को अपहरण कर उन्हें अवैध गतिविधियों में धकेलते थे।

इन सभी घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि बाल तस्करी का नेटवर्क बहुत व्यापक और संगठित है। यह केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैला हुआ है। इसमें कई स्तरों पर लोग शामिल होते हैं, जो बच्चों को ढूंढने, उन्हें बहलाने, परिवहन करने और फिर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बेचने का काम करते हैं। इस पूरे नेटवर्क को तोड़ना तभी संभव है, जब कानून अत्यंत कठोर हो और उसका सख्ती से पालन किया जाए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना स्कूल शब्द

'स्कूल' शब्द की उत्पत्ति और इसके पीछे की कहानी काफी रोचक है। 'स्कूल' शब्द अंग्रेज़ी के School से आया है, जिसका मूल स्रोत ग्रीक भाषा का शब्द Schole है। प्राचीन ग्रीक में Schole का अर्थ होता था 'फुर्सत का समय' या 'खाली समय'। उस दौर में लोग अपने खाली समय का उपयोग ज्ञान प्राप्त करने, विचार-विमर्श करने और नई चीजें सीखने में करते थे। धीरे-धीरे यह शब्द सिर्फ खाली समय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उस स्थान के लिए इस्तेमाल होने लगा, जहां लोग बैठकर पढ़ते-लिखते और ज्ञान अर्जित करते थे। ग्रीक से यह शब्द लैटिन भाषा में Schola बना और फिर यूरोपीय भाषाओं के माध्यम से अंग्रेज़ी में School हो गया। भारत में अंग्रेजों के आगमन के बाद यह शब्द 'स्कूल' के रूप में प्रचलित हुआ।




प्राचीन समय में शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी, जहां छात्र अपने गुरु के साथ रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे, लेकिन आधुनिक शिक्षा प्रणाली में 'स्कूल' एक संगठित संस्था के रूप में विकसित हुआ, जहां निश्चित पाठ्यक्रम, समय-सारणी और कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई होती है।

इस प्रकार 'स्कूल' शब्द केवल एक भवन का नाम नहीं है, बल्कि यह उस विचार का प्रतीक है, जहां इंसान अपने समय का सदुपयोग करके ज्ञान और संस्कार प्राप्त करता है। इसकी जड़ें हमें यह सिखाती हैं कि सीखना सिर्फ मजबूरी नहीं, बल्कि एक आनंददायक प्रक्रिया होनी चाहिए।

## पैकिंग में खराब नहीं होंगे खाद्य पदार्थ ना ही केमिकल से होगा नुकसान

खाद्य पदार्थ एल्यूमिनियम फॉयल, बटर पेपर, प्लास्टिक कंटेनर में पैक कराकर घर ले जाकर खाने से बीमार होने का डर अब नहीं सताएगा। उसमें डाले जाने वाले केमिकल से बच सकेंगे। पर्यावरण को भी किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचेगा। केमिकल से बने इन पैकिंग मटेरियल की जगह बाजार में जल्द ही पर्यावरण अनुकूल फिल्म में खाना रखकर दिया जा सकेगा। इसके लिए राजकीय महिला महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर और दो शोधार्थियों के साथ मिलकर पर्यावरण-अनुकूल बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म विकसित की है, जिसमें पैकेजिंग में खाद्य पदार्थ खराब नहीं होंगे। अब तक की पैकेजिंग में लगने वाले केमिकल से कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने शोध का पेटेंट भी करा लिया है।

*-ऋषिदेव गंगवार, बदायूं*







बाहर से खाना पैक कराने पर पैकिंग शीट के कैमिकल की वजह से शरीर को बहुत हानि होती है। तरह-तरह की बीमारियां पनपती हैं, जिसको ध्यान में रखकर राजकीय महिला महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान के एसोसिएट प्रो. डॉ. प्रमेंद्र कुमार, शोधार्थी डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. मोहत्तिब के साथ मिलकर समस्या पर मंथन किया। शोध करने के बाद सभी ने मिलकर पर्यावरण अनुकूल बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म तैयार की। जिन्हें साइट्रिक एसिड से क्रॉस लिंक कर अधिक मजबूत, जल प्रतिरोधी और ऊष्मीय रूप से स्थिर बनाया गया है, जिसका उच्च पारदर्शिता, लचीलापन, जीवाणुरोधी गुण और 35 दिनों के भीतर मिट्टी में अपघटन जैसी विशेषताएं मिलीं। खुद पूरी तरह से परीक्षण करने के बाद अब तैयारी थी पेटेंट की। शोध के अनुसार यह फिल्म फल सब्जियों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में भी सहायक हैं। कम्पोजिट फिल्म्स विद सिट्रिक एसिड क्रॉस-लिंकिंग फॉर पैकेजिंग रहा।



"यह तकनीक न केवल पर्यावरण को बचाएगी, बल्कि भारतीय खाद्य उद्योग को सस्ती और सुरक्षित पैकेजिंग प्रदान करेगी। यह उपलब्धि हर किसी के लिए गौरव का विषय है। जल्द ही पैकेजिंग में नई क्रांति आने वाली है। शोध के बाद इसे पेटेंट मिल गया है। यह पैकेजिंग जल्द ही बाजार में नजर आएगी।
- डॉ. बृजेश कुमार

### इस प्रकार विकसित की गई पैकेजिंग फिल्म

डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि विकसित की गई कंपोजिट फिल्म पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है, जिसके निर्माण में सोडियम एल्जीनेट और डी एसिटाइलेडेट का उपयुक्त अनुपात में मिलान किया गया है। साइट्रिक एसिड के माध्यम से क्रॉस लिंकिंग करके त्रिआयामी एस्टर बांडेंड नेटवर्क की संरचना निर्मित की गई, जिससे फिल्म की यांत्रिक सुदृढ़ता, जल प्रतिरोधक क्षमता और तापीय स्थिरता में वृद्धि मिली। इसके अलावा ग्लिसरॉल को प्लास्टिसाइजर के रूप में सम्मिलित कर फिल्म की लचीलापन और भंगुरता नियंत्रण सुनिश्चित किया गया, जिसके प्रयोग के बाद शोधकर्ताओं को पता चला कि विकसित फिल्म उच्च पारदर्शिता, न्यून धुंधलापन और पर्याप्त यांत्रिक गुण प्रदर्शित करती है। मृदा दफन परीक्षणों में लगभग 35 दिनों के भीतर पर्याप्त जैव अवक्रमण (biodegradation) मिला, इसके अलावा यह फिल्म Staphylococcus aureus, Escherichia coli और Pseudomonas aeruginosa जैसे खाद्य जनित रोगाणुओं के विरुद्ध प्रतिजैविक (antibacterial) सक्रियता प्रदर्शित करती है। सामाजिक और औद्योगिक परिप्रेक्ष्य में यह तकनीक खाद्य संपर्क अनुप्रयोगों के लिए सुरक्षित, गैर विषैली और पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करती है। फल और अन्य शीघ्र नष्ट होने वाले खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग में इसके उपयोग से शेल्फ लाइफ में वृद्धि के साथ दृश्य गुणवत्ता संरक्षण संभव है।



### दीर्घकाल तक अपघटित नहीं होते सिंथेटिक पॉलिमर

यह शोध बीमारी के अलावा पर्यावरण को भी संतुलित करेगा। डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक आधारित पैकेजिंग सामग्री से बीमारी पैदा हो रही थीं और पर्यावरण को लेकर भी परेशानी थी, जिसके चलते शोध की प्रक्रिया के बाद इस फिल्म को विकसित किया गया। कहा कि पारंपरिक सिंथेटिक पॉलिमर दीर्घकाल तक अपघटित नहीं होते, जिसकी वजह से मृदा और जल प्रदूषण में लगातार वृद्धि होती रहती है। प्राकृतिक, जैव अनुकूल और सतत विकल्पों का विकास बहुत जरूरी हो गया था, जिसकी वजह से इसकी संरचना के बारे में विचार आया।



## नोटिस बोर्ड

### एलयू के सम सेमेस्टर फार्म की आवेदन तिथि बढ़ी



- लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने सम सेमेस्टर (जून 2026) की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 16 अप्रैल कर दिया है, जिससे स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), डिप्लोमा और अन्य कार्यक्रमों के छात्रों को राहत मिली है। यह विस्तार नियमित, पिछले वर्षों की परीक्षाओं, सुधार परीक्षाओं और छूट प्राप्त (माफी योग्य) परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों पर लागू होता है। हालांकि, द्वितीय सेमेस्टर के छात्र इस अधिसूचना के अंतर्गत नहीं आते हैं।

### कानपुर में फैशन डिजाइनिंग कोर्स शुरू

- कानपुर के छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय ने इस सत्र से फैशन डिजाइनिंग का तीन वर्षीय डिग्री कोर्स शुरू किया है, जिससे छात्रों को अब दिल्ली और मुंबई जाने की जरूरत नहीं होगी। यह कोर्स इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है, जिसमें थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और फैशन शो शामिल हैं। छात्र टेक्सटाइल, डिजाइनिंग, मार्केटिंग जैसे विषय सीखेंगे। इसके अलावा अन्य स्किल बेस्ड कोर्स भी उपलब्ध हैं। इस पहल से रोजगार और स्टार्टअप के अवसर बढ़ेंगे तथा आसपास के जिलों के छात्रों को कम खर्च में बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

## कैंपस का पहला दिन

### दोस्ती और नए सपनों की शुरुआत

कैंपस में पहला दिन मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक रहा। स्कूल से निकलकर कॉलेज में कदम रखना एक नए संसार में प्रवेश करने जैसा था। मन में उत्साह के साथ हल्की-सी झिझक भी थी, लेकिन ज्यादा डर नहीं लगा क्योंकि मेरे दो चचेरे भाई भी उसी कॉलेज में मेरे साथ एडमिशन लिए थे। हम तीनों का साथ होना मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा था।



यश सिन्हा
छात्र

पहले दिन हम तीनों साथ ही कॉलेज पहुंचे। नए कपड़े पहनकर, हाथ में रिस्ट वॉच, आंखों पर धूप का चश्मा और पैरों में महंगे जूते पहनकर हम खुद को किसी हीरो से कम नहीं समझ रहे थे। क्लास में जाकर हमने एक साथ बैठना तय किया। उस दिन पढ़ाई से ज्यादा ध्यान नए माहौल को समझने और नए दोस्तों को देखने में था।

इंटर तक हम ब्वॉयज स्कूल में पढ़े थे, इसलिए कॉलेज में लड़कियों के साथ पढ़ना हमारे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। उनके सामने बात करने में झिझक होती थी और अंदर ही अंदर एक अलग-सा रोमांच भी महसूस होता था। कई बार हम एक-दूसरे को देखकर मुस्कुरा देते और फिर नजरें झुका लेते। यह सब बहुत नया और मजेदार था।



धीरे-धीरे हमारा रूटीन बन गया। हम साथ में क्लास अटेंड करते, साथ में लंच करते और कभी-कभी क्लास बंक भी कर लेते थे। कॉलेज की कैटीन हमारी सबसे पसंदीदा जगह बन गई थी। वहां बैठकर घंटों हंसी-मजाक करना, चाय-समोसे खाना और दोस्तों के साथ समय बिताना हमें बहुत अच्छा लगता था। सुबह कॉलेज जाने की तैयारी भी खास होती थी। हम अच्छे से तैयार होकर जाते ताकि सबके सामने अच्छा प्रभाव पड़े, खासकर लड़कियों के सामने थोड़ा स्टाइल मारने का अलग ही मजा था।

कुल मिलाकर, कॉलेज का पहला दिन सिर्फ एक शुरुआत नहीं था, बल्कि दोस्ती, मस्ती और नए अनुभवों की एक खूबसूरत कहानी की शुरुआत था, जिसे याद करके आज भी चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। धीरे-धीरे हम कॉलेज के माहौल में पूरी तरह घुलने-मिलने लगे। नए दोस्तों का दायरा बढ़ता गया और हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता था। प्रोफेसर्स का पढ़ाने का अंदाज भी स्कूल से काफी अलग था, जो शुरुआत में थोड़ा अजीब लगा, लेकिन बाद में वही सबसे रोचक लगने लगा। खाली पीरियड में कैंपस में घूमना, लाइब्रेरी में समय बिताना और फेस्टिवल्स की तैयारी करना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। हर दिन के साथ हमारा आत्मविश्वास बढ़ता गया और कॉलेज जीवन की यह नई दुनिया हमें और भी आकर्षित करने लगी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में 11 अप्रैल को श्रीहरिकोटा में ISRO ने एक नए उपग्रह के परीक्षण की तैयारी की घोषणा की, जिससे संचार सेवाओं को मजबूती मिलेगी।
- हाल ही में 13 अप्रैल को लखनऊ में राज्य सरकार ने नई रोजगार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर बढ़ाना है।
- हाल ही में 12 अप्रैल को मुंबई में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग सुधारों को लेकर बैठक की, जिसमें डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।
- हाल ही में 10 अप्रैल शुक्रवार को वॉशिंगटन डी.सी. में अमेरिका ने नई आर्थिक नीति पेश की, जिसका उद्देश्य महंगाई नियंत्रण और रोजगार सृजन है।
- हाल ही में 14 अप्रैल को नई दिल्ली में भारत सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सामाजिक न्याय और समानता पर जोर दिया गया।
- हाल ही में 9 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र ने जलवायु परिवर्तन पर नई रिपोर्ट जारी की, जिसमें वैश्विक तापमान वृद्धि को लेकर चिंता जताई गई।
- हाल ही में 8 अप्रैल को टोक्यो में भारत और जापान के बीच व्यापार वार्ता हुई, जिसमें निवेश और टेक्नोलॉजी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।
- हाल ही में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया।
- हाल ही में 6 अप्रैल को अहमदाबाद में भारतीय रेलवे ने नई वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू की, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी।

## जॉब अलर्ट

### विकास सौहार्द सहकारी बैंक लि

- पद का नाम -शाखा प्रबंधक/वरिष्ठ अधिकारी, लेखा परीक्षक, विधि अधिकारी, परिवीक्षाधीन अधिकारी, वसूली सहायक/कनिष्ठ सहायक
- पदों की संख्या-46
- योग्यता-एसएसएलसी, स्नातक, या कानून/वाणिज्य/लेखा में स्नातक
- आयु सीमा- अधिकतम आयु : 30-35 वर्ष (दिनांक 01.04.2026 तक)
- अंतिम तिथि- 24-04-2026

### सरकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान (जीआईएमएस)

- पद का नाम -गैर शिक्षण (प्रयोगशाला तकनीशियन / ओटी तकनीशियन)
- पदों की संख्या-50
- वेतन-2800-29200
- योग्यता-इंटरमीडिएट (विज्ञान) + संबंधित विषय में डिप्लोमा
- आयु सीमा-21-40 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक) लागू छूटों के साथ
- आवेदन करने की अंतिम तिथि-09-05-2026
- वेबसाइट-https://www.gims.ac.in

### टेरिटोरियल आर्मी कमीशन परीक्षा



- पद का नाम-टेरिटोरियल आर्मी ऑफिसर (लेफ्टिनेंट के रैंक पर कमीशन प्राप्त)
- कुल पद-12 (पुरुष - 11/महिला - 01)
- राष्ट्रीयता-केवल भारतीय नागरिक (पुरुष और महिला)
- आयु सीमा-19 मई 2026 तक 18 से 42 वर्ष
- योग्यता-किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन - www.indianarmy.nic.in
- आवेदन शुल्क-Rs.500/- (केवल ऑनलाइन भुगतान)
- परीक्षा का प्रकार-कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)
- परीक्षा की तिथि-12 जुलाई 2026

## प्रोफेसर से पीएसयू तक : यूजीसी नेट के बाद खुलते हैं ये रास्ते

उच्च शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए यूजीसी नेट एक महत्वपूर्ण परीक्षा मानी जाती है। यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा न केवल शिक्षण क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता खोलती है, बल्कि रिसर्च, पब्लिक सेक्टर और विभिन्न सरकारी संस्थानों में अवसर भी प्रदान करती है। हालांकि इसे पास करने के बाद सीधे नौकरी नहीं मिलती, लेकिन यह कई प्रतिष्ठित पदों के लिए पात्रता सुनिश्चित करती है। सही जानकारी और योजना के साथ यूजीसी नेट क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवार अपने करियर को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकते हैं।



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ

- **असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर-** यूजीसी नेट क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के योग्य हो जाते हैं। यह एक प्रतिष्ठित और स्थिर सरकारी शिक्षण पद है, जिसमें शिक्षण के साथ-साथ रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन आवश्यक होता है। सैलरी की बात करें तो 7 वें वेतन आयोग के अनुसार शुरुआती वेतन लगभग 57,000 रुपये प्रतिमाह होता है, जो अनुभव और प्रमोशन के साथ 1,82,400 रुपये तक पहुंच सकता है। इसके अलावा महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए) और यात्रा भत्ता (टीए) जैसे कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। समय के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर और फिर प्रोफेसर बनने का अवसर भी मिलता है।
- **पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में करियर-** यूजीसी नेट पास करने के बाद उम्मीदवारों के लिए पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (PSU) में भी करियर के कई विकल्प खुलते हैं। ये सरकारी कंपनियां होती हैं, जिनमें रिसर्च, ह्यूमन रिसोर्स, मैनेजमेंट और पॉलिसी से जुड़े पदों पर भर्ती की जाती है। ONGC, NTPC, IOCL, BHEL, GAIL और SAIL जैसी कंपनियों में HR Officer, मैनेजमेंट ट्रेनी, रिसर्च ऑफिसर, CSR ऑफिसर और पॉलिसी एनालिस्ट जैसे पदों पर आवेदन किया जा सकता है। इन संस्थानों में शुरुआती वेतन लगभग 40,000 से 70,000 रुपये प्रतिमाह होता है, जो अनुभव के साथ 1 लाख रुपये या उससे अधिक तक पहुंच सकता है।
- **सरकारी रिसर्च संस्थानों में अवसर-** यूजीसी नेट क्वालिफाई करने के बाद उम्मीदवार केवल शिक्षण तक सीमित नहीं रहते, बल्कि विभिन्न सरकारी रिसर्च संस्थानों में भी अपना करियर बना सकते हैं। यहां रिसर्चर, प्रोजेक्ट एसोसिएट और फेलो जैसे पदों पर कार्य करने का अवसर मिलता है। CSIR लैब्स, ICSSR, DRDO, ISRO और BARC जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम करने का मौका मिलता है, जहां उम्मीदवार नई खोज और शोध कार्य में योगदान दे सकते हैं। यह क्षेत्र उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो रिसर्च में गहरी रुचि रखते हैं।



### जूनियर रिसर्च फेलोशिप

JRFअर्थात जूनियर रिसर्च फेलोशिप, यूजीसी नेट के माध्यम से मिलने वाली एक महत्वपूर्ण फेलोशिप है, जो शोध करने के इच्छुक छात्रों के लिए बेहद उपयोगी है। इस फेलोशिप के तहत पीएचडी कर रहे छात्रों को मासिक स्टाइपेंड प्रदान किया जाता है, जिससे वे बिना आर्थिक दबाव के अपनी रिसर्च जारी रख सकें। JRF प्राप्त करने के बाद उम्मीदवारों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर, रिसर्च एसोसिएट, पॉलिसी रिसर्च और विभिन्न थिंक टैंक्स में काम करने के अवसर बढ़ जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,111.24 | 24,231.30 |
| बढ़त | 1,263.67 | 388.65 |
| प्रतिशत में | 1.64 | 1.63 |

सोना 1,58,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,57,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1970, फ़ॉर्चून कि. 2695, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2375, जय जवान 2110, सचिन 2300, सूरज 2110, अवसर 2070, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2470, मोर 2315, चक्र टिन 2520, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2505

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल– (प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 10000, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9500, गौरी प्रीमियम 11300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 10400, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4350

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, रोज़ा 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 154000, सोना गिन्नी 150000, चांदी ( पक्की) 2500 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल : शरबती**– 3600 मसूरी– 1400 बासमती– 7000–8400 परमल– 1200–3600

**दाल दलहन**–काला चना– 2200–3200 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5600 राजमा– 7800–12500 दाल उड़द– 5000 साबुत मसूर दाल– 2400 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5200–10300 अरहर दाल– 10000 –12400 लोबिया/करमानी– 1400–3900

# अमेरिका-ईरान वार्ता बहाली की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 78 हजार के पार

## 1,264 अंक उछलकर 78,111.24 पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 338 अंक चढ़कर 24,231 पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक वार्ता की उम्मीदों के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,264 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 389 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय यह 1,422.85 अंक चढ़कर 78,270.42 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63% बढ़कर 24,231.30 अंक पर बंद हुआ।



● ब्रेंट क्रूड ऑयल गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल पर आया

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पश्चिम एशिया तनाव कम होने के संकेतों के बीच गिरकर 95.74 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। तेल कीमतों में गिरावट से भारत जैसे आयात पर निर्भर देश को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ाई, जिससे बाजार में खरीदारी लौटी। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने की उम्मीद और उसकी वजह से कच्चे तेल में आई नरमी ने मुद्रास्फीति चिंताओं को कम किया है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 2.55 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,585 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 802 शेयरों में गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,983.18 करोड़. रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,432.30 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

### संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बुधवार को शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.41 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 अंक उछला। इससे बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 9,41,461.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,58,55,016.77 करोड़ रुपये (4,910 अरब डॉलर) हो गया।

### बढ़त में रहीं कंपनियां

सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टेक महिंद्रा, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं।

### इनमें रही गिरावट

भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# अक्षय तृतीया से पहले चांदी में 11,800 रुपये का उछाल सोने की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अक्षय तृतीया त्योहार से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,800 रुपये बढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना 3,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अक्षय तृतीया को कीमती धातुओं की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। इस साल अक्षय तृतीया 19 अप्रैल है।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के बंद स्तर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,800 रुपये या 4.81 प्रतिशत बढ़कर 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,000 रुपये या करीब दो प्रतिशत बढ़कर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। पिछले बाजार सत्र में सोना 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार मंगलवार को छुट्टी की वजह से बंद था। कारोबारियों ने इस तेज बढ़त की वजह त्योहार से पहले की खरीदारी को बताया, जो मजबूत खुदरा मांग की उम्मीदों के बीच हुई।

श्रृंगार हाउस ऑफ़ मंगलसूत्र लिमिटेड के सीएमडी चेतन थडेश्वर ने कहा कि अक्षय तृतीया आभूषण उद्योग के लिए सबसे खास समय में से एक है, जो परंपरा और सोने से जुड़े मूल्य की वजह से चलता है। हालांकि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ग्राहकों का इरादा मज़बूत बना हुआ है।

# फिर शुरू होगी व्यापार वार्ता, अगले सप्ताह अमेरिका जाएगा भारतीय दल

**नई दिल्ली ,एजेंसी**

अमेरिका के साथ फरवरी में हुए अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के लिए मुख्य व्यापार वार्ताकार के नेतृत्व में भारतीय अधिकारियों का दल इस महीने की 20 तारीख से अमेरिका की यात्रा पर जा रहा है। यह जानकारी वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को दी।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार वार्ताकार आमने सामने बैठ कर अंतरिम समझौते से जुड़े मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां कहा कि दोनों देशों के आधिकारिक दल तीन माह से अधिक के अंतराल के बाद आमने-सामने बैठने जा रहे हैं। भारतीय दल फरवरी के दूसरे पखवाड़े में वाशिंगटन जाने की तैयारी में था पर इसी दौरान 20 फरवरी को राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा आपातकालीन अधिकारों के तहत भारत सहित अमेरिका के तमाम व्यापारिक देशों के माल पर लाये गये शुल्कों को अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए खारिज कर दिया गया। बदली परिस्थितियों में भारतीय दल की प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी गयी थी। इस बीच दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते और नये बने हालात के बारे में वीडिया कांफ्रेंसिंग जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिये बातचीत होती रही है। श्री अग्रवाल ने अपने कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि हम अमेरिका के साथ समझौते को कानूनी तौर पर अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं।




# रिपोर्ट : विश्व के अग्रणी एआई उपयोगकर्ताओं में भारत शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ओपनएआई ने बुधवार को भारत के लिए अपनी ताजा क्षमता अंतराल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे अग्रणी कृत्रिम मेधा (एआई) बाजारों में से एक है।

इसके मुताबिक, खासतौर से कोडिंग, डेटा विश्लेषण और जटिल तर्क के मामले में भारत काफी आगे है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यहां एआई की स्वीकार्यता की दर बड़े शहरों में अधिक है।

ओपनएआई के अनुसार, प्रति व्यक्ति सोचने की क्षमता के उपयोग के मामले में भारत विश्व स्तर पर शीर्ष पांच देशों में शामिल है। यहां के उपयोगकर्ता नियमित रूप से जटिल समस्याओं को हल करने के लिए एआई के साथ संवाद कर रहे हैं। फरवरी, 2026 में ओपनएआई के 'कोडेक्स ऐप' (एआई कोडिंग टूल) की पेशकश के महज दो सप्ताह के भीतर भारत में इसके उपयोगकर्ताओं में चार गुना वृद्धि देखी गई। कोडिंग और डेटा विश्लेषण के उपयोग में भी भारत की रैंकिंग काफी मजबूत है। यह क्षमता समान रूप से वितरित नहीं है। भारत में एआई का उपयोग कुछ शहरों तक ही सीमित है।

**जानकारी**

# डिजिटल फ्रॉड पर लगेगी रोक




**कारोबार डेस्क**

आज के युग में लोग कैश यानी नकदी से लेनदेन कम, ऑनलाइन पेमेंट ज्यादा करते हैं। हर तकनीकि की तरह इसके कई लाभ हैं तो नुकसान भी हैं। हम आए दिन डिजिटल फ्रॉड के खबरों से रू-ब-रू होते हैं। यदि आप भी यूपीआई या आईएमपीए से पैसों का लेनदेन करते हैं तो यह आर्टिकल आपके काम है।

रिजर्व बैंक के नये प्रस्ताव के अनुसार ...अब 10,000 से ज्यादा के UPI और डिजिटल ट्रांजैक्शन तुरंत नहीं होंगे। फ्रॉड रोकने के लिए एक घंटे का 'कूलिंग पीरिएड' और 'किल स्विच' सिस्टम विकसित किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी इसमें कुछ नियम शामिल किए गए हैं। फिलहाल रिजर्व बैंक ने इस प्रस्ताव पर नागरिकों से सुझाव भी मांगे हैं। आइए समझते हैं कि क्या हैं डिजिटल लेनदेन के नए नियम और कैसे आपका पैसा अब पहले से अधिक सुरक्षित रह सकेगा–

### ये बदलाव क्यों?

- 10,000 से अधिक राशि के ट्रांजेक्शन पर 1 घंटे का कूलिंग पीरियड प्रस्तावित
- देरी के दौरान ट्रांजेक्शन कैंसिल करने का विकल्प
- 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों एवं दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा
- 50,000 रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन पर Nominated "Trusted Person" approval जरूरी

### आसानी से समझें

- **क्या है नया Cooling पीरियड नियम? क्या अब पैसा तुरंत नहीं जाएगा?**
  - –10,000 से ज्यादा पर
  - –एक घंटे तक होल्ड रहेगा
- **इस एक घंटे में क्या होगा?**
  इस एक घंटे में आपके पास अवसर होगा अपना ट्रांजेक्शन चेक करने का और गलती या फ्रॉड होने पर उसे कैंसिल करने का
- **क्या यह सभी पेमेंट पर लागू होगा?**
  UPI और IMPS जैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन पर
- **वरिष्ठों, खासकर 70+ उम्र वालों के लिए क्या है?**
  –50,000 रुपये से अधिक की राशि के ट्रांजेक्शन पर विश्वसनीय नामित व्यक्ति की मंजूरी जरूरी
  **अर्थात :** बिना अनुमति नहीं जाएगा पैसा
- **Kill Switch क्या है और ये कैसे काम करेगा?**
  –एक क्लिक में– UPI, इंटरनेट बैंकिंग और सभी डिजिटल पेमेंट बंद, फ्रॉड होने पर तुरंत बचाव संभव और क्रेडिट लिमिट पर भी रहेगी नजर।

### क्या बदलेगा

- तुरंत ट्रांजेक्शन की आदत बदलेगी।
- डिजिटल फ्रॉड के मामलों में आएगी कमी।
- ज्यादा सतर्क होंगे उपयोगकर्ता।
- **अगर आप रोज यूपीआई यूजर हैं :** बड़े ट्रांजैक्शन में इंतजार करना पड़ेगा
- **सीनियर सिटीजन हैं** तो मिलेगा अतिरिक्त सुरक्षा का लाभ

### अब क्या करें

- ट्रांजेक्शन से पहले कम से कम दो बार चेक करें पूरी डिटेल
- Trusted person सेट करें
- फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत एक्शन लें और 'किल स्विच' का उपयोग करते हुए तत्काल अपने ट्रांजेक्शन यानी लेनदेन को निरस्त करें।

### काम की बात

- पिवट हालांकि 10 हजार रुपये से अधिक के ट्रांजेक्शन में फ्रॉड के 45 फीसदी मामले होते हैं लेकिन 98 .5 प्रतिशल पैसा इसी में लुटता है।

इसलिए अब पैसे भेजने से पहले सोचने का वक्त मिलेगा और भारतीय रिजर्व बैंक का यह नया प्लान फ्रॉड पर बड़ा ब्रेक लगा सकता है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# विकसित तमिलनाडु के लिए वोट दें, द्रमुक की हार तय है: मोदी

## प्रधानमंत्री के रोड शो में गूंजे मोदी-मोदी और भारत माता के जयकारे

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में बुधवार को एक रोडशो किया और कहा कि अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन निश्चित रूप से जीतेगा जबकि सत्तारूढ़ द्रमुक की हार तय है। आप विकसित तमिलनाडु के लिए वोट दें।



नागरकोइल में राजग प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और उनके पूर्ववर्ती के. अन्नामलाई के साथ कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में मोदी एक सजे-धजे वाहन के ऊपर खड़े होकर, सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन कर रहे थे। कस्बे में वेप्पामूडु जंक्शन से वडासेरी तक लगभग 1.5 किलोमीटर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री पर लोगों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। रोडशो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाये। प्रधानमंत्री ने भीम राव आंबेडकर और द्रविड़ विचारधारा के दिग्गज दिवंगत सी.एन. अन्नादुरई और एम.जी. रामचंद्रन (एम.जी.आर.) की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। एम.जी. रामचंद्रन अन्नाद्रमुक के संस्थापक थे। बाद में, अपने साथ आए नेताओं और क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के साथ बातचीत में, उन्होंने 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों में राजग की जीत का पूरा भरोसा जताया।

# केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की: ममता बनर्जी

● केंद्रीय मंत्रियों पर लगाया चुनाव वाले राज्य में पैसा लाने और पद के दुरुपयोग का आरोप

**इस्लामपुर (प.बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। मुख्यमंत्री से पहले, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने उसके नेताओं के वाहनों की गहन तलाशी लेने का आदेश दिया है। बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्रियों पर चुनाव वाले राज्य में पैसा लानेऔर अपने पदों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि जब मैं आज कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थी तो केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। अगर आपमें हिम्मत है, तो आप हर दिन मेरी कार की जांच करें। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि केवल उसके नेताओं, विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी के वाहन को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आधार पर, पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा सघन तलाशी के लिए चुना गया है।



चुनाव प्रचार के दौरान रोड शो करतीं ममता बनर्जी।

सत्तारूढ़ पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि इस तरह की गहन जांच के लिए केवल उनकी पार्टी के नेताओं को ही क्यों चुना जा रहा है जबकि अन्य को छोड़ा जा रहा है? तृणमूल के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। बनर्जी ने केंद्र सरकार के संसाधनों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज्य चुनावों में जीत हासिल करने के लिए पूरी सरकार को यहां ले आयी है।

# जनता से लूटी पाई-पाई तृणमूल से वसूल करेगी भाजपा: शाह

● जलपाईगुड़ी में रैली में गरजे अमित शाह- ममता बनर्जी का सत्ता से जाना तय

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना निश्चित है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा।

शाह ने कहा कि मोदी ने गुजरात पर 12 साल शासन किया और केंद्र में भी पिछले 12 साल से नेतृत्व कर रहे हैं, फिर भी उनके खिलाफ एक पैसे तक का किसी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाएं और तृणमूल नेताओं द्वारा लोगों से लूटे गए एक-एक पैसे को ब्याज समेत वसूला जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से 100 करोड़ रुपये चुराए। शाह ने कहा-उत्तर बंगाल तीन 'टी' के लिए जाना जाता है-टी (चाय), टिंबर (लकड़ी) और टूरिज्म (पर्यटन)। लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें एक चौथा 'टी' जोड़ दिया है-भाजपा कार्यकर्ताओं के टीअर्स (आंसू), जिन्होंने तृणमूल के गुंडों के हाथों असहनीय पीड़ा झेली है।



जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।



जनसम्पर्क करते तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन।

# स्टालिन ने किया केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन ने परिसीमन पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पार्टी सांसदों और पार्टी जिला सचिवों की एक आपात बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा कि हमारे सिर पर लटकी तलवार अब हम पर आ गिरी है। कहा- द्रमुक सभी राज्यों के सांसदों से संपर्क साध रही है और इस गंभीर खतरे का मुकाबला करने के लिए समन्वित रणनीति तैयार कर रही है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को संसद में लाया जाने वाला परिसीमन संशोधन तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों के खिलाफ एक घोर ऐतिहासिक अन्याय है।



चुनाव प्रचार के दौरान टीवीके प्रमुख विजय।

# विजय ने चुनाव लड़कर दो सीटों को हाई-प्रोफाइल बनाया

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अभिनेता- राजनेता विजय द्वारा चेन्नई के पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व दो सीट से चुनाव लड़ने के विकल्प को चुनने के बाद ये दोनों सीट 'हाई-प्रोफाइल' निर्वाचन क्षेत्र बन गईं हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय, एक ही साथ दो सीट से चुनाव लड़ने वाले पहले नेता नहीं हैं। जे. जयललिता ने 1991 में बरगुर और कांगेयम सीट से चुनाव लड़ा और दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। उन्होंने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की भारी जीत के बाद बरगुर सीट को बरकरार रखने का फैसला किया और कांगेयम सीट छोड़ दी थी, जिसके बाद वह पहली बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं। पुथिया तमिलगम पार्टी के संस्थापक के. कृष्णासामी ने 2016 के चुनावों में दो आरक्षित सीट ओट्टापिडारम और वालपराई से चुनाव लड़ा तथा वह दोनों में हार गए थे। विजय द्वारा चुने गए दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में काफी संख्या में श्रमिक वर्ग निवास करते हैं और ईसाइयों का एक बड़ा हिस्सा भी मौजूद है।

नववर्ष का उत्साह



कंबोडिया के नोम पेन्ह शहर में शाही महल के सामने एक मुख्य सड़क पर खमेर नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संक्रांता परेड में प्रदर्शन करने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते कंबोडियाई नर्तक।

# ईरान की परमाणु गतिविधियों की जांच के हों विस्तृत उपाय

- आईएईए प्रमुख बोले-समझौते में इन उपायों को शामिल किया जाए

**सियोल, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते में ईरान की परमाणु गतिविधियों के सत्यापन हेतु बहुत विस्तृत उपायों को शामिल किया जाना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए एक संपूर्ण सत्यापन व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना युद्ध का एक प्रमुख लक्ष्य है। ईरान ने पहले कहा था कि वह ऐसे हथियार विकसित नहीं कर रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी रोक को मानने से उसने इनकार किया है। पिछले सप्ताहांत पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच हुई वार्ता का पहला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच सका। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य अड़चन थीं। हालांकि, ईरान के एक राजनयिक ने बंद कमरे में हुई वार्ता की संवेदनशीलता के कारण नाम गुप्त रखने की शर्त पर बातचीत में इस बात से इनकार किया कि वार्ता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के कारण विफल हुई। ग्रॉसी ने सियोल में कहा, ईरान का परमाणु कार्यक्रम बहुत महत्वाकांक्षी और व्यापक है, इसलिए इसमें आईएईए निरीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अन्यथा, कोई समझौता नहीं होगा। समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा। कहा कि परमाणु प्रौद्योगिकी पर किसी भी समझौते के लिए विस्तृत सत्यापन तंत्र की आवश्यकता होती है। सदस्य देशों को दी गई आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट में कहा गया है ईरान ने अपनी उस परमाणु इकाई तक आईएईए को पहुंच की अनुमति नहीं दी जिसे निशाना बनाकर जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी की गई थी। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती कि ईरान ने संवर्धन से संबंधित सभी गतिविधियों को निलंबित कर दिया है या नहीं, या प्रभावित परमाणु इकाई में ईरान के यूरेनियम भंडार का आकार क्या है।



### ईरान लंबे समय से अपने परमाणु कार्यक्रम को बताता रहा है शांतिपूर्ण

ईरान लंबे समय से अपने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बताता रहा है, लेकिन आईएईए और पश्चिमी देशों का कहना है कि तेहरान का 2003 तक एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था। आईएईए का दावा है कि ईरान के पास 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है, जिसे 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित किया गया है, जो 90 प्रतिशत शुद्धता के हथियार-स्तरीय स्तर से बस एक तकनीकी कदम दूर है। ग्रॉसी ने पहले कहा था कि यदि ईरान अपने कार्यक्रम को हथियार बनाने की ओर मोड़ने का निर्णय लेता है, तो इस भंडार से वह 10 परमाणु बम बना सकता है। आईएईए के दिशानिर्देशों के अनुसार, इस तरह के अत्यधिक संवर्धित परमाणु पदार्थ का सामान्यत: हर महीने सत्यापन किया जाना चाहिए। बुधवार के संवाददाता सम्मेलन के दौरान, ग्रॉसी ने यह भी कहा कि उनकी एजेंसी ने उत्तर कोरिया में परमाणु इकाइयों पर गतिविधियों में तेज वृद्धि की पुष्टि की है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा चीन

**काहिरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि चीन, ईरान को हथियार नहीं देने पर सहमत हो गया है। उनका दावा ऐसे समय आया है जब खबरें है कि चीन हथियारों की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि चीन मेरे द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को स्थायी रूप से खोलने से बहुत खुश है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन ने ईरान को हथियार न भेजने पर सहमति जताई है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन दोनों बातों को आपस में जोड़ना चाह रहे थे। राष्ट्रपति ने मंगलवार को एक साक्षात्कारकर्ता को बताया था कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान को हथियार भेजने से इनकार किया है।

### छात्र ने स्कूल में की गोलीबारी, 9 की मौत

**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में बुधवार को एक छात्र ने गोलीबारी की, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। कहरामनमारास प्रांत के गवर्नर मुकेरम उनलुएर ने कहा कि हमलावार छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। हमलावर स्वयं भी मारा गया। हमलावार छात्र के पिता पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक शिक्षक भी शामिल है। हमले के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल सका है।

### रूस-चीन के संबंध मौजूदा दौर में बहुमूल्य

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को कहा कि बदलावों और उथल-पुथल के दौर से गुजर रहे अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में चीन-रूस संबंधों में मौजूद स्थिरता और निश्चितता खास तौर पर बहुमूल्य है। बीजिंग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात के दौरान जिनपिंग ने कहा कि इस तरह की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच मैत्री संधि की मजबूत जीवंतता और अनुकरणीय महत्व और भी अधिक स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया है।

### अधिकारियों की संपत्ति की जांच को आयोग

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने बुधवार को राजनेताओं और वरिष्ठ नौकरशाहों समेत लोक पदाधिकारियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया। सरकारी प्रवक्ता और शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सस्मित पोखरेल ने बताया कि यह निर्णय प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। पांच सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेंद्र कुमार भंडारी करेंगे। समिति में पूर्व न्यायाधीश चंडी राज ढकाल और पुरुषोत्तम पराजुली, नेपाल पुलिस के पूर्व डीआईजी गणेश केसी और चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकाश लमसाल भी सदस्य हैं।

# अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीदें बढ़ीं

## ट्रंप ने कहा-पश्चिम एशिया में शांति के लिए एक-दो दिन में हो सकती है वार्ता

**काहिरा, एजेंसी**

संघर्षरत अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बातचीत शुरू होने की उम्मीदें उस समय बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आने वाले एक दो दिन में पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों की उसकी नाकाबंदी पूरी तरह से प्रभावी है।

ईरान ने भी इलाके में मौजूद लक्ष्यों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि वार्ता का दूसरा दौर अगले दो दिनों में शुरू हो सकता है। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि कूटनीतिक रास्तों से बातचीत बहाल करने के लिए काम हो रहा है और यह बातचीत इस्लामाबाद में हो सकती है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और ईरान और दो सप्ताह युद्धविराम बढ़ाने को लेकर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए है, जो 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है, ताकि कूटनीति समाधान के लिए और समय मिल सके। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि मध्यस्थ तीन मुख्य विवादित बिंदुओं - ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान को युद्ध के दौरान हुए नुकसान के मुआवजे - पर समझौता करने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ हुई अपनी बैठक का हवाला देते हुए कहा कि वार्ता फिर से शुरू होने की प्रबल संभावना है।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के कार्यालय ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे, क्योंकि उनका देश नई वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत है, और इसके बाद वह शुक्रवार को तुर्किये में शुरू हो रहे अनातलिया शांति मंच में शिरकत करेंगे। युद्ध समाप्त होने की उम्मीदों की वजह से तेल की कीमतों में गिरावट आई है।



### पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ईरान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने के इस्लामाबाद के प्रयासों का हिस्सा है। सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुनीर उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसमें गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी प्रतिनिधिमंडल के साथ जारी मध्यस्थता प्रयासों के तहत तेहरान पहुंचे हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को सऊदी अरब, कतर और तुर्कीये की आधिकारिक यात्राओं पर रवाना हुए।

### इजराइल-लेबनान के राजदूतों में भी वार्ता

इस बीच, वाशिंगटन में दशकों बाद इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता मंगलवार को सकारात्मक रही। इजराइली राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि दोनों देश चरमपंथी हिजबुल्ला से लेबनान को मुक्त कराने के मामले में एकमत हैं। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने बैठक को रचनात्मक बताया, इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों के बीच जारी संघर्ष समाप्त करने की अपील की। मार्च से चल रहे इस युद्ध के कारण लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। इजराइल और लेबनान 1948 में इजराइल की स्थापना के बाद से ही युद्ध की स्थिति में हैं।

## श्रीलंका ने 230 ईरानी नौसैनिकों को स्वदेश भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका में अमेरिकी पनडुब्बी हमले और इंजन फेल होने की घटनाओं के बाद संकट में फंसे ईरानी नौसेना के दो जहाजों के 230 से अधिक नाविकों को स्वदेश भेज दिया गया है। रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुल 238 नाविकों को मंगलवार देर रात तुर्किये की एक एयरलाइन के विमान से वापस भेजा गया। चार मार्च को ईरान का नौसैनिक जहाज 'आईरिस डेना' श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के बाहर अमेरिकी हमले का शिकार हुआ था, जिसमें 84 नाविकों की मौत हो गई थी।

इस घटना में 32 अन्य लोगों को श्रीलंका ने बचाया था। इसके तीन दिन बाद ईरान के दूसरे जहाज 'आईरिस बुशहर' को इंजन खराब होने की सूचना के बाद श्रीलंका के जल क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इस जहाज पर सवार 200 से अधिक लोगों को कोलंबो के पास स्थित नौसेना के वेलिसारा केंद्र में ठहराया गया।

# अमेरिकी रक्षामंत्री हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

- ईरान के मुद्दे पर प्रतिनिधि सभा में पांच सूत्रीय प्रस्ताव पेश

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ पांच सूत्रीय महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें उन पर सत्ता के दुरुपयोग, युद्ध अपराध और ईरान में सैन्य अभियानों चलाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

प्रतिनिधि यास्मीन अंसारी के नेतृत्व में लाए गए इस प्रस्ताव को आठ अन्य डेमोक्रेटिक सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जिनमें स्टीव कोहेन, जैस्मीन क्रॉकेट, निकेमा विलियम्स, दीना टाइटस, डेविड मिन, श्री थानेदार, ब्रिटनी पेटर्सन और सारा मैकब्राइड शामिल हैं। सात पन्नों के इस प्रस्ताव के पहले अनुच्छेद में हेगसेथ पर कांग्रेस की अनिवार्य मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अनधिकृत युद्ध शुरू करने और संवैधानिक प्रक्रियाओं की अनदेखी कर अमेरिकी सैन्य कर्मियों को जोखिम में डालने का आरोप लगाया गया है। दूसरे अनुच्छेद में उन पर सशस्त्र संघर्ष के कानूनों के उल्लंघन का आरोप है, जिसमें कहा गया है कि उनके कार्यकाल में ऐसी सैन्य कार्रवाइयां हुईं जिनसे ईरान में एक बालिकाओं के स्कूल सहित अन्य नागरिक बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा और आम नागरिक हताहत हुए। प्रस्ताव में सिग्नलगेट विवाद का भी उल्लेख किया गया है, जिसके तहत रक्षा मंत्री पर संवेदनशील सैन्य सूचनाओं के प्रबंधन में लापरवाही बरतने का आरोप है।



## नाकाबंदी जारी रही तो फारस की खाड़ी बंद कर देंगे : ईरान

**काहिरा।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के कमांडर ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाता है, तो ईरान फारस की खाड़ी, ओमान सागर और लाल सागर में निर्यात एवं आयात पूरी तरह बंद कर देगा। ईरान की सरकारी मीडिया ने कमांडर अली अब्दुल्लाही के हवाले से कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नाकाबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है। इजराइल और अमेरिका ने जब ईरान पर हमले शुरू किए थे, तब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया था। सोमवार को अमेरिका ने ईरानी बंदरगाह क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने की कोशिश कर रहे जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी और कहा कि वह फारस की खाड़ी में अन्य जहाजों के आवागमन की स्वतंत्रता में बाधा नहीं डालेगा।

# पंजाब में बस पलटने से आठ श्रद्धालुओं की मौत, 19 घायल

- आनंदपुर साहिब से लौट रही थी बस, 40 यात्री थे सवार

**चंडीगढ़, एजेंसी**

आनंदपुर साहिब से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक बस पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में पलट गई, जिससे उसमें सवार आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे बस्सी पठाना के मोरिंडा-चुन्नी रोड क्षेत्र में हिम्मतपुरा के पास हुई। बस में सवार सभी श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब के मेन माजरी के निवासी थे और बैसाखी के अवसर पर रूपनगर जिले के आनंदपुर साहिब से मत्था टेकने के बाद लौट रहे थे। फतेहगढ़ साहिब के एसएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा, बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। फतेहगढ़ साहिब के डीएसपी राज कुमार ने बताया कि पहले इस घटना में एक महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 21 लोग घायल हो गए थे। लेकिन बाद में दो अन्य घायलों ने दम तोड़ दिया। घायलों को फतेहगढ़ साहिब, बस्सी पठाना और रूपनगर जिला स्थित मोरिंडा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे और बचाव कार्यों में मदद की।

घायलों में से एक महिला ने बताया कि बस मेन माजरी गांव पहुंचने ही वाली थी कि अचानक पलट गई। बस्सी पठाना के विधायक रूपिंदर सिंह मंगलवार रात घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक ने कहा कि सभी श्रद्धालु मेन माजरी गांव के थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़ी है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने दुख व्यक्त किया।

## कैलिफोर्निया विस ने बैसाखी पर्व को प्रदान की मान्यता

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने एक्स पर एक पोस्ट किया कि कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है।

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद छह बांग्लादेशी डकैत गिरफ्तार

- देश के कई राज्यों में वारदातों को अंजाम देता था यह गिरोह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने सराय काले खां के पास आधी रात को हुई एक मुठभेड़ के बाद बांग्लादेश स्थित डकैतों के एक गिरोह के छह कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह गिरोह कई राज्यों में डकैती और हत्या की वारदात को अंजाम देने में शामिल था और घटना के बाद पड़ोसी देश भाग जाता था।

पुलिस ने दावा किया कि गिरोह संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए पूरे भारत में स्थानीय संपर्कों और रिश्तेदारों के नेटवर्क का इस्तेमाल करता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बांग्लादेश के बागेरहाट जिले के रहने वाले इन आरोपियों को एक गुप्त सूचना के आधार पर 14 और 15 अप्रैल की दरमियानी रात को अपराध शाखा के रंगदारी एवं अपहरण विरोधी प्रकोष्ठ द्वारा चलाए गए एक अभियान के दौरान पकड़ा गया। गिरोह ने भारत-बांग्लादेश सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और दक्षिण दिल्ली में डकैती डालने की साजिश रच रहा था।

सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पलिस ने सराय काले खां श्मशान घाट के पास सुनसान वन क्षेत्र में जाल बिछाया। संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की गई, तो उन्होंने गोलीबारी कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और उनमें से छह को काबू कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली और गोवा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और ओडिशा सहित अन्य राज्यों में वारदात करो और छिप जाओ रणनीति का उपयोग करते हुए पिछले कई वर्षों से सक्रिय था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत सामान्य रहेगी, लेकिन कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। किसी पुराने कार्य को पूरा करने का अवसर मिलेगा।

**तुला** – आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** – आज का दिन अनुकूल रहेगा और कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे। मित्रों और परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज कार्यों में रुकावट आ सकती है। धैर्य रखने पर स्थिति सुधरेगी। शाम तक लाभ के संकेत मिलेंगे। यात्रा से स्थिति मजबूत बनेगी।

**मिथुन** – आज आपकी बुद्धि और संवाद कौशल से कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क बनेंगे और कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

**धनु** – आज भाग्य आपका साथ देगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल है।

**कर्क** – आज की शुरुआत थोड़ी भावनात्मक हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे संतुलन बना रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में स्थिति सुधरेगी।

**मकर** – आज का दिन संतुलित रहेगा और कार्य समय पर पूरे होंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और वातावरण सकारात्मक रहेगा।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए अवसर प्राप्त होंगे और संपर्कों से लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।


**कुंभ** – आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संपर्क लाभकारी होंगे और सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत व्यस्तता के साथ होगी, कार्य धीरे-धीरे पूरे होंगे। आपकी योजना सफल होगी और कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन** – आज थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होगी। कार्यों में प्रगति मिलेगी और परिवार का सहयोग रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 20.11 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**–दक्षिण, **ऋतु**– वसंत।
**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**–उत्तर भाद्रपद 13.59 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

### सुडोकू -121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

# अंडमान सागर में मलेशिया जा रही नौका डूबी, 250 लापता

**ढाका, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने बताया कि हाल ही में अंडमान सागर में मलेशिया जा रही एक नाव पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं।

हालांकि विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं लेकिन बांग्लादेश तटरक्षक बल के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने बुधवार को बताया कि नौ अप्रैल को नौ लोगों को बचाया गया, जिनमें तीन रोहिंग्या और छह बांग्लादेशी शामिल हैं। सुजान ने बताया कि बांग्लादेश के ध्वजवाहक पोत एम.टी. मेघना प्राइड ने इन नौ लोगों को तब बचाया, जब जहाज के चालक दल ने नाव पलटने के बाद उन्हें समुद्र में तैरते हुए पाया। इस घटना के बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त और अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह नाव टेकनाफ से रवाना हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र

सुधारों पर हुई बैठक में बोले भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी सैनी

# सुरक्षा परिषद में बढ़ें वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्य

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोई भी सुधार, यदि वीटो शक्ति वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी में विस्तार के साथ नहीं किया जाता है, तो संयुक्त राष्ट्र की इस इकाई में असंतुलन, असमानताएं बनी रहेंगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि वीटो के साथ या उसके बिना एक नयी श्रेणी पर विचार करने से व्यापक विचारों वाली पहले से जारी चर्चा जटिल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दो मूलभूत कारण हैं, जिनकी वजह से संरचना असंतुलित बनती है और परिषद की वैधता व प्रतिनिधित्व पर सवाल उठते हैं-ये हैं सदस्यता और वीटो अधिकार। हरीश ने कहा कि 80 साल से अधिक पहले बनी इसकी संरचना आज की बदलती वैश्विक-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। भारतीय राजदूत ने याद किया कि 1960 के दशक में परिषद में किये गए उस एकमात्र सुधार से वीटो का अधिकार रखने वाले देशों की ताकत और बढ़ गई जिसके तहत केवल अस्थायी श्रेणी में विस्तार किया गया था। तुलनात्मक रूप से देखें तो पहले वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों और अस्थायी सदस्यों का अनुपात 5:6 था, जिसे बाद में बदलकर 5:10 कर दिया गया। इससे वीटो का अधिकार रखने वाले देशों को अपेक्षाकृत अधिक फायदा मिला।

### सुरक्षा परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं

भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की यह परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि वह परिषद में स्थायी सीट का हकदार है। उन्होंने कहा, अतीत में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जहां निर्वाचित सदस्यों ने केवल अपने संकीर्ण स्वार्थों को पूरा करने के लिए अपने प्रभावी वीटो का प्रयोग करके बाधाएं उत्पन्न की हैं।



"यह काफी डरावनी स्थिति थी। मेरे चेहरे पर सीधे एक बॉल लगी। बस कुछ इंच इधर-उधर, अगर मैंने अपना सिर नहीं घुमाया होता तो शायद मैं यह इंटरव्यू नहीं दे रहा होता। यहां गाल की हड्डी के नीचे थोड़ी गड़बड़ थी। मैं काफी लकी रहा। शुक्र है सब कुछ ठीक है।
–बेन स्टोक्स, इंग्लैंड के कप्तान


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हल्द्वानी, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

मुंबई इंडियंस
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप






- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–215 रन
- ईशान किशन हैदराबाद–213 रन

### पर्पल कैप





- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- रवि विश्नोई राजस्थान– 9 विकेट

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 146 रनों पर समेटा

## आईपीएल-2026 : रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार ने की मारक गेंदबाजी

बेंगलुरु, एजेंसी

रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की मारक गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स को 146 रन पर समेट दिया।

रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर ऑल आउट हो गई। कृणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मार्श और एडेन मारक्रम (12) ने सतर्क शुरुआत की। मार्श ने भुवनेश्वर की गेंद को स्टेडियम के बाहर भेजा। मार्करम ने भी रसिख का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन फिर इसी तेज गेंदबाज की फुलटॉस को कवर में देवदत्त पडिक्कल के हाथों में खेल गए।

कप्तान ऋषभ पंत अगले ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए जब जोश हेजलवुड (20 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बाएं हाथ की कोहनी में लगी। सुपर जाएंट्स की टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 35 रन ही बना सकी जो मौजूदा सत्र में टीम का शुरुआती छह ओवर में सबसे कम स्कोर है। निकोलस पूरन की खराब फॉर्म भी जारी रही और वह सात गेंद में सिर्फ एक रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद को विकेटों पर खेल गए।

मार्श ने कृणाल पर चौके और छक्के के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बडोनी ने कृणाल की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन मार्श इस स्पिनर की गेंद को विकेटों पर खेल गए। मुकुल चौधरी एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने कृणाल पर चौके से खाता खोलने के बाद इस स्पिनर के अगले ओवर में छक्का भी मारा।

बडोनी ने रसिख पर चौका मारा लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। बडोनी के आउट होने पर पंत दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे लेकिन सिर्फ एक रन बनाने के बाद भुवनेश्वर की गेंद पर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। भुवनेश्वर ने जॉर्ज लिंडे (07) और मोहम्मद शमी (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया जबकि रसिख ने मुकुल और आवेश खान (01) को पवेलियन भेजकर सुपर जाएंट्स की पारी का अंत किया।



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के आयुष बडोनी। एजेंसी

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

146/10 (20 ओवर)

- मिचेल मार्श बो कृणाल 40
- एडेन मार्करम का पडिक्कल बो रसिख 12
- ऋषभ पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर 01
- निकोलस पूरन बो हेजलवुड 01
- आयुष बडोनी का जितेश बो रसिख 38
- अब्दुल समद का पाटीदार बो कृणाल 00
- मुकुल चौधरी बो रसिख 39
- जॉर्ज लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर 07
- मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर 00
- आवेश खान बो रसिख 01
- दिग्वेश राठी नाबाद 00

**अतिरिक्त :** 07, **विकेट पतन :** 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0

### ऋषभ पंत की कोहनी में हेजलवुड की गेंद लगी

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जाएंट्स को बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान बड़ा झटका लगा, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की उछाल लेती गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत की बाईं कोहनी पर चोट लगी। भारत टीम के नेट सत्र के दौरान पेट के बाईं ओर लगी चोट से उबरने के बाद आईपीएल के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे पंत उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें फ्रेक्चर नहीं हुआ हो। पंत को यह चोट पांचवें ओवर में लगी जब हेजलवुड की एक गेंद तेजी से ऊपर उठी और बल्लेबाज ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद को पूरी तरह से चूक गए जो बाईं कोहनी पर जाकर लगी।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | 1.148 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## अश्विन ने ऋतुराज गायकवाड़ को बल्लेबाजी दृष्टिकोण में बदलाव करने को कहा





**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने कहा कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता। टी20 प्रारूप ऐसा है जहां आपको लगातार इरादा दिखाना होता है। गायकवाड़ रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 28 है। उनकी असफलता के कारण युवा आयुष म्हात्रे के संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने की भी चर्चा बढ़ रही है। ऐसे में गायकवाड़ के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है। अश्विन ने गायकवाड़ को अपनी पारी की शुरुआत में हवा में शॉट नहीं खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा रुतुराज कुछ ज्यादा ही आक्रामक शॉट खेल रहे हैं और जल्दी आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी पारी की शुरुआत में थोड़ा सहज होकर खेलें, गेंद को सही समय पर खेलने की कोशिश करें और अधिक से अधिक मैदानी शॉट खेलें तो इससे उन्हें फायदा मिल सकता है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सैमसन के शतक ने सीएसके में नई जान फूंकी है। सैमसन ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद 115 रन बनाकर शानदार वापसी की और फिर केकेआर के खिलाफ 48 रन बनाए। स्टेन ने कहा उनके उस शतक ने ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल दिया। इससे टीम में नहीं ऊर्जा का संचार हुआ है जिससे टीम ने जीत की राह पकड़ ली है। उन्होंने कहा आईपीएल मैच जीतना वाकई मुश्किल है। कभी-कभी जीत काफी करीब होती है फिर भी आप हार जाते हैं। इसलिए एक बार जीत हासिल करने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है।

### हाईलाइट

### दिग्गज शटलर विक्टर एक्सेल्सन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेल्सन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने बैडमिंटन यूरोप' से कहा जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।

### अभिषेक और अक्षर नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और अर्शदीप सिंह पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

# पीएसजी और एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में, बार्सिलोना बाहर

### चैंपियंस लीग

मैड्रिड, एजेंसी

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था।

इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की। बार्सिलोना के शुरुआती हमलों के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने डटकर मुकाबला किया और लगभग एक दशक में पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने इससे पहले 2017 में इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

बार्सिलोना ने पहले 24 मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर कर दिया था। उसकी तरफ से लामिन यामल और फेरान टोरेस ने गोल दागे। एटलेटिको मैड्रिड ने पहले ही हाफ में अडेमोला लुकमैन के गोल से वापसी की। बार्सिलोना को 79वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि डिफेंडर एरिक गार्सिया को लाल कार्ड दिखाया गया था।

उधर लिवरपूल में खेले गए क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में पीएसजी ने ओस्मान डेम्बेले के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से 4-0 की कुल जीत सुनिश्चित की।



गोल बचाने के बाद जश्न मनाती पीएसजी की टीम। एजेंसी

# मुंबई पटरी पर लाना चाहेगा अपना अभियान

- अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा मुकाबला

मुंबई, एजेंसी

पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।

मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वैसे अगर मुंबई को अगर वापसी करनी है तो उसके सभी खिलाड़ियों को अपना योगदान देना होगा। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस का पावरप्ले में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे इस क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उसने चार मैचों में पहले छह ओवरों के महत्वपूर्ण चरण में केवल तीन विकेट लिए हैं। इसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच भी शामिल है जिसमें पावरप्ले 3.2 ओवर का था। जसप्रीत बुमराह रन रोकने में तो सफल रहे हैं, पर अब तक विकेट नहीं ले पाए हैं।



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा (मध्य)। एजेंसी

### रोहित शर्मा का आज खेलना संदिग्ध

**मुंबई :** मुंबई इंडियन्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जबकि बुधवार को इस सीनियर बल्लेबाज ने यहां हल्का अभ्यास किया। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियन्स की पारी के छठे ओवर में रोहित को अपने पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। बुधवार को मुंबई इंडियन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान टीम के एक अधिकारी ने कहा मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सैंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडे, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिशेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन द्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर।


### चमकी किस्मत

अफगानिस्तानी बाएं हाथ के स्पिनर को शुरुआती चार मैचों में मिल सका था सिर्फ एक विकेट

# धोनी से बातचीत के बाद नूर ने किया मैच जिताऊ प्रदर्शन

चेन्नई, एजेंसी

महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली। अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला।



उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे।

सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। आज उसकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहा है। उन्होंने कहा धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि आज उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं। श्रीराम ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और नूर के संयोजन पर भी बात की। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। वे दोनों आपस में बहुत अच्छे से संवाद भी करते हैं। उनके बीच आपस में अच्छी समझ है। आज तो अकील ने ही नूर को सही लेंथ बताई। एक बार नूर को जब सही लेंथ मिल गई, तो उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया।

### क्या ग्रीन को ड्रॉप करना एक ऑप्शन है : फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम। एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे। उनका पेस अटैक कमज़ोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं", भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में – 31 गेंदों में 50 रन – बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिंच ने कहा निश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में।

# कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई कोई भी टीम नहीं

- कोई भी कप्तान रहाणे जैसा बेखबर पहले कभी नहीं दिखा

नई दिल्ली, एजेंसी

अजिंक्य रहाणे के लिए हालात काफी अच्छे नहीं चल रहे और उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे संभवतः कोई खिलाड़ी सुनना नहीं चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं जब टीमों की आईपीएल में शुरुआत बेहद खराब रही है, लेकिन कोई भी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई और कोई भी कप्तान इतना बेखबर पहले कभी नहीं दिखा। इसके अलावा बल्लेबाजी का अंदाज भी आईपीएल की शुरुआत के समय जितना ही पुराना है।

अभिषेक शर्मा और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने टी20 में बल्लेबाजी का अंदाज पूरी तरह से बदल दिया है और अब वैभव सूर्यवंशी ने तो इसे एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंचा दिया है। आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को भी नहीं भूलना चाहिए। सैंतीस साल की उम्र में रहाणे के लिए अब इस बदलते खेल के साथ कदम मिलाना या अपनी बल्लेबाजी के तरीके को बदलना नामुमकिन सा है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी का तरीका पिछले 20 वर्षों में बनी उनकी मसल मेमोरी (शारीरिक आदत) पर आधारित है। अब इस बात पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि रहाणे इस टीम के कप्तान कैसे बने रह सकते हैं जबकि एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी जगह पक्की नहीं है। पांच मैच में रहाणे सिर्फ सात छक्के लगा पाए हैं लेकिन इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सिर्फ आठ चौके जड़े हैं। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी के लिए जो या तो पारी का आगाज करता है या फिर तीसरे नंबर पर आता है उसके लिए इस स्तर पर हर मैच में औसतन तीन बाउंड्री लगाना बहुत बड़ी नाकामी मानी जाएगी। रहाणे का स्ट्राइक रेट भी 150 से कम है।

